वर्ष : 06 अंक : 298

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

रविवार, 05 मई 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

Email : jharkhanddarshan405@gmail.com Website: jharkhanddarshan.net



## एक नजर

### प्रियंका गांधी वाड्रा 13 मई को बाघमारा में करेंगी चुनाव प्रचार



**रांची।** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा 13 मई को झारखंड के धनबाद जिले के बाघमारा पहुंचेंगी। वह इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में माथाबांध में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। उनके साथ कांग्रेस, झामुमो, राजद व अन्य सहयोगी दलों के नेता मंच साझा करेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने दी। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने बताया कि धनबाद से कांग्रेस की अनुपमा सिंह और गिरिडीह से झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो मैदान में हैं। प्रियंका के चुनावी दौरे के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### आबकारी घोटाले के आरोपित वकील विनोद चौहान ईडी हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आरोपित वकील विनोद चौहान को तीन दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने यह आदेश दिया। विनोद चौहान को कल यानी 3 मई को गिरफ्तार किया गया था। पेशी के बाद ईडी ने विनोद चौहान की चार दिनों की हिरासत की मांग की थी। आरोप है कि के कविता के निजी सचिव अशोक कौशिक ने विनोद चौहान को रुपये से भरे बैग दिए थे। विनोद चौहान ने यह धनराशि हवाला के जरिये आम आदमी पार्टी को गोवा चुनाव के लिए भेजी थी। ईडी ने कहा कि विनोद चौहान के पास से 1.06 करोड़ रुपये जब्त किए गए और विनोद चौहान को यह पता था कि यह पैसा दिल्ली शराब घोटाले से आया है।

### सड़क हादसों में तीन की मौत, 28 घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में हिंगोली और बुलढ़ाणा जिले में शनिवार को हुए दो सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 28 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हिंगोली थाने की पुलिस के अनुसार हिंगोली जिले के नरसी मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में अनिरुद्ध तानाजी वानखेड़े और अर्चना सुभाष वानखेड़े की मौके पर मौत हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायलों में तीन की हालत गंभीर है।

## चुनावी रैली : पीएम मोदी ने पलामू व गुमला में जनसभा को किया संबोधित, विपक्ष पर साधा निशाना

# जब तक जिन्दा हूं, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने दूंगा : नरेंद्र मोदी



संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)/सिसई (गुमला)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को पलामू जिले में भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में और गुमला जिले के सिसई में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। साथ ही मोदी ने खूंटी के अर्जुन मुंडा सहित एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में 13 मई को वोट करने की अपील की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि- 'मैं जब तक जिन्दा हूं, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होने दूंगा।' प्रधानमंत्री ने आज कहा- 'जब संविधान बना, उस समय बाबा साहेब अंबेडकर और सबने मिलकर तय किया था कि हमारे देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को संविधान के तहत आरक्षण मिलेगा। लेकिन कांग्रेस आपका हक छीनकर, संविधान को तोड़-मरोड़कर मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है। आपका हक लूटना चाहती है, इसलिए बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। ये मोदी की गारंटी है - जब तक मोदी जिंदा है, मैं दलित, आदिवासी, ओबीसी के आरक्षण में से रत्तीभर भी चोरी नहीं करने दूंगा।' जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे संविधान को आंच नहीं आने देंगे। पिछड़ों और दलितों के आरक्षण को किसी हाल में छिनने नहीं देंगे।



### मोदी के आंसुओं में खुशी ढूंढ रहे हैं शहजादे

मोदी ने कहा कि जिसने अपना पेट बांधकर मां को सोते नहीं देखा, जिसने लोटा भर पानी पीकर मां को भूख मिटाते नहीं देखा, जिसने अपनी बीमारी को छिपाते नहीं देखा, शौचालय के अभाव में पीड़ा और अपमान सहते नहीं देखा वो मोदी के इन आंसुओं का मर्म नहीं समझेगा लेकिन ये कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में खुशी ढूंढ रहे हैं। कहते हैं कि मोदी के आंसू अच्छे लगते हैं। वे तो गर्व से कहते हैं कि उनके घर में कई प्रधानमंत्री थे। वे चांदी के चम्मच से खाते रहे। गरीब की, दलित और आदिवासी झोपड़ी में फोटो खिंचवाते रहे लेकिन गरीब के लिए कुछ नहीं किया।

पीएम मोदी ने कहा कि मेरे जीवन को आप भली-भांति जानते हैं। मैं गरीबी का जीवन जीकर आया हूं। मैंने गरीबी को जीया है। गरीब की जिंदगी कितनी तकलीफ वाली होती है, उससे मैं गुजरते-गुजरते यहां आया हूं। इसलिए 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणाओं ने मेरे अपने जीवन के अनुभव से जन्म लिया है। ये आंसू वही समझ सकता है, जिसने गरीबी देखी हो, जिसने मां को धुंए में खासते देखा नहीं उसे ये आंसू कभी समझ नहीं आ सकते।

### मेरे रहते आदिवासियों के साथ खिलवाड़ नहीं हो सकता

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों के कारण देश में नक्सलवाद और माओवाद की समस्या बनी लेकिन उनकी सरकार ने देश के बड़े हिस्से को इससे मुक्त कराया। आतंकवादियों पर भी वोट बैंक के कारण कार्रवाई नहीं होती थी। यहां संथाल से लेकर दूसरे हिस्सों में घुसपैठियों को बढ़ावा देने का खेल रहा। पीएफआई अपना संगठन चला रहे। आदिवासी बेटियों के साथ अत्याचार किया जा रहा। जमीन के लिए आदिवासी बेटियों के साथ क्या-क्या नहीं किया जा रहा। जब लोग आवाज उठाते हैं तो वोट जिहाद की बात इंडी गठबंधन वाले करने लगे हैं। वो कितना भी जिहाद कर लें, मोदी डरने वाला नहीं। मोदी के रहते कोई आदिवासियों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता।

### भ्रष्टाचार में लिप्त है इंडी अलायंस

पीएम मोदी ने कहा कि राज्य में इंडी अलायंस भ्रष्टाचार में लिप्त है। माताएं और बहनें मेहनत से एक-एक रुपये जमा करती हैं लेकिन यहां कांग्रेस के एक सांसद के ही घर से नोटों के ढेर निकले। ये इतने बड़े थे कि मशीन लाए गये, जो हांफने भी लगे। उन्होंने सवाल किया कि आखिर ये पैसा किसका है? साथ ही कहा कि ये जनता का, उसके पसीने और हक का है। यहां के एक पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं। कोर्ट भी कह रहा है कि चोरी हुई है।

### कांग्रेस को वोट बैंक की चिंता

मोदी ने कहा कि एनडीए गठबंधन भ्रष्टाचार हटाओ की बात करता है जबकि इंडी वाले कहते हैं कि भ्रष्टाचार बचाओ। सभी दिल्ली और दूसरी जगहों पर इकट्ठे होते हैं। चुनाव के समय रैलियां कर रहे कि भ्रष्टाचारी बचाओ। मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि आने वाले पांच सालों में सभी भ्रष्टाचारियों पर कानून का डंडा चलेगा। इंडी गठबंधन वालों को आज भी बर्दाश्त नहीं कि एक गरीब मां का बेटा प्रधानमंत्री कैसे बन गया। वे रोज नया झूठ फैला रहे। अब कह रहे कि मोदी संविधान बदल देगा। वे मुर्खों के सरदार से कहना चाहते हैं कि वे 10 सालों से प्रधानमंत्री हैं लेकिन इतने सालों में उन्होंने ऐसा कोई पाप बाबा साहेब के संविधान के साथ नहीं किया है।

### अब तुष्टिकरण की राह पर कांग्रेस

पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने तो इंडी गठबंधन का नकाब उतार दिया है। अपने शासन काल में कांग्रेस भ्रष्टाचार, परिवारवाद की राह पर रहा। अब तो तुष्टिकरण की राह पर भी है। कांग्रेस जो चश्मा पहनती है, उससे उसे केवल एक ही वोट बैंक दिखता है- मुसलमान। भाजपा सबका साथ, सबका विकास की बात करती है। किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा, इसकी बात करती है। कांग्रेस को यह सब नहीं करना है।

### मंच पर इनकी रही उपस्थिति

पलामू में मंच पर सांसद विष्णु दयाल राम, मेदिनीनगर की प्रथम मेयर अरुणा शंकर, विधायक भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, रामचंद्र चंद्रवंशी पूर्व विधायक सत्येंद्र तिवारी, पलामू भाजपा अध्यक्ष अमित तिवारी मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगवानी भाजपा के वरिष्ठ नेता उदय शुक्ला ने किया। वहीं गुमला में इस दौरान मंच पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सांसद समीर उरांव, सुदर्शन भगत, अर्जुन मुंडा (केंद्रीय मंत्री), पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे।

## आदिवासी-मूलवासी विरोधी मोदी सरकार को वोट मांगने का अधिकार नहीं : चंपाई

संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश की दशा और दिशा सही राह में ले जाने के लिए पांच साल में एक बार मौका मिलता है। इसलिए इस मौके को चूके नहीं। भाजपा जब से सत्ता में आई है सिर्फ झूठ की राजनीति कर रही है। ये वही भाजपा है जिसने सत्ता में आने से पहले बढ़ते हुए गैस की कीमतों के विरुद्ध पूरे देश मे प्रदर्शन किया था। उस वक्त गैस की कीमत 400 के लगभग थी लेकिन आज भाजपा के राज में गैस के साथ पेट्रोल, डीजल की बढ़ती कीमतें आसमान छूने को हैं।

चम्पाई ने कहा कि सत्ता में आने से पहले इन्होंने युवाओं को दो करोड़ नौकरियां देने जैसे कई वादे किए लेकिन ये जुमलेबाज सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां के मूल भावना को नहीं समझ सके। मोदी ने अपने संबोधन में एक बार भी हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की बात नहीं की। सरना धर्म कोड देने की बात नहीं की। स्थानीय नीति की बात नहीं की। मोदी सरकार ने तो वन अधिकार को स्थिर करने का काम किया। मोदी की सरकार ने आदिवासी-मूलवासी के हित में काम नहीं किया है। इसलिए भाजपा को यहां वोट मांगने का अधिकार नहीं है।

मुख्यमंत्री शनिवार को सिंहभूम से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी के समर्थन में चक्रधरपुर विधानसभा के ऐतिहासिक बुढीगोड़ा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



### जुमलेबाज सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया

मोदी सरकार ने यहां की जनता को धोखा दिया। चम्पाई ने कहा कि मोदी ने वादा किया था कि 2022 तक सभी के पक्के मकान बनेंगे। झारखंड की गठबंधन सरकार ने पूरी लिस्ट उन्हें सौंप दिया लेकिन इन्होंने आवास का पैसा रोक दिया। इसलिए हमारी सरकार ने यहां के आदिवासी जनता को अबुवा आवास दिया। साथ ही हमारी सरकार ने 125 यूनिट फ्री कर दिया, जिससे 30 लाख परिवार को इसका फायदा मिल रहा है। इसके साथ उन्होंने सभी प्रखंड में स्मार्ट स्कूल खोलने की बात कही।

### अपने अस्तित्व को बचाने का चुनाव : जोबा

इंडी गठबंधन की लोकसभा प्रत्याशी जोबा माझी ने कहा कि यह चुनाव जल, जंगल, जमीन और अपने अस्तित्व को बचाने का चुनाव है। ये केंद्र सरकार बाबा साहेब के द्वारा हमलोगों को दिए गए अधिकारों को छीनना चाहती है। उन्होंने कहा मोदी को अपने 10 साल की उपलब्धियों को बताने का समय नहीं मिला। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाना जानती है। युवाओं को झूठे सपने दिखाए जाते हैं। केंद्र की सरकार से हर कोई परेशान है लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। भाजपा सिर्फ झूठ बोलकर वोट लेना जानती है।

## हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर फैसला 10 को

**रांची।** जमीन घोटाले मामले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान हेमंत सोरेन (बचाव पक्ष) और ईडी की ओर से कोर्ट में लिखित बहस जमा किया गया। शनिवार को सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत ने सुरक्षित आदेश पर 10 मई को फैसला की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व गत 30 अप्रैल को हेमंत सोरेन की जमानत पर दोनों पक्षों की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक बहस हुई थी। बहस के दौरान एक तरफ बचाव पक्ष की ओर से हेमंत सोरेन को जमानत देने के लिए दलीलें पेश की गयी। वहीं दूसरी तरफ ईडी की ओर से उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया गया। जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से 15 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की है। इस केस के प्रमुख आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं।

## जेपीएससी की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी का मामला

# सीबीआई ने दाखिल की चार्जशीट 37 लोगों को बनाया गया आरोपी

संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की प्रथम नियुक्ति परीक्षा में गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने शनिवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दायर चार्टशीट में कुल 37 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इनमें जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद , वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी, राधा गोविंद नागेश सहित अन्य पदाधिकारी के नाम शामिल हैं, जो वर्तमान में कहीं ना कहीं राज्य के जिलों में पदस्थापित हैं।

इस मामले की सीबीआई जांच 12 साल से अधिक समय से चल रही है लेकिन यह अभी तक पूरी नहीं हुई। इसे लेकर झारखंड हाई कोर्ट में कई बार सुनवाई भी हुई है। अदालत ने जांच में हो रही देरी को लेकर सीबीआई से जवाब तलब भी किया था। हालांकि, जांच एजेंसी पहले मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर चुकी है।




### हाईकोर्ट ने 2012 में दिया था जांच का आदेश

उल्लेखनीय है कि प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर झारखंड हाई कोर्ट ने 2012 को सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इसके बाद परीक्षा में नियुक्त पदाधिकारियों के वेतनमान पर रोक लगा दिया गया था। बाद में हाई कोर्ट के इस फैसले को चुनौती दी गयी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए इस फैसले को पलट दिया।

### 12 साल बाद भी पूरी नहीं हुई जांच प्रक्रिया

कुछ दिन पूर्व झारखंड हाई कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले को दूसरे सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया था। बुद्धदेव उरांव की ओर से दायर जनहित याचिका में अप्रैल में हुई सुनवाई के दौरान बताया गया कि 12 साल से अधिक बीत जाने के बाद भी सीबीआई ने जांच प्रक्रिया पूरी नहीं की और ना ही इस मामले में आरोप पत्र दायर किया है। इस पर सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि गड़बड़ी मामले की जांच अब तक जारी है।

## लोकसभा चुनाव चौथा चरण : एडीआर रिपोर्ट में उम्मीदवारों के चुनावी हलफनामों का विश्लेषण

# चौथे चरण में 360 दागी, 476 करोड़पति उम्मीदवार मैदान में

**नयी दिल्ली।** देश में इस वक्त चुनाव की सरगर्मी है। 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा के चुनाव होने हैं। पहले और दूसरे चरण के लिए मतदान हो चुका है। वहीं तीसरे और चौथे चरण के नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने चौथे चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है।

इस चरण में कुल 1717 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें से 1710 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। सात उम्मीदवारों के शपथ पत्र स्पष्ट नहीं होने के कारण उनके हलफनामों को विश्लेषण नहीं हो सका है। एडीआर ने शनिवार को जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि पहले चरण में 1710 उम्मीदवारों से 360 पर आपराधिक मामले चल दर्ज हैं। वहीं 476 उम्मीदवार करोड़पति हैं। आइये जानते हैं कि एडीआर की रिपोर्ट में क्या-क्या है?

**● सबसे अमीर उम्मीदवार की संपत्ति 5705 करोड़**




### उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि

1710 में से 360 (21 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। 1710 में से 274 (16 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। 17 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किये हैं। 11 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से जबकि 30 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किये हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 50 हैं। इन 50 में से पांच उम्मीदवार के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 44 उम्मीदवार हैं।

### दलवार आंकड़े क्या हैं?

चौथे चरण में एआईएमआईएम के सभी तीन उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। वहीं, शिवसेना के तीन में से दो, बीआरएस के 17 में से 10, कांग्रेस के 61 में से 35, भाजपा के 70 में से 40, टीडीपी के 17 में से नौ, बीजद के चार में से दो, राजद के चार में से दो, शिवसेना (यूबीटी) के चार में से दो, वाईएसआर कांग्रेस के 25 में से 12, टीएमसी के आठ में से तीन और सपा के 19 में से सात उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### उम्मीदवारों की संपत्ति का लेखा-जोखा

1710 में से 28 प्रतिशत यानी 476 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे ज्यादा भाजपा के 65 उम्मीदवार करोड़पति हैं। चुनावी हलफनामों में इन प्रत्याशियों ने एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में हर उम्मीदवार के पास औसतन 11.72 करोड़ की संपत्ति है। दलवार आंकड़ों पर गौर करें तो भाजपा के 70 उम्मीदवारों की सबसे ज्यादा औसतन संपत्ति 101.77 करोड़ की संपत्ति है।

## केजरीवाल और आतिशी के खिलाफ मानहानि याचिका पर 16 को सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर की ओर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्री आतिशी मालेर्ना के खिलाफ दायर मानहानि याचिका पर सुनवाई टाल दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तान्या बामनियाल ने मामले की अगली सुनवाई 16 मई को करने का आदेश दिया।

प्रवीण शंकर कपूर ने मानहानि याचिका दायर कर कहा है कि केजरीवाल और आतिशी ने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया कि भाजपा में शामिल होने के लिए करोड़ों रुपये की पेशकश की। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तान्या बामनियाल ने 4 मई को सुनवाई का आदेश दिया था।

याचिका में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी ने झूठा और मनगढ़ंत आरोप लगाया कि भाजपा उनके नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने का दबाव बना रही है। प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है और न ही कोई साक्ष्य पेश किया गया है। याचिका में कहा गया है कि आम आदमी पार्टी ने ये आरोप लगाकर दिल्ली आबकारी घोटाला मामले से ध्यान भटकाना चाहती है। प्रवीण शंकर कपूर ने 27 जनवरी के अरविंद केजरीवाल के ट्विटर पर किए गए पोस्ट और आतिशी मालेर्ना के 2 अप्रैल की प्रेस कांफ्रेंस का जिक्र किया है।

# राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीद जादे हैं: गुलाम अहमद मीर

## शहजादे प्रधानमंत्री का प्रिय शब्द है जो वह चुनाव के दौरान प्रयोग करते है



संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश की 140 करोड़ जनता जानती है कि राहुल गांधी शहजादे नहीं शहीदजादे हैं। उन्होंने कहा कि शहजादे प्रधानमंत्री का प्रिय शब्द है जो वह चुनाव के दौरान प्रयोग करते हैं लेकिन राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं जिस परिवार का आजादी हासिल करने के पहले से लेकर आजादी के बाद तक कुबार्नी का इतिहास रहा है।

मीर शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। मीर ने कहा कि मोदी जिस जमात से आते हैं उनका देश के लिए क्या योगदान रहा है यह पूरा देश जानता है। दो दिन से मोदी झारखंड में हैं। जनता का रिस्पांस उन्हें नहीं मिला। प्रधानमंत्री जिस भाषा का इस्तेमाल करते हैं उसे पूरी जनता सुनती है और अच्छी तरह समझती है। उन्होंने कहा कि दस साल में उन्होंने क्या किया इसकी उन्होंने चर्चा नहीं की। इसी कारण अपने दस साल के काम पर प्रधानमंत्री ने वोट नहीं मांगा।

मीर ने कहा कि भ्रष्टाचार की बात करें तो जिस नेता पर प्रधानमंत्री शाम में 70,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हैं 24 घंटे के अंदर उसके साथ सरकार बनाकर उसे उप मुख्यमंत्री बना देते हैं। असम और बंगाल भी इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने हजारों करोड़ रुपये कंपनियों से चंदा लिया और इसके बदले उन्हें लाभ पहुंचाया। वोट हासिल करने के लिए मोदी कुछ भी कर सकते हैं।

मोदी ने कहा कि दस वर्षों में मोदी ने झारखंड को क्या दिया। झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। जब उन्होंने प्रधानमंत्री आवास नहीं दिया तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू किया। पलामू के मंडल डैम का शिलान्यास पांच वर्ष पूर्व मोदी के जरिये किया गया था लेकिन उसमें कोई कार्य नहीं हुआ। सरना धर्म कोड पर चुप्पी साधे रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा मोदी पर और कांग्रेस मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। मोदी हिंदू, मुसलमान और पाकिस्तान पर चुनाव लड़ रहे हैं और मूल मुद्दों को डायवर्ट कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी सात मई को चाईबासा और बसिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता के बीच मोदी फ्लॉप शो साबित हुए। जनता उन्हें कितनी गंभीरता से ले रही है यह रैली में जनता की कम उपस्थिति ने दर्शा दिया है।

इस दौरान भारतीय कांग्रेस की मीडिया कोऑर्डिनेटर ज्योति सिंह, राकेश सिन्हा सुमेर चारण, वैभव शुक्ला सतीश पॉल मुंजनी, सोनाल शांति कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, ऋषिकेश सिंह भी उपस्थित थे।

## जेबीकेएसएस के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो गिरफ्तार

### जेबीकेएसएस के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो भेजे गए जेल



### देवेंद्रनाथ महतो सहित कई अन्य के खिलाफ वारंट जारी है

संवाददाता

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने पहुंचे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है।

देवेंद्रनाथ महतो को पुलिस ने शनिवार को रांची समाहरणालय से गिरफ्तार किया है। रांची में विधानसभा घेराव मामले में पुलिस ने देवेंद्रनाथ को गिरफ्तार किया है। विधानसभा घेराव मामले में नगड़ी थाना केस संख्या 48/22 में दर्ज हुआ था। इस मामले में देवेंद्रनाथ महतो सहित कई अन्य के खिलाफ वारंट जारी हुआ था। देवेंद्र महतो गुपचुप तरीके से आदिवासी पारंपरिक पोशाक पहनकर समाहरणालय पहुंचे थे। इस दौरान पहले से ही इंतजार कर रही पुलिस की नजर देवेन्द्र पर पड़ी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि देवेंद्र नाथ महतो का नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे लेकिन नामांकन से पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

## कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है भाजपा विकास की राजनीतिः संजय सेठ

संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने रांची के ठाकुर, ठाकुरगांव के बेतागी लावागढा, बुतरू ,क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। संसद सेठ ने कहा जब देश में विपत्ति पड़ी कोरोना कल में कांग्रेस के कार्यकर्ता कहां थे।

भाजपा सेवा करने के लिए राजनीति करती है परंतु कांग्रेस तुस्टिकारण की राजनीति के लिए राजनीति करती है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता चाहे किसी भी क्षेत्र में हो अपनी सेवा हर मुश्किल घड़ी में देने के लिए तैयार रहती है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता लोगों के हर सुख दुख में खड़ी रहती है यही भाजपा परिवार है यह सब प्रेरणा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हम सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त होता है।



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, किसान, युवा ,और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किया आज गरीब कल्याण योजना के तहत विगत 4 सालों से और आने वाले 5 सालों तक प्रत्येक व्यक्ति को मुफ्त में 5 किलो अनाज की व्यवस्था सुनिश्चित की, आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक मुफ्त में इलाज, गैस सिलेंडर चूल्हा हो या जनधन खाता किसानों को 1 साल में 6000। वही झारखंड में रघुवर दास की जब सरकार थी तो किसानों को प्रति एकड़ 5000 अतिरिक्त दिया जाता था लेकिन जब कांग्रेस और झामुमो की सरकार आई तो सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव गरीब किसानों की चिंता करते हैं वहीं कांग्रेस सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करती है।

कांग्रेस परिवारवादी ने देश को लूट कर अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया देश को कुछ नहीं दिया कांग्रेस ने देश की जनता के धन को लुटा देश को लुटा सिर्फ भ्रष्टाचार इनका एक काम था। सारे विकास के कार्य ठप है। जमीन की लूट हो रही है। झारखंड के मुख्यमंत्री जमीन घोटाले में जेल में है उनके कई अधिकारी भ्रष्टाचार के मामले में

## विकास और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर लड़ेंगे चुनावः यशस्विनी



संवाददाता

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा कि रांची के विकास और महिला सुरक्षा को लेकर वह गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। रांची के विकास पर बात की जायेगी। सहाय शनिवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहीं थी।

सहाय ने कहा कि रांची के बने 24 साल होने जा रहे हैं लेकिन राजधानी का उतना विकास नहीं हुआ। कभी इस जगह को औद्योगिक इकाइयों का हब माना जाता था लेकिन अब वो भी धीरे-धीरे बंद होने लगे हैं। इन सभी विषयों को लेकर चुनाव लड़ा जायेगा। रांची के विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच के गैप को भरने की जरूरत है। यदि जनता ने मुझे मौका दिया तो इस गैप को भरने का काम करूंगी और रांची की बेहतरी के लिए काम किया करूंगी।

सहाय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की गिरफ्तारी से जुड़े सवाल के जबाब में कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी गलत है या सही यह कानून तय करेगा। यह मामला कोर्ट में अंडर ट्रायल चल रहा है और जिस तरीके से सेंट्रल जांच एजेंसियों पर सवाल उठ रहे उस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है।

सहाय ने एक सवाल के जवाब में कहा कि यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) अभी तक देश में मौलिक अधिकार नहीं बना है। देश में अलग-अलग तरह के लोग रहते हैं, उसे देखकर हमें आगे का निर्णय लेना चाहिए। पेपर लीक के मामले हो रहे हैं। इसके लिए कांग्रेस के न्याय पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि सरकार आने के बाद एक सशक्त कानून बनाया जायेगा।

## एक नजर

### जिला परिषद सदस्य पार्वती की ट्रेन से कट कर मौत

**रांची।** नगड़ी थाने की पुलिस स्थानीय लोगों की सूचना पर नारो गांव के पास रेलवे लाईन से एक अधेड़ महिला का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतका की पास से मिले आधार कार्ड के मुताबिक उसका नाम 54 साल की पार्वती कुमारी था जो बेड़ो के पूर्वी क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य थी। घटना स्थल के नजदीक में रहे लोगों के मुताबिक पावर्ती दोपहर में बिलकुल खामोश हालत में नारो गांव के नजदीक से गुजरे रांची लोहरदगा रेलवे ट्रैक में अकेली बैठी थी,वहां से गुजरने वाली ट्रेन के चालक दो बजे उसे रेलवे लाईन में बैठे देख काफी दूर से हॉर्न बजाने लगा लेकिन वह ट्रैक से नहीं हटी, जिससे ट्रेन उसे कुचलते हुए आगे निकल गयी। बाद में चालक ने ट्रेन रोक दिया, उसके बाद घटना की सूचना नगड़ी थाने की पुलिस को दी गयी। पहचान होने के बाद पुलिस उसके पति जगरनाथ भगत से मृतका पार्वती कुमारी के घर से निकलने व रेलवे ट्रैक में जा कर सुसाईड करने के कारणों की तहकीक कर रही है। इधर घटना की जानकारी के लिए मृतका के पति जगरनाथ भगत के मोबाइल पर कंटेक्ट करने की कोशिश की गयी लेकिन उन्होंने कॉल रिसिव नहीं किया।

### रांची लोस सीट के लिए 32 उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन पत्र

रांची। रांची संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र (नाम-निर्देशन पत्र) खरीदने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या 32 हो गयी है। अधिसूचना जारी होने के छठे दिन शनिवार को दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन करने वालों में निर्दलीय से रामकेश्वर प्रजापति और निर्दलीय से संजय कुमार महतो शामिल हैं।

## गर्मी से मिलेगी राहत

संवाददाता

**रांची।** राज्य में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार छह मई से राज्य के कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। राज्य के उत्तर-पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना। सात मई राज्य में कुछ स्थानों पर और आठ और नौ मई को कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना है।

राज्य में नौ मई तक बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ ही राज्य में तेज हवाओं और वज्रपात का असर देखा जायेगा। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेगी। इसमें मुख्य रूप से दुमका, देवघर, पाकुड़, गोड्डा, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज में बारिश होने की संभावना है। आठ और नौ मई को राज्य के अधिकांश हिस्से में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार



पांच मई को राज्य के सराइकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, जामतारा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग के रांची में छह और सात मई से आंशिक बादल छाये रहेंगे एवं मौसम शुष्क रहेगा। आठ और नौ मई से गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। आने वाले दो दिनों के दौरान तापमान में कमी दर्ज की जायेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तापमान में आने वाले तीन दिनों के दौरान चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी।

## एटीएस ने तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

### दो देशी पिस्टल, 21 गोलियां एक बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद



संवाददाता

**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन साहू गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में विकास कुमार, गुलशन कुमार और माहताब आलम शामिल है। इनके पास से दो देशी पिस्टल, 21 गोलियां, एक बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एटीएस के एसपी ऋषभ कुमार झा ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गैंगस्टर अमन साहू के गिरोह के तीन अपराधी पतरातू के सांकुल एवं जयनगर के आसपास छुपकर रह रहे हैं। वर्तमान में अमन साहू गिरोह के सक्रिय अपराधी हैं और इनके जरिये कई स्थानों पर फायरिंग की घटना की गई है। इस सूचना पर एटीएस टीम के जरिये रामगढ़ जिला के पतरातू क्षेत्र में छापेमारी कर तीनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि अमन साहू संगठित आपराधिक गिरोह की ओर से हाल में की गई फायरिंग की घटना का सफल खुलासा किया गया है। तीनों अपराधी और पूर्व में एटीएस की ओर से गिरफ्तार राजा अंसारी, मंनिन्दर कुमार जरिये कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

इनमें छह मार्च को सिकीदरी थाना के ओरमांझी-गोला भारतमाला सड़क निर्माण के कार्यस्थल पर फायरिंग की घटना, छह फरवरी को ओरमांझी में भारतमाला प्रोजेक्ट पर फायरिंग, नौ फरवरी को भुरकूण्डा के स्वामी सिद्धांत बाउरी नामक व्यक्ति के उपर फायरिंग शामिल है। तीनों घटनाओं में इस्तेमाल की गई बाइक एवं हथियार को एटीएस टीम ने बरामद कर लिया गया है।

## रांची संसदीय क्षेत्र में कुर्मी वोटर बड़ा फैक्टर भाजपा के लिए सुदेश महतो की भूमिका अहम

संवाददाता

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र में कुर्मी वोटर बड़ा फैक्टर माना जाता रहा है। इसलिए भाजपा के टिकट से पांच बार रामटहल चौधरी को टिकट मिलता रहा। इन्होंने कई बार रांची सीट से जीत भी हासिल की थी। अब रामटहल चौधरी भाजपा में नहीं हैं। ऐसे में भाजपा के साथी आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो अंदर से भाजपा का साथ दे रहे हैं ताकि कुर्मी वोटर इधर-उधर न हो सके और भाजपा को इसका सीधा लाभ मिल सकेगा। आंकड़ों के अनुसार रांची लोकसभा क्षेत्र में साढ़े तीन लाख आबादी सिर्फ कुर्मी वोटरों की है जबकि यहां मिशनरी और मुस्लिम वोट भी खासा मायने रखते हैं। उधर, लोकसभा चुनाव-2024 में रामटहल चौधरी



ने टिकट के लिए कांग्रेस का दामन थामा तो वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने उन्हें पाकर खुशी जताई थी लेकिन पलक झपकते राजनीति के माहिर खिलाड़ी सुबोधकांत सहाय ने चुनाव को दिलचस्प मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। सहाय ने बेटी यशस्विनी सहाय को कांग्रेस से टिकट दिलाकर रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनवा दिया।

इस बीच भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ चुनावी मैदान में हैं। रांची सीट भाजपा बनाम आईएनडीआईए के बीच दिलचस्प मोड़ पर है लेकिन कुर्मी वोटरों के समर्थन में बड़े चेहरे का अभाव है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि हो न हो अंदर से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ही रांची सीट की कमान संभाल रहे हैं। कुर्मी वोटरों का लाभ भाजपा को मिले इसके लिए सुदेश महतो चुनावी मैदान में अंदर से गठबंधन के साथी भाजपा का साथ दे रहे हैं। हालांकि, रांची सीट से महागठबंधन के कई नामचीन चेहरे एक साथ चुनावी ताकत झोकेंगे। एक तरफ जहां भाजपा के संजय सेठ रांची लोक सभा सीट से खड़े हैं तो वहीं दूसरी तरफ मुकाबला करने के लिये फिल्ड में यशस्विनी सहाय सहित अन्य नामचीन चेहरे मौजूद हैं। रांची से कांग्रेस के भैया माने जाने वाले सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय और भाजपा के सांसद उम्मीदवार संजय सेठ के बीच जोरदार मुकाबला होगा।

## राहुल का पीएम के लिए सड़क छाप भाषा का प्रयोग निंदनीय : रंगनाथ

संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो ने कहा कि राहुल गांधी अपनी मानसिक दिवालियापन का हर समय देश की जनता के सामने परिचय देते रहते हैं। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए सड़क छाप व्यक्ति की तरह भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि मोदी समुद्र के अंदर पानी में डर गया था। उसका चेहरा देखो डरा हुआ लगेगा। राहुल के इस बयान की जितनी निंदा की जाए कम है। महतो ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी को अपना संसदीय क्षेत्र बचाने के लिए वहां की जनता का हृदय जीतने के लिए कार्य करना चाहिए। कांग्रेस को अपना विजन जनता के सामने प्रस्तुत करना चाहिए न कि केवल हिंदू मान बिंदुओं, हिंदू सभ्यता, हिंदू संस्कृति का माखौल उड़ाने से या केवल मलेच्छों को खुश करने से ही वायनाड और रायबरेली सीट आ जाएगी?



महतो ने कहा कि कांग्रेसियों के पास अब केवल एक ही मुद्दा रह गया है मोदी हटाओ और मोदी हटाने के लिए इन्हें राष्ट्र विरोधियों से भी गलबहियां लगने से कोई गुरेज नहीं लेकिन जनता अब समझ चुकी है कि क्यों आतंकवादियों की और कांग्रेस की भाषा एक होती है। राहुल गांधी आज जनता को जिस संविधान को बचाने का डर दिखला रही है, उसे कांग्रेस ने और राहुल गांधी के पुरखों ने जब चाहा जैसे चाहा बदल चुका है। इसलिए उनका यह बयान हास्यास्पद है।

# विद्यार्थियों ने सीखे टेराकोटा शिल्पकला के गुर

**भारत की माटी के कण-कण में छिपी है कलात्मक विरासत : डॉ. गंगवार**

**विशेष कार्यशाला 'कलाकृति' में पंचमुरा के प्रख्यात कलाकार बरेन ने सिखाईं मूर्तिकला की बारीकियां**



कार्यालय संवाददाता

**बोकारो :** विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली संस्कृति, परंपरा और कलात्मक धरोहरों से अवगत कराने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में शनिवार को एक विशेष कार्यशाला कलाकृति आयोजित की गई। इस अवसर पर राजकीय सम्मान से नवाजे जा चुके पश्चिम बंगाल के जाने-माने टेराकोटा शिल्पकार बरेन कुंभकार मुख्य रूप से आमंत्रित थे। पंचमुरा (प.बं.) से पहुंचे श्री कुंभकार ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को टेकारोटा कला की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि टेराकोटा आर्ट तैयार करने के लिए तीन तरह की मिश्रित, लवण-रहित और उच्च ताप-सहन क्षमता वाली मिट्टी की आवश्यकता होती है। उन्होंने ऑन द स्पॉट भगवान गणेश, हाथी, शंख, घोड़ा सहित कई कलाकृतियां बनाकर बच्चों को अलग-अलग समूहों में इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। चाक घुमाना, मिट्टी को गढ़ना और सनी हुई मिट्टी से टेराकोटा आर्ट तैयार करना बच्चों के लिए यादगार अनुभव रहा। विद्यार्थियों ने स्वयं में छिपी कलाकृति को मिट्टी से आकार देकर अपनी प्रतिभा दिखाई। श्री कुंभकार ने बच्चों के कलात्मक विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो द्वारा किए गए इस आयोजन को काफी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि कला के क्षेत्र में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं।

इसके पूर्व, विद्यार्थियों को एक प्रस्तुतीकरण के जरिए टेकारोटा शिल्पकला के इतिहास, इसके विस्तार, क्षेत्रवार इसकी विशेषता तथा पुराने समय से लेकर अबतक मंदिरों व अन्य संरचनाओं के निर्माण में इसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।

अनुभव आधारित शैक्षिक कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने बच्चों के कौशल-विकास में इसे अहम बताया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विविधता भारत की अनूठी पहचान व धरोहर है और बच्चों में अपनी संस्कृति-परंपरा और लोक कलाओं के प्रति सजगता आवश्यक है। यह उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। टेराकोटा मिट्टी कला पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत की माटी के कण-कण में कलात्मक विरासत छिपी हुई है, जिसे जानना और संजोए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास को लेकर कटिबद्ध रहा है। इस प्रकार के आयोजन आगे भी होते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने जहां बरेन कुंभकार को विद्यालय की तरफ से स्मृति-चिह्न दिया, वहीं बरेन ने भी प्राचार्य डॉ. गंगवार को टेराकोटा शिल्प से तैयार स्वनिर्मित मां दुर्गा की सुंदर कलाकृति भेंट की।

## बीएसएल में नई सोच, नई दिशा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# निदेशक प्रभारी ने दिलाई मतदान में भागीदारी की शपथ



संवाददाता

**बोकारो :** बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन के साथ इस्पात कर्मियों का नई सोच, नई दिशा नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं, अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन, अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी बी करुणामय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने इस्पात कर्मियों को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम सभी को 25 मई को मतदान अवश्य करने का आह्वान किया तथा सभी को पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से संयंत्र की प्रगति के लिए योगदान करने का सन्देश भी दिया, ताकि सेल सभी पैमानों पर अव्वल रहे। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग की मोनिका ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बीएसएल के उत्पादन, उत्पादकता, उपलब्धियों और संबंधित पहलुओं की नवीनतम जानकारी, इस्पात उद्योग परिदृश्य इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला। डॉ करुणामय ने बीजीएच में हाल में जोड़े गए नई सुविधाओं के विषय में जानकारी दी।

### सुरक्षा के साथ उत्पादन में बेहतरी पर बल

इस क्रम में अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन, अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद ने कर्मियों को सुरक्षा पर विशेष फोकस करते हुए उत्पादन में बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया।अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री रंगानी ने संयंत्र की क्षमता के अनुरूप गुणवत्तायुक्त उत्पादन पर बल दिया, साथ ही वित्तीय पहलुओं के विषय में चर्चा की। अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं, अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सीआर महापात्रा ने संयंत्र की भावी विस्तारीकरण से जुड़ी परियोजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उत्पादन, उत्पादकता और वित्तीय प्रदर्शन के अलावा सुरक्षा और नवाचार जैसे पहलुओं पर भी चर्चा हुई। परिचर्चा खण्ड में प्रतिभागियों ने भी कार्यप्रणालियों में बेहतरी और अन्य प्रासंगिक विषयों पर अपने सुझाव वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (एचआरडी) प्रीति कुमारी तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (एचआरडी) नीता बा ने किया।

## एक नजर

### राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए बास्केटबॉल टीम का चयन कल से

बोकारो : 24वीं यूथ झारखंड स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए बोकारो टीम के गठन को लेकर 6 से 8 मई को सलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया गया है। टीम की चयन-प्रक्रिया सेक्टर 4 स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के बास्केटबॉल कोर्ट में संध्या 4 बजे से रखी गई है।बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव संजीव कुमार सिंह के अनुसार, प्रतिभावान खिलाड़ी अपने साथ अपना जन्म प्रमाण-पत्र, विद्यालय पहचान पत्र एवं आधार कार्ड अवश्य लेकर आएंगे। चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 9 मई से अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में होगा। चयनित खिलाड़ी 27 से 29 मई तक बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 24वीं यूथ झारखंड स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। श्री सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में वही बालक एवं बालिका भाग के सकते हैं, जिनकी जन्मतिथि 01 जनवरी 2008 के बाद की हो। चयनित खिलाड़ी अपने साथ नोटरी द्वारा सत्यापित जन्मतिथि अवश्य लाएंगे। चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा चुना जाएगा और प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षित किया जायेगा।

### दंडाधिकारी की मौजूदगी में आज खाली करवाए जायेंगे राजनीतिक दलों के तीन कार्यालय

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल में राजनीतिक दलों के तीन कार्यालयों को रविवार को बेरमो एसडीएम सह अनुमंडल निवार्ची पदाधिकारी के निर्देश पर दंडाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस बलों के सहयोग से खाली करवाने का कार्य किया जाएगा। मामले के संबंध में बताया जाता है कि चुनाव आयोग को शिकायत मिली थी कि बोकारो थर्मल में डीवीसी के तीन आवासों को अवैध रूप से राजनीतिक दलों का कार्यालय बनाकर चुनाव में राजनीतिक गतिविधि के तौर पर प्रयोग किया जा रहा है। चुनाव आयोग के निर्देश पर बोकारो जिला प्रशासन ने मामले को लेकर डीवीसी बोकारो थर्मल प्रबंधन से उक्त कार्यालयों की रिपोर्ट मांगी थी। डीवीसी प्रबंधन ने उक्त तीनों आवासों में से एक में आजसू, एक में भाजपा तथा एक में जेबीकेएसएस का कार्यालय अवैध रूप से कब्जा कर खोलने की रिपोर्ट सौंपी। डीवीसी प्रबंधन द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर बेरमो एसडीएम अशोक कुमार ने दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर उक्त तीनों कार्यालयों को स्थानीय पुलिस के सहयोग से तीन दिनों के अंदर खाली करवाने का निर्देश दिया है। दिए गए निर्देश के तहत रविवार को बोकारो थर्मल में डीवीसी के आवासों में चलने वाले आजसू, भाजपा एवं जेबीकेएसएस कार्यालयों को खाली करवाने का कार्य किया जाएगा।


### सहायक प्रबंधक का तबादला

**बोकारो थर्मल :** चंद्रपुरा डीवीसी पावर प्लांट के सहायक प्रबंधक सेफ्टी अशोक कुमार चौधरी का तबादला बोकारो थर्मल पावर प्लांट किया गया है। उक्त तबादला संबंधी आदेश कोलकाता के प्रबंधक विद्युत प्रशांत निशांत के आदेश से निर्गत किया गया है।

### गिरिडीह में भारी मात्रा में स्प्रिट जब्त

**बोकारो :** । गिरिडीह और कोडरमा उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त छापेमारी कर भारी मात्रा में स्प्रिट और रंगीन विदेशी शराब को जब्त किया है। दोनों जिलों की टीमों ने शुक्रवार देर रात तक घोड़थम्बा ओपी के करमाटांड़ पहाड़ी एवं मरकच्चो थाना के बरियारडीह में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने करमाटांड़ से चार हजार सात सौ 50 लीटर स्प्रिट और सात सौ लीटर रंगीन विदेशी शराब जब्त किया। इसके अलावा कोडरमा के बरियारडीह में टीम ने चार हजार लीटर स्प्रिट बरामद किया। हालांकि, दोनों ही जगह अंधेरे का लाभ उठाकर धंधेबाज मौके से भाग खड़े हुए। इस बाबत उत्पाद अवर निरीक्षक कुमार महेंद्र देवगम ने शनिवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार की रात विशेष अभियान चलाया गया।

# बोकारो के चतरोचट्टी में नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार को ले की पोस्टरबाजी




संवाददाता

**बोकारो थर्मल/गोमिया :** बेरमो अनुमंडल के नक्सल प्रभावित झुमरा पहाड़ इलाके के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने लोकसभा का चुनाव बहिष्कार को लेकर शुक्रवार देर रात पोस्टरबाजी की। चतरोचट्टी थाना अंतर्गत कर्री पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुर्कनालो में शनिवार अहले सुबह पोस्टर चिपके मिले। चिपकाये गये पोस्टरों में लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की बात लिखी हुई है। साटे गये पोस्टरों में लिखा है कि चुनावी मौसम आया है, चुनावी मेंढक आया है, ग्रामीण क्षेत्रों में तमाम पुलिस कैंपों को वापस करो,गली-गली में शोर है वोट लड़नेवाले सभी नेता चोर हैं, वोट नहीं सशस्त्र संघर्ष के जरिए जल-जंगल, जमीन पर जनता का अधिकार कायम करें, तमाम राजनीतिक बंदियों को अविलंब रिहा करो, हम गारंटी के साथ कहेंगे एक भी वोट नहीं डालेंगे, वोट-वोट वही चिल्लाते हैं जो तिकड़म की रोटी खाते हैं सहित कई नारे पोस्टरों पर लिखे गये हैं। इसके अलावा, स्कूल प्रांगण में काफी पर्चियां चुनाव बहिष्कार को लेकर फेंकी गई हैं।

पर्ची में लिखा है कि शोषण के कारण झारखंड जवानी में बुढ़ापे जैसा हो गया है, आदिवासियों की उन्नति उच्च वर्ग को बर्दाश्त नहीं हो रही है, हमने लड़ कर लिया है झारखंड इसे लुटेरों के हाथ में नहीं जाने देंगे। पोस्टरबाजी की सूचना ग्रामीणों द्वारा चतरोचट्टी थाना प्रभारी को दी गई है। चुनाव बहिष्कार को लेकर पोस्टरबाजी से इलाके के ग्रामीणों में दहशत देखा जाने लगा है। स्कूल की दीवारों पर चिपके मिले ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने पोस्टर हटा दिए। उग्रवादियों ने बड़कीटांड़ और तिसरी में भी पोस्टरबाजी की। इसके कारण ग्रामीणों में जहां दहशत है, वहीं पुलिस और भी मुस्तैद हो गई है।

## असामाजिक तत्वों ने लगाई आग, ओएनजीसी के सामान नष्ट



संवाददाता

**बोकारो :** चंदनकियारी के महाल पूर्वी पंचायत अंतर्गत ओएनजीसी के झरिया संख्या पांच साइड में शनिवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी की देखते देखते आसपास में रखे सभी सामानों को अपनी चपेट में ले लिया, वहीं दो घंटे बीत जाने के बावजूद दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर नही पहुंची। जबतक दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची तबतक सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। मौके पर तैनात होमगार्ड जवान द्वारा कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा यह आग लगाने की बात कही। कहा कि इसमें ओएनजीसी के द्वारा प्लास्टिक के पाइप करीब पांच ट्रेलर रखा गया था जो पूरी तरह जलकर राख हो गई है। समाचार लिखे जाने तक ओएनजीसी के कोई भी पदाधिकारी घटनास्थल पर नही पहुंचे थे।

## ग्रामीण जलापूर्ति योजना दुरुस्त सात पंचायतों को मिलेगा पानी



संवाददाता

**बोकारो :** ग्रामीणों की शिकायत सामने आने के बाद इस भीषण गर्मी में जलसंकट को देखते हुए डीसी के निर्देश पर जैनामोड़ की ग्रामीण जलापूर्ति योजना दुरुस्त कर दी गई है। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने तकनीकी समस्या को ठीक करा दिया है। इसके बाद अब जरीडीह प्रखंड की तांतरी उत्तरी, दक्षिणी, खुटरी, जैना, टांड़ मोहनपुर, बांधडीह उत्तरी, दक्षिणी आदि पंचायतों को स्वच्छ पेयजल मिल सकेगा। इस बाबत कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चास राम प्रवेश राम ने कहा कि ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ में तकनीकी गड़बड़ी के कारण जलापूर्ति बाधित हो गई थी, जिसे शुक्रवार को दुरूस्त करा लिया गया है। ग्रामीण जलापूर्ति योजना जैनामोड़ से पुनः जलापूर्ति सेवा शुरू हो गई है।

## गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए पांच उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र किया दाखिल

# 26 उम्मीदवारों ने खरीदे पर्चे, तो 13 ने जमा कराए



संवाददाता

**बोकारो :** गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के छठवें दिन बोकारो में शनिवार को नाम-निर्देशन के लिए कुल चार लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया। जबकि, पांच उम्मीदवारों ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, बोकारो विजया जाधव ने कहा कि छठवें दिन कुल चार लोगों ने नामांकन प्रपत्र जिला नजारत शाखा से विधि सम्मत शुल्क भुगतान कर लिया। वहीं, पांच उम्मीदवारों ने अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। इनमें निर्दलीय प्रत्याशी कलावती देवी, पति - धनेश्वर महतो, पो. गलागी, पीएस- निमियाघाट, जिला गिरिडीह, सर्व समाज पार्टी के सुभाष कुमार ठाकुर, पिता धनेश्वर ठाकुर, ग्राम बाधाडीह, पो. चिकसिया, पीएस चास (मु.), जिला बोकारो, पार्टी सर्व समाज पार्टी, भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी से पप्पू कुमार निषाद, पिता- स्व. छोटे लाल मल्लाह, मल्लाह बस्ती रंगुनी, पो. श्रमिक नगर भूली, पीएस. तेतुलमारी कतरास, जिला धनबाद, बहुजन समाज पार्टी से कमल प्रसाद, पिता - भोला प्रसाद साहू, ग्राम पोस्ट झ बिरनी, पीएस नावाडीह, जिला बोकारो और निर्दलीय उम्मीदवार धीरन मदक, पिता - स्व. तारू मदक, ग्राम मंडरो, पो. हरलाडीह, पीएस. खुखरा (पीरटांड), जिला गिरिडीह शामिल रहे। वहीं, तुलसी महतो (निर्दलीय), सुभाष कुमार ठाकुर (सर्व समाज पार्टी), निर्दलीय जयराम महतो और बहुजन मुक्ति पार्टी के मो. ऐनुल अंसारी ने नामांकन प्रपत्र खरीदे। उल्लेखनीय है कि, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक कुल 26 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया है, जबकि कुल 13 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है।

# 13 महीने से पेंशन के लिए भटक रही है महिला कर्मी

**डीवीसी के एचआर और सरकार के पीएफ विभाग में फंसा है पेच**

**डीवीसी एचआर विभाग के वरीय प्रबंधक रोहित कुमार से पूछा गया तो उनका कहना था कि महिला कर्मी ने कोई भी आवेदन नहीं दिया है**

संवाददाता

बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल डीवीसी सिविल विभाग अंतर्गत कॉलोनी म्युनिसपल सर्विस में कार्यरत तथा जरवा बस्ती निवासी महिला कर्मी 61 वर्षीय शांति देवी अवकाश प्राप्ति के 13 माह बाद भी अपने पेंशन-भुगतान को लेकर डीवीसी एचआर विभाग सहित अन्य विभाग का चक्कर काटने को विवश है, परंतु पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में महिला सप्लाई कर्मी शांति देवी का कहना है कि उन्होंने म्युनिसिपल सर्विस से विगत 31 मार्च 2023 को अवकाश प्राप्त किया था। अवकाश प्राप्ति के बाद उसे पीएफ की राशि का भुगतान विभाग के द्वारा कर दिया गया, परंतु पेंशन भुगतान के लिए वह कार्यालय का चक्कर लगा रही है। पेंशन भुगतान को लेकर



डीवीसी के एचआर विभाग में शांति देवी ने आवेदन दे रखा था बावजूद पेंशन की राशि भुगतान करने को लेकर उसके आवेदन को डीवीसी के एचआर विभाग द्वारा रांची स्थित पीएफ कमिश्नर के पास फारवर्ड नहीं किया गया है। महिला कर्मी का कहना है कि डीवीसी एचआर विभाग में जाकर पूछे जाने पर उसे कहा जाता है कि उसके पेंशन संबंधी आवेदन को रांची फारवर्ड कर दिया गया है, जबकि रांची स्थित पीएफ कमिश्नर के कार्यालय में जाकर पूछे जाने पर उसे बताया जाता है कि डीवीसी के द्वारा ऐसा कोई भी आवेदन फारवर्ड करके नहीं भेजा गया है। महिला कर्मी का कहना है कि कार्यालय में डिस्पैच सेक्शन नहीं रहने के कारण ऐसी समस्या आ रही है। मामले को लेकर डीवीसी एचआर विभाग के वरीय प्रबंधक रोहित कुमार से पूछा गया तो उनका कहना था कि महिला कर्मी ने कोई भी आवेदन नहीं दिया है। महिला ने आवेदन दिया है तो उसे कार्यालय में लाकर दिखाने का काम करे।

# 120 बच्चों को प्रतिदिन मिलेगा दूध, बिस्किट



संवाददाता

**बोकारो :** ग्रामीण बच्चों का पोषण एवं शिक्षा के क्षेत्र में विकास को लेकर सहयोगिनी संस्था द्वारा कसमार प्रखंड के चार गांवों में स्कूल पूर्व पोषण एवं शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि छोटे बच्चों में पोषण की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रखंड के केदला, चौड़ा, भुरसाटांड़ व त्रियोनाला गांव के 120 बच्चों को जीवदया फाउंडेशन के सहयोग से प्रतिदिन एक गिलास दूध तथा बिस्किट प्रदान करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि सहयोगिनी संस्था विगत 23 वर्षों से बोकारो जिले में बाल एवं महिला अधिकार को लेकर के लगातार कार्य कर रही है। यह कार्य बच्चों के पोषण को लेकर है। उन्होंने कहा कि बच्चों का मानसिक विकास 3 से 5 वर्ष तक हो जाता है तथा इस दौरान उन्हें सही पोषण की जरूरत पड़ती है। जिसको लेकर सरकार के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यक्रम संचालित है। हमारा प्रयास है कि कसमार के इन 4 सुदूरवर्ती गांवों में बच्चों को सही पोषण मिले। इस कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मी देवी, गिरी बाला देवी, बिंदिया देवी, फूलेश्वरी कुमारी ,नीतू कुमारी, गौतम सागर, कुमार गौरव ,अशोक कुमार महतो, रवि कुमार ,विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

एक नजर

## बीआरएल डीएवी में कक्षा 11 वीं में नव नामांकित बच्चों के लिए नि:शुल्क कोचिंग क्लासेज की व्यवस्था



**बेरमो।** बीआरएल डीएवी विद्यालय में कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के बच्चों के लिए विशेष कोचिंग क्लासेस की व्यवस्था की गई है। गौतम नाग ( फिजिक्स टीचर) भूतपूर्व शिक्षक चिन्मया विद्यालय बोकारो एवं एस के मिश्रा मैथमेटिक्स क्लासेस बोकारो ने यहां के बच्चों को दिशा निर्देशित किया। विदित हो कि यह कोचिंग क्लासेस उन बच्चों के लिए नि: शुल्क होगी जो कक्षा 11 वीं में यहां नामांकन लेंगे। यह कोचिंग क्लासेस प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को संचालित की जाएगी। उक्त जानकारी विद्यालय प्राचार्य आर के सिंह ने देते हुए कहा कि वर्तमान समय प्रतियोगिता का दौर है और बच्चों को उचित मार्गदर्शन की सतत आवश्यकता है। इसके माध्यम से छात्र न केवल आपसी विचार-विनिमय करने में सक्षम होंगे बल्कि जीवन के पथ पर निरंतर आगे बढ़ेंगे। इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में कोचिंग क्लासेस की व्यवस्था करना टेढ़ी खीर थी, जिसे पूर्ण किया गया।

उक्त अवसर पर कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के बच्चे उपस्थित थे और वे सभी लाभान्वित भी हुए और प्रसन्न दिखे।

## एसपी दीपक कुमार शर्मा ने स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**गिरिडीह।** जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर अलग अलग स्थानों पर इस तरह का कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की शाम को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया। यहां सीसीएल कर्मियों को मतदान के प्रेरित किया गया। एसपी ने उपस्थित कर्मियों को कहा कि खुद भी मतदान करना है और आस पास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। यहां एसपी ने उपस्थित कर्मियों से मतदान के लिए शपथ भी दिलवाई। इस क्रम में सीसीएल गिरिडीह एरिया के महाप्रबंधक बासब चौधरी ने भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सदर एसडीपीओ बिनोद रवानी, सीसीएल गिरिडीह के परियोजना पदाधिकारी एसके सिंह, सार्जेन्ट मेजर राजेश रंजन, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर प्रसाद, सीसीएल के पदाधिकारी अनिल पासवान, एनके सिंह, शम्मी कपूर, आरपी यादव, श्रवण कुमार, राज्यवर्धन समेत कई पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## शहबाज ने माउंट एवरेस्ट पर लहराया तिरंगा किया भुरकुंडा कोयलांचल का नाम रोशन

**भुरकुंडा(रामगढ़)।** जिला के भुरकुंडा के 29 वर्षीय व्यवसायी शाहबाज आलम ने दुनिया के सबसे ऊंचे बेस कैंप माउंट एवरेस्ट पहुंचकर देश का प्यारा तिरंगा लहराया।इसी के खुशी में आज उनके पिता सलाउद्दीन मंसूरी ने उनके सम्मान के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया। इससे उनका पूरा परिवार काफी खुश नजर आ रहा है भुरकुंडा मस्जिद कॉलोनी निवासी व्यवसायी सलाउद्दीन मंसूरी के पुत्र शाहबाज ने कहा कि माउंट एवरेस्ट में तिरंगा लहराने की ख्वाहिश उसे बचपन से ही थी लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। इसके बाद उन्होंने अपने मन की बात अपने माता-पिता को कहीं तो माता पिता ने उसे इजाजत दी ।इसके बाद उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा लहरा कर भुरकुंडा कोयलांचल का मान बढ़ाया साथ-ही-साथ अपने सपने को भी पूरा किया। वही शाहबाज ने बताया कि 40 घंटे जीप से और400 किलोमीटर पैदल साथ ही लॉकडाउन की वजह से पैसे की कमी थी फिर भी मैंने हौसला नहीं छोड़ा और मैंने मंजिल तक पहुंच कर अपने देश का तिरंगा फहरा कर मान बढ़ाया।

# भाजपा का जनसंपर्क सह नुक्कड़ सभा का आयोजन

संवाददाता

**झरिया।** रामचंद्र दल में शनिवार को भाजपा नेता संजू वर्मा के अध्यक्षता में जनसंपर्क सह नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा सभा में मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो एव भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रही। सैकड़ों की संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने ढुल्लू महतो एव रागनी सिंह का भव्य स्वागत अभिनंदन किया।



सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री रागनी सिंह ने कहा की दिनांक 25 मई को झरिया की जनता इतिहास बनाएगी। साथ ही भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से विजय बनाएगी क्योंकि पहले की सरकार में कोई गरीब यह नहीं सोचा होगा की हमारे पास पक्का मकान, घर में नल और रोजगार होगा जिसे देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी के साथ पूरा कर के दिखाया है। लेकिन वर्तमान की गठबंधीय सरकार के कार्यकाल में झारखंड में हत्या,लूट,फिरौती, रंगदारी, महिलाओं पर उत्पीड़न समेत कई समस्या से यहां की जनता त्रस्त है। अब समय आ गया जब झारखंड की जनता अपने मतदान से जवाब देगी। वहीं सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि सत्तर वर्षो से देश में कांग्रेस का शासन रहा लेकिन अयोध्या में प्रभु श्री राम जी का मंदिर नही बन सका। लेकिन राम मंदिर निर्माण भाजपा के एजेंडा और घोषणा पत्र में था की जब नरेंद्र मोदी प्रधानमन्त्री बनेंगे तो प्रभु श्री राम जी का भव्य मंदिर भी बनेगा। चिटाही धाम मंदिर में मेने भी वर्ष 2019 में प्रभु श्री राम जी से प्रार्थना किया था की बहुत जल्द आपका भव्य मंदिर अयोध्या धाम में बने। प्रभु श्री राम जी ने मेरी प्रार्थना स्वीकार कर ली। कार्यकर्म में मुख्य रूप से राजकुमार अग्रवाल, अरुण साव, अखिलेश सिंह ,राजकिशोर जेना,श्रवण राय, योगेंद्र यादव,
राजेश शर्मा, मोनू मंडल, दीपक मंडल, अमित वर्मा, रोहित ठाकुर, पिंकू चंद्रवंशी , मुन्नी देवी, पुनीता देवी, कुसुम वर्मा, लीला देवी समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

गांडेय उपचुनाव को लेकर झामुमो प्रत्याशी मैदान में

## स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर रही कल्पना सोरेन



संवाददाता

**गिरिडीह।** गांडेय क्षेत्र से राजनीति में पहली बार किस्मत आजमा रही इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन अब जोर शोर से चुनाव प्रचार कर रही हैं। शनिवार को पहले उत्सव उपवन में कल्पना सोरेन ने गांडेय के 15 पंचायत के 68 गांव के आदिवासी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उनसे सीधा संवाद कायम किया। इस दौरान उत्सव उपवन में कल्पना ने प्रतिनिधियो से उनकी परेशानियों को समझा, और कहा कि आदिवासी समुदाय के बहुत अच्छे हालात नहीं हैं। उनके जीवन स्तर को सुधारना जरुरी है।

उत्सव उपवन में आदिवासी प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद कल्पना सोरेन गांडेय और बेंगाबाद के महुआर दुर्गा मंडल पहुंची। जहां स्थानीय लोगों से मिलीं और उनसे रुबरु हुईं। इसके बाद कल्पना सोरेन ने करीब दर्जन भर गांवो का भ्रमण किया और ग्रामीणों से सीधा संवाद कायम किया। कई स्थानों पर इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन का स्वागत भी गर्मजोशी के साथ किया गया।

## महिलाएं सशक्त होंगी तो देश मजबूत होगा : अनुपमा

संवाददाता

**धनबाद।** इंडिया गठबंधन की धनबाद लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी का तूफानी दौरा बोकारो आवासीय कार्यालय लोहांचल से जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर क्षेत्रीय नेताओं कार्यकताओं समाजसेवियों एवं समर्थकों के साथ मौजूद गण मन लोगों के साथ बैठक विचार विमर्श कर कार्यक्रम जनसंपर्क की शुरूआत की इसी क्रम में धनबाद लोकसभा के चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कालीकापुर पंचायत शाखा कुरी आदराकुड़ी,बत्बोया में बानेश्वर महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनसंपर्क कर फुसरो पंचायत पहुंचकर दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर मां दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त किया वहां ग्रामीणों से मिलकर क्षेत्रीय जन समस्याओं से अवगत होकर उनके निवारण हेतु इंडिया महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिए समर्थन मांगा, चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र



अंतर्गत का फुसरो पंचायत के नवाडीह पंचायत हरिजन गांव पहुंचकर वहां ग्रामीणों से मिलकर क्षेत्रीय जन समस्याओं को सुना जनसंपर्क करते हुए लंका पंचायत हरि मंदिर प्रांगण पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र भ्रमण जनसंपर्क करते हुए खेरा बेड़ा पंचायत स्थित महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र के झालवडदा,नौडीहा मोड़ मैं इंडिया गठबंधन के सभी दलों के क्षेत्रीय नेताओं कार्यकर्ता एवं समर्थकों के साथ बैठक कर मां गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने की रणनीतियों पर चर्चा की और कहा कि देश के संविधान को बचाने और दुनिया के सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करने की जिम्मेवारी हम लोगों के कंधे पर आन पड़ी है आज कांग्रेस निरंतर देश की निरंकुश सरकार से जनहित के लिए लड़ रही है आपका हक और हित के लिए हमेशा मैं तत्पर रहूंगी अब आपकी अपनी धनबाद की बेटी अनुपमा आपसे आशीर्वाद लेने के लिए आई है।

## इंडिया गठबंधन के कोडरमा लोस प्रत्याशी बिनोद सिंह का भेलवाघाटी में हुआ जोरदार स्वागत

संवाददाता

**गिरिडीह।** कोडरमा का सांसद कैसा हो बिनोद सिंह जैसा हो के नारे के साथ देवरी प्रखंड के भेलवाघाटी में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बिनोद सिंह का स्वागत किया गया। आम आदमी पार्टी देवरी के प्रखंड अध्यक्ष कासिम अंसारी की अगुवाई में ढोल मांदर के साथ नौजवानों, किसानों, मजदूरों व महिलाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर बिनोद सिंह ने कहा कि पिछले दस साल में कोडरमा लोकसभा का समुचित विकास नहीं हुआ।

शिक्षा के क्षेत्र में भी लोगों को निराशा हीं हाथ लगी। देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। युवाओं से अच्छे दिन के नाम पर वोट लिए और बेरोजगारी चरम पर पहुंचा दिया। इस बार व्यवस्था बदलाव के लिए वोट करें। आम



आदमी पार्टी देवरी के प्रखंड अध्यक्ष कासिम अंसारी की अगुवाई में ढोल मांदर के साथ महिलाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर बिनोद सिंह ने कहा कि पिछले दस साल में कोडरमा लोकसभा का समुचित विकास नहीं हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में भी लोगों को निराशा हीं हाथ लगी। देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। युवाओं से अच्छे दिन के नाम पर वोट लिए और बेरोजगारी चरम पर पहुंचा दिया। आम आदमी पार्टी देवरी प्रखंड अध्यक्ष कासिम अंसारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी दल कांग्रेस , झामुमो, राजद, भाकपा माले, आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ता नौजवान, किसान व मजदूर लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट हैं। हम करो या मरो के तर्ज पर 2024 का लोकसभा चुनाव लडेंगें और जीतेंगे। जनसंपर्क कार्यक्रम में कांग्रेस , झामुमो, राजद , भाकपा माले और आम आदमी पार्टी के सैकडों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हैप्पी सटरडे के दिन हुई बाल विवाह पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

### अक्षय तृतीया में न हो कोई बाल विवाह का लिया गया संकल्प

संवाददाता

**गिरिडीह।** प्लस टू उच्च विद्यालय, अटका मे बनवासी विकास आश्रम, बगोदर, गिरिडीह के द्वारा तथा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से हैप्पी सटरडे नामक कार्यक्रम के अंतर्गत अक्षय तृतीया शुभ मुहूर्त बाल विवाह बिषयक भाषण प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 100 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रिया कुमारी, द्वितीय श्वेता रानी, तृतीय राहुल



कुमार को चयनित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य शिशिर कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक अपराध है।

लड़की की शादी 18 वर्ष के बाद तथा लडके की शादी 21 वर्ष बाद बैध मानी जाती है। बाल विवाह होने पर दो वर्ष की सजा तथा एक लाख जुमार्ने का प्रावधान है। बाल विवाह होने से ज्यादा प्रभावित लड़कियां होती है। कम उम्र में शादी व कम उम्र में बच्चे।

जिसका दुष्परिणाम मातृ शिशु मृत्यु दर मे बृद्धि, खून की कमी, कुपोषित बच्चे जैसी बहुत बीमारियों से ग्रसित हो जाना और अंत मे कम उम्र में मृत्यु हो जाती है।

कहा कि इस कुप्रथा की जानकारी जन जन को देना है और बाल विवाह को मिटाना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका ज्योति कुमारी, आरती कुमारी, गीतांजलि मीणा, निवास पाण्डेय रामेश्वर कुमार सुनील कुमार, रंजीत कुमार राजेश यादव छात्रा निकिता कुमारी, दीपिका कुमारी, रानी कुमारी, आशा कुमारी, ज्योति कुमारी, प्रिया कुमारी, कोमल कुमारी निधि कुमारी, प्रेम कुमार, अरुण कुमार, सूरज कुमार, आकाश कुमार बनवासी विकास आश्रम से ओम प्रकाश महतो, रवि कुमार आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## लोकसभा चुनाव प्रबंधन कमिटी ने की बैठक का आयोजन

संवाददाता


**गिरिडीह :** कोडरमा लोकसभा की लोकसभा चुनाव प्रबंध समिति और कोर कमेटी की बैठक प्रधान कार्यालय गिरिडीह में संपन्न हुई। इस लोकसभा चुनाव 2024 की जीत की कार्य योजना तैयार की गई एवं संगठन को लोकसभा चुनावी अभियानों में जुटने का आह्वान किया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव ने बताया कि निश्चित रूप से हमारी जीत होगी और यह जीत जनता के नाम होगी। पिछले चुनाव के बाद जो भी कार्य क्षेत्र में रह गए हैं इस बार चुनाव जीतने के बाद उसको पूरा करवाने में भरपूर सहयोग रहेगा। उन्होंने कार्यकताओं और सहयोगियों से भी अपील की कि शहर से गांव और घर घर पहुंचकर जनसंपर्क के माध्यम से जनता को अधिक से अधिक मत देने के लिए उत्साहित करें। ताकि वह अपना मत देकर श्रीमती अन्नपूर्णा देवी को जिताने में भरपूर सहयोग करें। इस बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अन्नपूर्णा देवी,लोकसभा प्रभारी विकाश प्रीतम, विधायक केदार हाजरा, विधायक अमित यादव, विधायक नीरा यादव, लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह, पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, सह संयोजक प्रणव वर्मा, गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिप अध्यक्ष मुनिया देवी, जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव, कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, सहित विधानसभा संयोजकगण, लोकसभा कोर कमिटी एवं चुनाव प्रबंधन समिती के पदाधिकारीगण मौजूद रहें।

### संडे बाजार में चल रहा है श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत महापुराण कथा

# प्रवचन और मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र

संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड अंतर्गत संडे बाजार दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री विष्णु महायज्ञ श्रीमद भागवत महापुराण कथा के दौरान वृंदावन से आए आचार्य रूद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज का प्रवचन और अनेकों झांकी आकर्षण का केंद्र है। जिससे शरद्धालु रात्रि में यज्ञ और प्रवचन स्थल तक खींचे चले आते हैं। इसके अलावा यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग यज्ञशाला का परिक्रमा कर रहे हैं। यज्ञाचार्य श्याम जी पांडे, रोमांस गोस्वामी, शिवम पांडेय व दीपक द्विवेदी ने कई स्थानो में यज्ञ कराया है। श्री वृंदावन से आए आचार्य रूद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि भागवत कथा व प्रवचन हर इंसान को जीवन में सुनना चाहिए जिससे पाप कटते हैं







जीवन सार्थक होता है। साथ हीं यज्ञ पूजन से व्यक्ति की हर मनोकामनाये पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि यह संसार माया रुपी जाल है। ईश्वर हीं माया जाल से निकाल सकते हैं। इस अवसर पर अनेकों मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत की गई। रात्रि में भागवत की आरती कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान यजमान के रूप में श्री राम सिंह और सतीश सहाय अपनी पत्नी के साथ हैं।

इस अवसर पर समाजसेवी अनिल गुप्ता एवं शिव सिन्हा को कमिटी की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यज्ञ कमिटी के मुख्य सदस्य चंदन सिंह ने कहा कि यज्ञ में कथा प्रतिदिन संध्या 5 बजे से शुरू होकर 11 बजे रात तक चलती है। सात दिवसीय योग का समापन 6 मई को होगी। उसी दिन प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन एवं मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। यज्ञ कमेटी की अध्यक्ष अलका मिश्रा, संरक्षक देवता नंद दुबे, अजय झा, टीडी नायक, अजय जहां, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश दुबे, मीडिया प्रभारी अनिल गुप्ता, कालू रवानी, साउंड रवानी, बंटी वर्मा, रोबिन वर्मा, कार्तिक सोनी, लाखन सिंह, अंकुश मंडल, राजा सरदार, संजय सिंह, अमोद सिंह, संजय सोनार, महेश सोनी, राजू दुबे, कमलेश सिंह, गोपी कुमार, शाहिद कुमार का विशेष योगदान रहा। यहां लगे मेला में झूले का बच्चे खूब आनंद ले रहे हैं।



## जानलेवा हमले में प्रिंटिंग प्रेस संचालक रामचरित्र वर्मा घायल, बोकारो रेफर

संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना बीडीओ ऑफिस रेलवे क्रॉसिंग स्थित सुनीता प्रिंटिग प्रेस के संचालक 62 वर्षीय राम चरित्र वर्मा पर शनिवार को पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी निवासी 65 वर्षीय केदार स्वर्णकार ने हसुआ से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे श्री वर्मा के गर्दन व हाथ की उंगली जख्मी हो गई है। घटना के बाद घायल को उनके पुत्रों व स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बोकारो बीजीएच रेफर कर दिया। वहीं हमलावर को बेरमो पुलिस थाना लाकर पूछताछ कर रही है। घटना के दौरान स्थानीय लोगों की भीड जमा हो गयी थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रिंटिग प्रेस संचालक राम चरित्र





वर्मा दोपहर में अपने दुकान में कार्य कर रहे थे। इसी दौरान पिछरी के विद्यापुरी मुहल्ला निवासी केदार स्वर्णकार आये तो उनका पुत्र शंकर वर्मा दुकान से बाहर निकल कुछ कार्य करने लगे। तभी केदार स्वर्णकार ने हसुआ से रामचरित्र वर्मा के गले में वार कर लहुलुहान कर दिया। तत्काल आवाज सुनकर उनका पुत्र दुकान के अंदर जाकर देखा तो वे अचेत थे। इसके बाद हल्ला करने पर अगल-बगल के कई व्यवसायी जुट गये एवं बेरमो पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। घायल को तत्काल केंद्रीय अस्पताल ढोरी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बोकारो रेफर कर दिया। फिलहाल घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि घटना के बाद हमलावर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। लेकिन उसने घटना को क्यों अंजाम दिया है वह नहीं बताया है।

# डीसीएलआर ने किया आदिम जनजाति बहुल यूनिक बूथ का निरीक्षण




संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी 42 टुंडी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता (डीसीएलआर) संतोष गुप्ता ने तोपचांची प्रखंड के आदिम जनजाति बहुल यूनिक बूथ भवरदाहा का निरीक्षण किया।

साथ हीं अन्य मतदान केंद्र, इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम, सीएपीएफ क्लस्टर इत्यादि का भ्रमण सह निरीक्षण किया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर प्रखंड कार्यालय तोपचांची में प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य सभी पदाधिकारी तथा कर्मियों के साथ बैठक कर निर्वाचन की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिसमें सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने, सभी मतदान केंद्रों पर शीतल पेय जल की व्यवस्था करने, सभी बीएलओ के द्वारा अविलंब वोटर इन्फोर्मेशन स्लीप बांटे जाने, मतदाता सूची मार्किंग करने समेत अन्य निर्देश दिए। साथ हीं वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए स्वीप अंतर्गत 7 मई को निर्धारित मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा निर्धारित समय पर की गई गतिविधियों को सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड करने, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित को टैग करने का भी निर्देश दिया गया।

# ढुल्लू महतो जनसम्पर्क अभियान के तहत पहुंचे विद्यापति परिषद धनबाद



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो अपने जन सम्पर्क अभियान के तहत विद्यापति परिषद धनबाद के प्रांगण में पहुंचे। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष शिवकान्त मिश्रा ने प्रत्याशी का मिथिला के पाग, अंगवस्त्र और पुष्प माला से स्वागत किया और परिषद के गतिविधियों की जानकारी दी। भाजपा आईटी विभाग झारखण्ड के प्रदेश संयोजक अमरनाथ झा ने मां जानकी की धरती मिथिला के गौरवपूर्ण इतिहास का उल्लेख किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सीता के राम के भव्य मंदिर का उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा करते हुए भाजपा के लिए 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोट देने का अनुरोध किया। उन्होंने अयोध्या की तरह चिटाही में भी भव्य राम मंदिर के निर्माण हेतु और धनबाद के मुद्दे को सदन में मजबूती से रखने के लिए ढुल्लू महतो को विजई बनाने का आग्रह किया।

विद्यापति परिषद के उपस्थित कार्यकारी सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने यह विश्वास दिलाया कि वो धनबाद की समस्याओं को सुलझाने का भरपूर प्रयास करेंगे और मिथिलांचल के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के हर क्षेत्र में काम करेंगे। विद्यापति परिषद के सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि और दोनों हाथ उठाकर प्रत्याशी को आशीर्वाद दिया और विजय की शुभकामनाएँ दी।

## एक नजर

### किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाएगी : ढुलू महतो



**भगतडीह/ धनबाद।** शनिवार को बस्ताकोला वर्मा बंगला में मंडल अध्यक्ष स्व० अनिल सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाने दी जाएगी। हर कार्यकर्ता के लिए खड़ा रहूंगा। नुक्कड़ सभा में विभिन्न समाज और क्लब के लोगों ने प्रत्याशी का स्वागत किया। ढुलू महतो ने कहा कि जो आज मेरे साथ खड़े हैं, कल मैं उनके दरवाजे पर खड़ा नजर आऊंगा। सिर्फ आवाज देने की जरूरत है। किसी भी कंपनी की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। इस दौरान बस्ताकोला मोड़, इंडस्ट्री ग्राउंड, संजय चाय दुकान, डोम बस्ती, भुइंया बस्ती, एना विवेकानंद क्लब, बाउरी समाज, हरि मंदिर कमिटी, ऐना वारियर्स क्लब, श्री श्री नरसिंह दलदल अखाड़ा द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष श्रवण राय, राजकुमार अग्रवाल, रामबालक मुखिया, संतोष शर्मा, बप्पी बाउरी, तरुण राय, रामदेव शर्मा, संजय रवानी, काजू राय, बिपिन मंडल, मधेसर चंद्रवंशी, हीरा प्रसाद, संजय साव, सूरज भुइंया, राजेश बाउरी मास्टर, गणेश भुइंया, रोहित भुइंया, रोहित बाध्यकार, छोटू बाध्यकार, सागर बाध्यकार, दारा सिंह, सोनू साव, राजेश बाउरी, श्रीकांत बाउरी, अरुण सिंह, नरेश सिंह, दयासागर पांडे, गोपाल प्रसाद, कल्लू रवानी, सोहन बाउरी, बिट्टू दुग्गू, राहुल सहानी, मोनू श्रीवास्तव, अरुण शर्मा, सोनू राउत आदि उपस्थित थे।

### नियाह फाउंडेशन द्वारा विनर्स माइंडसेट सीरीज की दूसरी पारी की शुरूआत की गई



**धनबाद।** धनबाद में नियाह फाउंडेशन द्वारा विनर्स माइंडसेट सीरीज की दूसरी पारी की शुरूआत की गई। पिछले वर्ष की तरह इस साल भी नियाह की टीम व्यक्तिगत रूप से लेकर महिला, बच्चे, प्रोफेशनल और तमाम तरह की संस्था के साथ उनके जनशक्ति को मजबूती, उनके अस्तित्व की सही पहचान और राह देने का आगाज किया है। नियाह की संस्थापक डॉ० शबा आलम खान उन्नत विज्ञान के माध्यम से लोगों को विकास की मानसिकता की तरफ ले जाने की क्रांति को आगे बढ़ाना चाहती हैं। आज का कार्यक्रम धनबाद क्लब में रखा गया था। धनबाद को अनोखा जीवन बदलने वाले अनुभव उपलब्ध करवाने में अन्य संस्थाओं का भी सहयोग मिलेगा। खास कर ऐसे बच्चे जो माता-पिता से व समाज से दूर होते जा रहे हैं जीवन के मूल?य को समझते हुए उन बच्चों को भी मार्गदर्शन देने का कार्य किया जाएगा। मौके पर धनबाद की अध्यक्ष पूजा रत्नाकर अपनी टीम के साथ, कल्पना झा, पर्यावरण मित्र की संस्थापक कवियित्री सुधा मिश्रा, अपना हॉस्पिटल के संस्थापक सलाउद्दीन, द फाउंडेशन प्ले स्कूल के डायरेक्टर अनिल सिंह के साथ अन्य कई ईश विनर माइंडसेट की सोच का पूर्ण रूप से समर्थन करते दिखी।

### लोको पायलट की मृत्यु से रेल कर्मियों के बीच शोक की लहर

**धनबाद।** कोडरमा क्षेत्र के रेल कर्मचारियों के लिए आज का दिन एक दुखद दिन रहा। तड़के सुबह गोमो के लोको पायलट पंकज कुमार सिंह की सुबह-सुबह गुझंडी में राजधानी एक्सप्रेस से दुर्घटना होने के कारण मृत्यु हो गई। मृत्यु के उपरांत पोस्टमार्टम एवं अन्य कागजात संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कर उनके पार्थिव शरीर को तिरंगा में लपेटकर और फूल माला से सजाकर सम्मान के साथ उनके पैतृक आवास मुंगेर के लिए दोपहर 1:30 बजे विदा कर दिया गया। उनके पार्थिव शरीर के साथ उनके परिजन के अलावा चालक, सहायक चालक एवं मुख्य लोको निरीक्षक पंकज चौरसिया रवाना हुए। मौके पर कोडरमा आरपीएफ प्रभारी जवाहरलाल मुख्य लोको निरीक्षक कोडरमा एके सिंह पहुंचे। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के एनके खवास ने बताया कि कोडरमा शाखा सचिव बीबी सिंह लोको पायलट एवं उपाध्यक्ष अजय कुमार, सचिव एवं लोको पायलट संजीव नयन, लोको पायलट अजीत कुमार, प्रेम कुमार, दीपक कल्याण, निरीक्षक राहुल कुमार सिंह, सहायक चालक मुकेश कुमार, ट्रैकमैन संतोष राय, विनय कुमार, शाहिद आदि सभी कर्मियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दुख की घड़ी में उनके परिजन के साथ खड़े रहने का काम किया।

# पिस्टल- कारतूस के साथ अपराधी इमरान सहित दो अन्य गिरफ्तार

## गोविंदपुर मां शांति रेस्ट हाउस से छापामारी में पकड़े गए



संवाददाता

**धनबाद।** गुप्त सूचना के आधार पर गोविंदपुर पुलिस ने खालसा होटल के पास मां शांति रेस्ट हाउस में छापामारी कर कुख्यात अपराधी इमरान के साथ 7.65 एम एम के पिस्टल, तीन जीवित कारतूस तथा चार एंड्राइड फोन के साथ उसके दो अन्य साथियों को हिरासत में लिया है।

सिटी एसपी अजीत कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इमरान का आपराधिक इतिहास रहा है।

उसके खिलाफ विभिन्न जिलों में डकैती जैसी घटना में संलिप्तता का मुकदमा चल रहा है। जबकि उसके साथ पकड़े गए उसके दो अन्य साथियों संजीव और जमशेद के खिलाफ अब तक कोई अपराधिक मामले सामने नहीं आए हैं। उनकी योजना धनबाद शहर के किसी क्षेत्र में किसी बड़ी अपराधी घटना को अंजाम देने का था जिसका पहले ही उद्भेदन हो गया।सिटी एसपी ने बताया कि धनबाद पुलिस अभी भी इस मामले की छानबीन में लगी हुई है तथा उम्मीद है कि इसमें कुछ अन्य मामले भी उजागर हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि उक्त मामले की सफलता गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम की मदद से प्राप्त हुई है. विदित हो कि आदर्श चुनाव आचार संहिता को लेकर इन दिनों प्रशासन क्षेत्र में विभिन्न और लोकतांत्रिक गतिविधियों के खिलाफ सघन छापामारी अभियान चला रही है।इतना ही नहीं पिछले दिनों गोविंदपुर क्षेत्र में एक मछली व्यवसायी की हत्या के मामले को लेकर भी गोविंदपुर पुलिस सघन छापामारी चला रही थी। जिस दौरान यह सूचना सामने आई कि मां शांति रेस्ट हाउस में कुछ अपराधी घातक हथियार के साथ छिपे हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने एस आई टी का गठन करके उक्त रेस्ट हाउस में छापामारी की जिसमें उसे यह सफलता मिली।

## ढुल्लू महतो ने झरिया विधानसभा क्षेत्र में किया जनसंपर्क अभियान

**झरिया।** धनबाद लोकसभा सीट के लिए आगामी 25 मई को वोट डाला जाएगा। जिसे लेकर क्षेत्र में प्रत्याशियों का जोर सोर से दौरा कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो का शनिवार को झरिया विधानसभा क्षेत्र के बस्ताकोला, इंडस्ट्री बस्ती, ऐना बस्ती, बनियाहिर, झरिया पोदरपाड़ा, रामचंद्र दल में जनसंपर्क, नुक्कड़ सभा और स्वागत कार्यक्रम था। कार्यक्रम में ढुल्लू महतो ने सभी को घर से निकलकर वोट देने की अपील की। साथ हीं नुक्कड़ सभा में कहा कि भाजपा को वोट देकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है। मोदी सरकार 10 साल में गरीबों, मजदूरों व किसानों के लिए कई जनकल्याणकारी योजना लाई। जिसमें उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, मुफ्त में अनाज।सहित कई योजनाएं शामिल हैं। वहीं मौजूद भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता भाजपा को वोट देकर मोदी जी के हाथों को मजबूत बनाएगी। घर घर जाकर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे।

# जनता मजदूर संघ सिंदरी नगर ने शुरू की जल सेवा



संवाददाता

**सिंदरी।** तपती दोपहर में अगर पानी मिल जाय तो मानो ऐसा लगता है कि नया जीवन मिल गया। बता दें कि सिंदरी शहर में सार्वजनिक स्थानों पर ठंडे पानी की व्यवस्था न होने के कारण जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) सिंदरी नगर के सचिव वेद प्रकाश ओझा ने जल सेवा शुरू की है। शहर में लोगों की प्यास बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। इस क्रम में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सिन्दरी, बलियापुर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सामने एवं जयहिन्द मोड़ पर जल सेवा शुरू की गई। कुछ और जगहों पर भी शुरू की जायेगी। सचिव वेद प्रकाश ओझा ने बताया कि वो दो दिन पहले सिंदरी शहर से बाहर गए थे कुछ काम से अपने कुछ संस्था के सदस्यों के साथ। इस क्रम में हमारी संस्था के लोगों को प्यास लगी तो उन्होंने जगह-जगह पानी खोजा पीने के लिए, पर पानी नहीं मिला। फिर वह पानी खरीद कर पीए। यहीं देखकर उन्होंने सोचा कि हमारे सिंदरी शहर में भी ऐसे कई जगह हैं, जहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है। बैंक, पोस्ट ऑफिस और भी बहुत सारी संस्थाओं में लोगों को आने जाने के समय प्यास लग जाती है। पर शहर के रोड के किनारे कहीं पानी की व्यवस्था नहीं है, तो उन्होंने सोचा कि क्यों न ऐसी व्यवस्था कर दी जाय, ताकि इस भयानक गर्मी में हमारे सिंदरी के लोगों को आने जाने के समय प्यास बुझ सके। मौके पर पप्पू सिंह, अंशू शर्मा, संतोष सिंह, दिपक गिरी, राजेश कुमार, शोनू ठाकुर, घंनजय हेमबरम, शशि राम, सुडु राम, मोनू कुमार आदि शामिल हुए।

# अन्नू कुमारी ने किया बलियापुर का नाम रौशन



संवाददाता

**बलियापुर।** बाघमारा पंचायत के मोदीडीह निवासी सुभाष चंद्र महतो की बेटी अन्नू कुमारी कुमारी ने मुंबई के अमरावती मॉडर्न पेंटाथेलोन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित लेजर रन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर नेशनल अवार्ड मिलने पर सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी भाजपा नेत्री श्रीमती तारा देवी ने शॉल देकर सम्मानित किया। भविष्य में भी आगे बढ़े माता-पिता का एवं क्षेत्र का नाम रौशन करे इसकी शुभकामना दी।

कुछ हीं दिन बाद चीन जाने वाली है। जिसके लिए श्रीमती तारा देवी ने आर्थिक सहयोग भी की एवं कहा कि आगे भी किसी प्रकार की जरुरत पड़े, हम हमेशा आगे खड़ी हूँ।

## बलियापुर प्रखंड के प्रधान शिक्षकों की बैठक

**बलियापुर।** बलियापुर प्रखंड के सभी स्कूलों के प्रधान शिक्षकों की गुरुगोष्टी सह समीक्षा बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रीना कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बीइओ ने सभी विद्यालयों के मतदान केंद्रों में एएमएफ की अद्यतन स्थिति, बायोमेट्रिक एटेंडेंस की रिपोर्ट, मध्याह्न भोजन संचालन की स्थिति, छात्रों की ई विद्या वाहिनी में उपस्थित, एमडीएम का प्रतिदिन एसएमएस की स्थिति, एमडीएम का कैश बुक, पासबुक एवं अच्छादन की स्थिति, विद्यालय किचन डिवाइस में संधारण की स्थिति, प्रयास कार्यक्रम की रिपोर्ट, प्रोजेक्ट इंपैक्ट अनुपालन की स्थिति, प्रोजेक्ट रेल के ई विद्या वाहिनी में मार्क्स अपलोड की स्थिति, आधार रजिस्ट्रेशन की स्थिति, ट्रांजैक्शन नामांकन संबंधित स्थिति आदि पर चर्चा की गई।

# बीआईटी सिंदरी के प्रांगण में संधान के दूसरे दिन भी आयोजन



संवाददाता

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के प्रांगण में बीते दिन शुरूआत किए गए संस्थान के सबसे पुराने एवम प्रतिष्ठित क्लब मॉडल क्लब के द्वारा संधान के दूसरे दिन का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। चुनौतियों से लेकर वास्तविक दुनिया की परियोजनाओं तक जोड़ने वाली यह इवेंट हमारे
कॉलेज के युवा टेक्नोक्रेट के लिए नवीनतम तकनीकी रुझानों के साथ समन्वित करने का प्रयास करता है।

दूसरे दिन समारोह के दौरान सीडीसी के अध्यक्ष डॉ० घनश्याम, मॉडल क्लब के प्रभारी प्रो० डॉ० विनीत शेखर, आर के वर्मा, क्लब के चेयरपर्सन विकाश कुमार, पायल कुमारी एवम अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बता दें कि प्रतिस्पर्धा एवम उत्साह से भरे दूसरे दिन आकर्षक कार्यक्रम पेश किए गए। जिनमें एल्गोएरेना राउंड 2, टेकी ऑफ द ईयर,हाइड्रोफ्लाइट, ड्रोन ए थॉन और रोबोसागा राउंड 2 शामिल रहे। तकनीकी कौशल के रोमांचक प्रदर्शन के लिए आयोजित यह इवेंट प्रतिभाशाली दिमागों में रोबोटिक्स और ड्रोन के प्रति उत्साही छात्र-छात्राओं को एक उमदा मंच प्रदान करती है। मौके पर विभिन्न स्कूलों डी नोबली, डीएवी व सरस्वती शिशु मंदिर से आए छोटे छोटे बच्चों ने भी विज्ञान प्रदर्शनी में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चलायी जाएगी रांची- नई दिल्ली के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन




संवाददाता

**धनबाद।** यात्री सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु रांची- नई दिल्ली के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलायी जाएगी। गाड़ी संख्या 02877/ 02878 रांची- नई दिल्ली - रांची समर स्पेशल मुरी- बरकाकाना- टोरी- लातेहार- डाल्टनगंज- गढ़वा रोड- जपला- सासाराम- डीडीयू- प्रयागराज- कानपुर के रास्ते, गाड़ी संख्या 02877 रांची- नई दिल्ली समर स्पेशल 10.05.2024 से 28.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को रांची से 23.55 बजे खुलकर शनिवार को 02.40 बजे बरकाकाना पहुंचेगी और यहां से 02.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 03.53 बजे टोरी पहुंचेगी और यहां से 03.55 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 04.20 बजे लातेहार पहुंचेगी और यहां से 04.22 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 05.13 बजे डाल्टनगंज पहुंचेगी और यहां से 05.15 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 06.00 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी और यहां से 06.05 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं शनिवार को हीं 22.20 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02878 नई दिल्ली रांची समर स्पेशल 11.05. 2024 से 29.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को नई दिल्ली से 23.45 बजे खुलकर रविवार को 17.08 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी और यहां से 17.10 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 17.40 बजे डाल्टनगंज पहुंचेगी और यहां से 17.42 बजे आगे के प्रस्थान करेगी। 18.40 बजे लातेहार पहुंचेगी और यहां से 18.42 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 19.10 बजे टोरी पहुंचेगी और यहां से 19.12 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 21.25 बजे बरकाकाना पहुंचेगी और यहां से 21.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी एवं सोमवार को 00.15 बजे रांची पहुंचेगी। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 18 कोच होंगे।

# बीबीएम के कुलपति का पुतला दहन किया गया

## 14 मई को माथा मुंडन व आमरण अनशन करेंगे



संवाददाता

**सिन्दरी।** शनिवार को पंचायत समिति सदस्य रोहित कुमार महतो के नेतृत्व में सिंदरी कॉलेज में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के कुलपति पवन कुमार पोद्दार पुतला दहन किया गया। पंसस रोहित कुमार महतो ने कहा कि आज जिस प्रकार से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को बंद कर दी गई है और प्राइवेट कॉलेज से मन मुताबिक फि ली जा रही है। इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि धनबाद जिला के किसान, मजदूर, दलित व मध्यम वर्गीय परिवार से आने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई को बाधित करने के लिए एक षड्यंत्र रचा जा रहा है।

जिसे किसी प्रकार से हम लोग चलने नहीं देंगे। आखिर क्या वजह है कि झारखंड राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को चालू रखा गया है। लेकिन बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में बंद कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रहित को देखते हुए सकारात्मक पहल नहीं करती है तो 14 मई को हम लोग माथा मुंडन करके आमरण अनशन करेंगे और जब तक छात्र-छात्राओं का नामांकन इस सत्र में नहीं हो जाता है तब तक आंदोलन चलता रहेगा। मौके पर छात्र छात्राएं और अभिभावक मौजूद थे।

## सुभाषितम्

**जब आप दो बुराइयों में से छोटी बुराई को चुनते है, तो याद रखें कि वह अभी एक बुराई ही है। - मैक्स लर्नर**

## मतदाता का अधिकार है मतदान

भारतीय संविधान में मतदाताओं को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया गया है। निर्वाचित प्रतिनिधि अपने संसदीय अथवा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के अधिकार का प्रयोग करते हुए संसद और विधानसभा में जो भी कानून बनाए जाते हैं उसमें मतदान करते हैं। बहुमत के आधार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था के कानून और नियम बनाने के अधिकार मिलते हैं। जब भी संसद और विधानसभा में कानून बनाए जाते हैं, बहुमत के आधार पर कानून और नियमों को स्वीकृति प्रदान की जाती है। तभी वह लागू होते हैं। मतदाता जब तक अपने इस अधिकार को गंभीरता के साथ नहीं समझेगा तब तक उसके साथ हमेशा इसी तरह का धोखा होता रहेगा जैसा कि पिछले वर्षों से होता चला आ रहा है। मतदान केवल मतदाता का कर्तव्य नहीं है। मतदान उसका अधिकार है। केंद्र एवं राज्य में जो भी सरकारें बनती हैं, उसमें मतदाता और राजनीतिक दलों की बड़ी भूमिका होती है। क्योंकि मतदाता के मतदान करने के बाद जिस पार्टी को बहुमत मिलता है, उसी की केंद्र एवं राज्य में सरकार बनती है। वही बहुमत के आधार पर सरकार बनाती है। मतदाताओं को संविधान की बुनियादी बातों को समझना बहुत जरूरी है। मतदाताओं को उनके अधिकार से भी परिचित कराया जाना जरूरी है। जब कोई भी राजनीतिक दल मतदाताओं के लिए घोषणा पत्र जारी करता है। चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार मतदाताओं को क्षेत्र का विकास करने और क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का जो आश्वासन देता है। मतदाता उसी से प्रभावित होकर अपना वोट उसके पक्ष में देता है। मतदाता राजनीतिक दल की विचारधारा, राजनीतिक दल के घोषणा पत्र में किए गए वायदे और उम्मीदवार द्वारा किए गए वायदों को ध्यान में रखते हुए अपना मत देता है। उसे संसदीय या विधानसभा क्षेत्र से बहुमत के आधार पर वह चुनाव जीतता है। लोकसभा और विधानसभाओं में उस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। निर्वाचित प्रतिनिधि और राजनीतिक दल यदि मतदाताओं से जो वायदे किए गए थे जिस विचारधारा के आधार पर उससे मत मांगा गया था यदि वह उसके विपरीत जाकर काम करता है तो वह मतदाताओं के साथ एक तरह की धोखाधड़ी है। निर्वाचित सांसद अथवा विधायक राजनीतिक दल को छोड़कर दूसरे दल में जाता है, तो यह मतदाताओं के साथ धोखाधड़ी है। इसी तरीके से निर्वाचित प्रतिनिधि यदि अपने वायदे से मुकर जाता है, तो यह भी मतदाताओं के साथ एक तरह की धोखाधड़ी है। मतदाताओं को अपने इस अधिकार को समझते हुए मतदान करना चाहिए। मतदाता सजग होगा तो राजनीतिक दल और निर्वाचित प्रतिनिधि मतदाताओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे निर्वाचित प्रतिनिधि नैतिकता के साथ काम करेंगे। संविधान ने नागरिकों को जो मौलिक अधिकार दिए हैं। कोई भी सरकार इन अधिकारों को कम या खत्म नहीं कर सकती है। संविधान की मूल संरचना या आत्मा निष्पक्ष चुनाव कराने और हर नागरिक के अधिकारों को सुरक्षित बनाने का काम करती है। इस अधिकार की रक्षा करना मतदाता का ही कर्तव्य और अधिकार है। जब मतदाता अपने कर्तव्य और अधिकार को समझ लेगा सही मायने में तभी वह सही सरकार को चुन पाएगा। तभी उसके मौलिक अधिकार सुरक्षित रह पाएंगे। भारतीय नागरिकों को चाहे वह किसी भी जाति, धर्म का स्त्री, पुरुष ट्रांसजेंडर अपंग अथवा किसी भी आयु वर्ग का हो सभी को समान अधिकार दिए गए हैं। संविधान की इस संरचना को बदलने का अधिकार किसी के पास भी नहीं है। यह तभी सुरक्षित रह पाएंगे जब नागरिक स्वयं अपने अधिकारों और मतदान के कर्तव्य को लेकर सजग होंगे।

# विश्व नेता की साख पर आघात हैं दुराचारी नेता!



मनोज कुमार अग्रवाल


राष्ट्रवाद के परचम को लेकर सबका साथ सबका विकास और बेटी पढाओ बेटी बचाओ के नारी सम्मान व सुरक्षा के नारे को शिरोधार्य कर भाजपा नीत राजग सरकार दस साल पूरे कर एक बार फिर जनमत हासिल करने के लिए प्रयत्नशील है। लेकिन राजग में में शामिल जनता दल सेकुलर के एक मोजूदा सांसद प्रज्वल रेवन्ना की सैक्स टेप कांड से तहलका मचा है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के सांसद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं से दुष्कर्म करने और उनके अश्लील वीडियो बनाने के गंभीर आरोप हैं। देवेगौड़ा जनता दल सेक्यूलर के संरक्षक हैं और रेवन्ना इसी पार्टी से कर्नाटक के हासन से सांसद है। इस बार भी वह जद (एस) के टिकट पर हासन से चुनाव मैदान में है, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। मतदान के अगले दिन ही दर्जनों अश्लील वीडियो वारयल हो गए, जिनमें कथित तौर पर अलग-अलग महिलाओं के साथ रेवन्ना नजर आ रहे हैं। उसी दिन से इस प्रकरण पर राजनीतिक बवाल मचा हुआ है। आपको बता दें कि मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी गई है एसआइटी ने पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पुत्र कर्नाटक के पूर्व मंत्री व मौजूदा विधायक एचडी रेवन्ना और मौजूदा सासंद पोत्र प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ अपहरण बलात्कार समेत महिला सम्मान को आघात पहुचाने व आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। रेवन्ना के खिलाफ लुकाउट नोटिस जारी किया गया है। इस बेहद शर्मसार करने वाले प्रकरण से विपक्ष को मौका मिला तो कांग्रेस आरोप लगा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे व्यभिचारी के लिए वोट मांगे, उन्हें माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, कांग्रेस यह भी आरोप लगा रही है कि केंद्र सरकार ने आरोपित को विदेश भागने में मदद की। दूसरी ओर, भाजपा आरोप लगा रही है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार क्या कर रही थी? वीडियो वायरल होने के बाद उसने कोई संज्ञान लेकर कार्रवाई क्यों नहीं की?दोनों दलों के आरोप अपनी-अपनी जगह सही प्रतीत हो रहे हैं। अब कर्नाटक सरकार ने विशेष जांच दल का गठन किया है और रेवन्ना के विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। लेकिन नेताओं की शर्मनाक हरकत यही सीमित नहीं हैं कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के आबकारी मंत्री आरवी तिम्मापुर ने दुष्कर्म के आरोपी रेवन्ना की तुलना भगवान श्री कृष्ण से कर ने विवाद को जन्म दिया है।

बहरहाल राजनीतिक बयानबाजी अलग विषय है, किन्तु यह अत्यंत गंभीर मामला है कि इतने दुष्कर्म के आरोपों से घिरा व्यक्ति भारत की संसद का एक माननीय सदस्य है।और दोबारा लोकसभा की सदस्यता का दावेदार भी है। 26 अप्रैल को उस का भाग्य ईवीएम में दर्ज हो चुका है। हालांकि रेवन्ना के पिता सफाई दे रहे हैं कि सीडी में कैद उस की कथित दुराचार भरी करतूतें कई साल पहले की है जब वह इस हद दर्जे का अय्याश और दुराचारी है तो ताज्जुब की बात यह है कि राजनीतिक हैकडी दबंगई सत्ता की हनक के बूते पर रेवन्ना सैकड़ों युवतियों महिलाओं के साथ व्यभिचार कर उनकी रोते बिलखते और बख्श देने के लिए गिड़गिड़ाते हुए कई सीडी बनाकर व्यभिचार करता रहा। इस सारे मामले पर विचार करेंगे तो प्रथम दृष्टया यह पता चलता है कि प्रज्वल रेवन्ना महिलाओं का यौन शोषण कर अपने अहम की तुष्टि करने की मानसिक बीमारी से ग्रस्त है क्योंकि बताया गया है कि कुल 2976 क्लिप विभिन्न सीडी में दर्ज है करीब चार सौ युवतियों महिलाओं के दैहिक शोषण का शिकार बनाया गया है। सबसे दुखद घटना के इस दुराचारी किरदार का मामले का भांडा फूटते हीआसानी से देश से विदेश भाग जाना भी शर्मनाक है । न कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने उसे रोका और न ही केंद्र की भाजपा सरकार ने। जाहिर है कि सत्ता राजनीतिक पहुंच रखने वाले दबंग लोग कानून को पैरों तले रोंदते हैं मानो यदि किसी के पास पैसा व पहुंच है तो वह जो मर्जी अपराध करके भाग सकता है क्या ,कानून बाद में लकीर पीटने के लिए बना है?

गौरतलब है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सरकार की अपेक्षाकृत छवि साफ मानी जाती है, किन्तु उनकी पार्टी के नेताओं पर भी समय समय पर महिलाओं से दुराचार दुष्कर्म के गंभीर आरोप लग रहे हैं चाहे वह उत्तर प्रदेश का विधायक कुलदीप सेंगर हों, गोंडा के भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह हो साक्षी महाराज हो या फिर अब भाजपा की सहयोगी पार्टी जेडीएस के सांसद रेवन्ना हों, सब पर एक ही जैसे अत्यंत गंभीर आरोप लगे।

पार्टी ने तब तक उनके विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाया जब तक कि अदालत ने सजा न सुना दी। सेंगर को सजा होने के बाद ही पार्टी से निलंबित किया गया। ब्रजभूषण पर देश का नाम रोशन करने वाली अंतरराष्ट्रीय पहलवानों ने शोषण के गंभीर आरोप लगाए, लेकिन सरकार ने उसे कुश्ती महासंघ के पद से हटाना तक जरूरी नहीं समझा। अब महिला पहलवानों के व यौन शोषण का मुद्दा पुनः जोर न पकड़ ले और चुनाव में नुकसान न हो जाए, इसलिए उसका टिकट तो काट दिया, लेकिन उसके बेटे को ही टिकट दे दिया। इसी तरह, कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से कार्यकाल पूरा होने के बाद ब्रजभूषण तो हट गये, पर उन के अपने बिजनेस पार्टनर को ही अध्यक्ष बनवा दिया। क्या ये दुराचार के आरोपी नेता राजनीतिक रूप से इतने दबंग हैं कि उन पर हाथ डालने की हिम्मत ही नहीं है? या उनके सहयोग के बिना सत्ता में लौटना सम्भव नहीं है। फिर बाकी दलों में और भाजपा में क्या अंतर रह जाता है? यदि हालात ऐसे हैं तो 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं जैसे नारे निरर्थक हैं। इसी तरह, चुनाव में वोट बटोरने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी भले ही रेवन्ना को लेकर आक्रामक हों, किन्तु जब राजस्थान में उनकी सरकार थी और हर दूसरे दिन बच्चियों से दुष्कर्म के मामले आते थे तब प्रियंका राहुल और सोनिया के मुंह से एक शब्द नही निकला। आपको याद होगा कि बलात्कार करने वालों पर समाजवादी पार्टी के तत्कालीन मुखिया मुलायम सिंह यादव ने तो कह दिया था बच्चे हैं, गलती हो जाती है। बयान की बहुत समय तक आलोचना की गई। यूपी, मध्य प्रदेश, बंगाल, बिहार, कर्नाटक सब जगह तो ऐसे मामले सामने आए हैं। यह किस तरह की मानसिकता है? ऐसे में हम किस मुहं से दो माह से संदेशखाली के दबंग के खिलाफ हर मंच से दुराचार और दबंगई के आरोप में आवाज उठा रहे थे।

# विवाह भारतीय समाज की मजबूती का आधार



हृदयनारायण दीक्षित

आधुनिक सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है। लेकिन आधुनिकता की चपेट में है। वस्तुतः आधुनिकता प्राचीनता का ही हिस्सा है और उसी का विकास है। भारत प्राचीन सभ्यता है। इस सभ्यता का सतत विकास हुआ है। आधुनिकता और प्राचीनता को खण्डों में नहीं बांटा जा सकता। प्राचीन सभ्यता से विकसित होकर बनने वाली आधुनिकता स्वागत योग्य है। लेकिन वर्तमान भारत की आधुनिकता में विदेशी सभ्यता की वरीयता है। यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है।

उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने 'लिव इन' नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है।

'लिव इन' दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ साथ रहते थे। साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निमार्ता और मुखिया रहे हैं। लेकिन उधारू सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतसंर्वाद व अंतसंर्गीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है।

जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। ऋग्वेद में विवाह नाम के उत्सव का वर्णन बार-बार पठनीय है। ऋग्वेद (10.85) में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का रोचक वर्णन है। सूर्य प्रकृति की विराट शक्ति हैं। आराध्य हैं। यहां उनकी पुत्री के विवाह का उत्सव वर्णन है। यह वर्णन निरा काल्पनिक नहीं हो सकता। ऋग्वेद में विवाह के समय वर कहता है, "हे वधू सौभाग्य वृद्धि के लिए मैं आपका हाथ ग्रहण करता हूं। तुम मेरे साथ सदा रहना।" अग्नि देवता के चारों ओर सात चक्कर लगाने की परम्परा सप्तपदी में भी है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से सम्बद्ध करते हैं।" स्तुति है कि,"हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।" पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं,"यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो।" देवों से स्तुति है कि, "इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं।" फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, "आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें।" प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है।

ऋग्वेद में विप्सला नाम की महिला के पैर टूटने का विवरण है। अश्विनी देवताओं ने टूटे पैर की जगह किसी धातु का कृत्रिम पैर लगाया था। इसी तरह एक महिला मुदग्लानी की भी वीरता का उल्लेख है। वैदिक काल की इसी परम्परा के दर्शन रामकथा में भी मिलते हैं। कैकई भी दशरथ के साथ युद्ध भूमि में थीं। लोपामुद्रा भी वैदिक मंत्रों की रचयिता हैं। पुरुष और स्त्री में भेदभाव की बातें व्यर्थ हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं। वैदिक समाज का सर्वाधिक प्रिय पेय है सोम। ऋग्वेद के अनुसार पति-पत्नी दोनों मिलकर सोम पीसते हैं और साथ-साथ सोमरस का आनंद लेते हैं। साथ-साथ देव स्तुतियां भी गाते हैं। पत्नियां अपने पतियों के साथ पर्व उत्सवों में हिस्सा लेती थीं। एक मंत्र के अनुसार अग्नि देव से स्तुति है कि वे 33 देवताओं को पत्नियों सहित यज्ञ उत्सव में लाएं।

जीवन दिक्काल के भीतर है। जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु भी होती है। जन्म के बाद धीरे-धीरे शैशव विकसित होता है। सम्भावना का घट टूटता है। जीवन ऊर्जा ऊर्द्धवगामी होती है। तब आती है तरुणाई। तरुणाई भी अल्पकालिक है। सूर्य आते हैं। उदित होते हैं। कालरथ का पहिया घूमता है। शरद आती है। हेमन्त, शिशिर आते हैं। तमाम पूर्णिमा और बार-बार अमावस। जीवन का संध्याकाल आता है। शरीर जीर्ण होता है। ऊर्जा घटती है।

आंखों की ज्योतिर्मयता घटती है। जन्म और मृत्यु के बीच बड़ा फासला नहीं होता। सामान्यतया 60 वर्ष की वय में वृद्धावस्था प्रकट हो जाती है। वृद्ध होना सबकी नियति है। सभ्यता और संस्कृति में वृद्धों के सम्मान को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया गया है। महाभारत के यक्ष प्रश्नों में माता-पिता को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा, "आकाश सबसे ऊंचा है। हे धर्मराज आप बताएं कि आकाश से ऊंचा क्या है?" युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "पिता आकाश से ऊंचा है।" यक्ष ने फिर पूछा, "पृथ्वी के गुरुत्व और भार से भारी क्या है?" युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "माता पृथ्वी से भारी है। माता सृष्टि की आदि अनादि अनुभूति है। हम सब मां का विस्तार हैं।" हमारे भीतर माता और पिता दोनों की उपस्थिति है। लेकिन जीवन की सांझ में वे एकाकी हैं। वे चाहते हैं कि पौत्र और पौत्रियां उनका हाल-चाल लें। उनसे बातें करें। वे डांटें तो हम उनकी डांट खाकर भी प्रसन्न रहें। वृद्धों के पास जीवन अनुभव होते हैं।

## चिंतन-मनन

### अपना दृष्टिकोण

**एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है। कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है। प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम में बदलना। अहं और अर्हम में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम पर ऊर्ध्वर लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।**

# विपक्ष के टूलकिट मुद्दों की निकली हवा



मृत्युंजय दीक्षित

स्वतंत्रता के बाद देश में अभी तक जितने भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव हुए हैं उनमें पहली बार कांग्रेस के नेतृत्व में बना गठबंधन हर दृष्टि से कमजोर नजर आ रहा है। जब से लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेताओं ने प्रचार आरम्भ किया है तभी से राहुल गांधी व उनके प्रवक्ता तमाम मंचों पर केवल एक ही बहस कर रहे हैं कि अगर मोदी जी तीसरी बार 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंक देगी। दोबारा चुनाव नहीं। इसके अतिरिक्त यह लोग प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डीप फेक वीडियो वायरल कर झूठ फैला रहे हैं। शाह के वीडियो प्रकरण में गिरफ्तारी भी हुई हैं।

चुनाव प्रचार में जुटे प्रधानमंत्री मोदी ने इस फर्जी वीडियो प्रकरण को अपने पक्ष में मोड़कर मुद्दा बनाने में सफलता प्राप्त कर ली है साथ ही। वो संविधान और आरक्षण के नाम पर विगत 70 साल में पिछली सरकारों ने जो किया उसे बेनकाब कर रहे हैं। विपक्ष वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आने के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ आरक्षण विरोधी होने का अभियान चला रहा है। बिहार में 2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार और लालू यादव के बीच गठबंधन हुआ था तब इन दलों ने संघ के खिलाफ विष वमन किया था।

मायावती ने भी एक पुस्तक घर-घर बंटवाकर संघ को आरक्षण विरोधी करार करने की कोशिश कर चुकी हैं। अब समय बदल चुका है। यह 2024 की बदली हुई भाजपा और संघ है। दोनों दुष्प्रचार के प्रति पूरी तरह सतर्क और सशक्त हैं। इस बार कांग्रेस नेताओं का यह दांव जमीनी धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। संघ ने साफ कर दिया है कि वह हमेशा संविधान सम्मत आरक्षण का पक्षधर रहा है। संघ का मानना है कि जब तक सामाजिक भेदभाव है या आरक्षण देने के कारण हैं तब तक आरक्षण जारी रहे।

राहुल गांधी आजकल भाजपा को संविधान विरोधी साबित करने में दिन-रात एक किए हुए हैं जबकि वास्तविकता यह है कि अगर आज आम नागरिक अपने संविधान को जान रहा है, पढ़ रहा है और उसके अनुरूप आचरण करना चाह रहा है और उसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास ही हैं। अब हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जा रहा है। भारतीय संविधान को अब वेबसाइट पर आसानी से पढ़ा जा सकता है। नए संसद भवन के उद्घाटन और सेंगोल स्थापना के अवसर पर सदन के सदस्यों को भी संविधान की मूल प्रति दी गई। सच यह है कि संविधान का सत्यानाश कांग्रेस ने ही किया है। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान में मूलभूत परिवर्तन करके उसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी जैसे शब्द जोड़कर उसकी आत्मा ही नष्ट कर दी। आपातकाल लगाकर अपनी विकृत तानाशाही मानसिकता का परिचय दिया। मनमर्जी से विपक्षी दलों की प्रदेश सरकारों को गिराया । कांग्रेस के कार्यकाल में संविधान एक परिवार का बंधक होकर रह गया था व एक धर्म विशेष का तुष्टीकरण कर रहा था। इसी प्रकार कांग्रेस अयोध्या में प्रभु राम की जन्मभूमि और उस पर बन रहे भव्य मंदिर के प्रति भी नकारात्मक रही है।

जन-जन के आराध्य प्रभु राम को काल्पनिक कहने वाली कांग्रेस पहले तो मुद्दे को लटकाने और भटकाने के लिए जी जान लगाती रही, इसमें असफल रहने पर अपने मुस्लिम तुष्टीकरण को मजबूती प्रदान करने के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार कर बैठी। उसके बाद राहुल गांधी व विपक्ष के नेता जनसभाओं में बयान देने लगे कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलित आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या में रामलला के दर्शन करके राहुल गांधी के इस झूठ का करारा उत्तर दिया। राम मंदिर के गर्भगृह में राष्ट्रपति की उपस्थिति ने कांग्रेस नेता के आरोप को बुरी तरह से धो डाला। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने राहुल के बयान को मिथ्या बताया।

राहुल गांधी अपनी जनसभाओं में यह आरोप भी लगा रहे हैं कि वहां कोई गरीब, महिला, किसान और युवा दर्शन के लिए नहीं गया। सच यह है कि अब तक दो करोड़ से अधिक लोग राम मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। इसके अलावा हताश कांग्रेस और विपक्ष बार-बार अपनी पराजय का बहाना खोजने के लिए ईवीएम पर ही संदेह पैदा कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट तक गए। वहां से मिले जवाब से बोलती बंद हो गई है। जब कुछ नहीं मिला तो कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड को लेकर विपक्ष ने प्रधानमंत्री की छवि को खराब करने का अभियान प्रारम्भ कर दिया है। एक टूल किट की तरह इन आभासी मुद्दों को बार-बार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर उठाया जा रहा है । अपने झूठे और फरेबी टूल किट की वजह से वह गहरे दलदल में फंसता जा रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।
**वृष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।
**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।
**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।
**सिंह :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा।
**कन्या :** आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।
**तुला :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।
**वृश्चिक :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।
**धनु :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।
**मकर :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।
**कुंभ :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।
**मीन :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

## दैनिक पंचांग

**05 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.00 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मिथुन | 07.58 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.12 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.28 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.40 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 16.51 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.05 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.21 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.26 बजे से |
| | | कुंभ | 01.13 बजे से |
| | | मीन | 02.46 बजे से |
| | | मेष | 04.16 बजे से |

राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक

**रविवार** 2024 वर्ष का 126 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 17.42 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 19.57 बजे को समाप्त। **योग** वैधृति 07.37 बजे तदनन्तर विष्कुम्भ 04.03 बजे रात्र को समाप्त। **करण** कौलव 07.12 बजे, तैतिल 17.42 बजे तदनन्तर गर 04.12 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 20'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871970
**जूलियन दिन** 2460435.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 25
**विशेष** प्रदोष व्रत, विश्व हास्य दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

### झामुमो, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# केएन त्रिपाठी के पक्ष में मतदान करने का किया आह्वान

संवाददाता

**चंदवा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के लिए झामुमो के केंद्रिय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, बाबर खान, आम आदमी पार्टी के रिंकू खान ने शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। कामता, चकला गांव में बैठक किए। झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले कई लोकसभा आम चुनाव में लोगों ने भाजपा के उम्मीदवार को कई उम्मीदों और सपनों के साथ वोट दे कर जिताया था, लेकिन भाजपा ने लोगों की



सपना और उम्मीदों को चकनाचूर कर रख दिया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने कहा भाजपा की सरकार में बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई आसमान छू रही है, पेट्रोल डीजल के दाम सौ के पार है, गैस सिलेंडर के दाम एक हजार के पार चला गया है, रोजगार से जुड़े लोगों को छटनी कर उन्हें बेरोजगार किया जा रहा है, हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सरकार एक हजार गरीबों को पेंशन दे रही है, महिलाओं को पचास वर्ष से ही पेंशन देने की व्यवस्था किया है। संजय दुबे ने कहा कि दस वर्ष से चतरा मे भाजपा की सांसद रही है लेकिन काम करना तो दूर क्षेत्र में दिखाई

**असगर खान ने कहा भाजपा की सरकार में बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई आसमान छू रही है।**

तक नहीं दिए, सांसद के हाथों एक भी गांव टोलों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, केंद्र की मोदी सरकार से देश की आम जनता त्राहि त्राहि कर रही है। आम आदमी पार्टी के रिंकू खान ने कहा कि केन्द्र की भाजपा नेतृत्व वाली नरेन्द्र मोदी सरकार के जुमले बाजी से सावधान रहने की जरुरत है, यह चुनाव कई मायनों में अलग है, आज लोकतंत्र और संविधान पर खतरा है, बच्चों के भविष्य बर्बाद हो रहा है, देश को बचाने की जिम्मेदारी आप सबों पर है। जन संम्पर्क अभियान में केन्द्रिय समिति सदस्य दीपू कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, झामुमो के प्रखंड सचिव मो. इजहार, आम आदमी पार्टी के रिंकू, रंजन, प्रमोद, मनोज, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष बाबर समेत बड़ी संख्या में गठबंधन पार्टी के नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

# चार धाम परिसर में मां भागवती की पहली प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनायी गयी

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** जपला नहर मोड़ स्थित चार धाम परिसर में श्री मां देवी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ पर पूजा अर्चना, आरती तथा महाप्रसाद में उपस्थित सभी धर्मावलंबी लोगों को दिल से आभार व्यक्त किया गया वहीं सक्रिय कार्यकर्ता जो बढ़-चढ़ कर पूजा में भाग लिए। मौके पर चार धाम अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, वार्ड पार्षद अर्जून प्रसाद गुप्ता, कुंदन कुमार, विनोद कुमार, चौधरी अजीत कुमार, रवि विश्वकर्मा सतेन्द्र गुप्ता मुकेश पटेल, लवकुश मेहता, अभिमन्यु गुप्ता, सुशील कुमार सिंह आदि के योगदान को इन्होंने



अपना बहुमूल्य समय निकाल कर प्राण प्रतिष्ठा की पहली स्थापना वर्षगांठ मनाने में भरपूर सहयोग किए।
उनलोगों को भी बहुत बहुत साधुवाद जो अपना बहुमूल्य समय देकर पूजा अर्चना, आरती, महाप्रसाद में उपस्थित हुए। उन लोगों को भी साधुवाद जो किसी कारण या संकोचवश इस पूजा समारोह में शामिल नहीं हो पाए। श्री नगर मां देवी से यही प्रार्थना है कि हमारे चार धाम के नगरवासियों पर असीम कृपा बनाए रखें। मौके पर प्रधान पुजारी द्रोणाचार्य अशोक कुमार, विश्वकर्मा संतोष कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग सामिल हुए।

## एक नजर

### कुरान वा हदीस के अनुसार जिंदगी गुजारने से संवरती है दुनिया महफिल ऐ मिलाद शरीफ का आयोजन



**हुसैनाबाद/पलामू।** नगर पंचायत के अंतर्गत जपला चौबे निवासी मरहूम शेख फासुद्दीन के सालाना बरसी पर उनके आवास पर महफिल ए मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत तिलावत ए कुरान पाक से हुआ। इस दौरान बाहर से आए कई कारी, हाफिज, के अलावा मदरसा खैरुल इस्लाम हुसैनाबाद में पढ़ने वालों बच्चो ने एक से बढ़ कर एक नात ऐ पाक पढ़ कर महफिल में प्रस्तुत किया, महफिल ए मिलाद शरीफ में मौलाना ने कहा की खुदा की इबादत इस तरह करो की अल्लाह तुम्हे देख रहा है। हर मां बाप को चाहिए की वह अपने औलाद के दिल में अल्लाह की मोहब्बत का जज्बा पैदा करे। अल्लाह पाक से सच्चे दिलों से मोहब्बत करने वालों की जिंदगी कामयाब हो जाती है और आखिरत भी संवर जाती है। मौके पर शेख औरंगजेब, शेख वसीम, शेख शमसुद्दीन, मेराज सिद्धिकी, डॉक्टर एजाज आलम, नईम खान, वाहिद खान, हसमत, रहमत, अजमत, आफान मीर, अमन, पप्पू खान, समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शमिल थे।

### अमरेन्द्र नारायण सड़क दुघर्टना में घायल

**पलामू।** मतदानकर्मियों को चुनाव प्रशिक्षण देने मेदिनीनगर के हेरिटेज स्कूल आने के क्रम में मास्टर ट्रेनर अमरेन्द्र नारायण चियांकी पार्क के निकट एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल के टक्कर में घायल हो गए। उन्हें पैर, हाथ व सीने में चोट लगी है। पैर में गंभीर चोट आयी है। अमरेन्द्र नारायण मध्य विद्यालय शाहपुर चैनपुर के शिक्षक हैं। इसकी जानकारी मिलते ही जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, अशोक सिंह, अमरेन्द्र नारायण व प्रधान सहायक प्रशिक्षण कोषांग रामलखन राम ने उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने एक्स-रे के आधार पर उनका प्राथमिक उपचार किया है। उनकी पत्नी व बेटी ने बताया कि चिकित्सक की सलाह पर पैर की गंभीर चोट को देखते हुए सर्जरी हेतु कल उन्हें रांची ले जाया जायेगा। दुर्घटना की खबर सुनकर नन्द किशोर कुमार, सरोज कुमार आजाद,नसीम अहमद, बबलू कुमार, अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, राजीव कुमार, राजीव कुमार राजू सहित अनेक शुभचिंतक अस्पताल पहुंचे एवं उनका हाल चाल जाना।

### पुलिस जवान की बाइक में लगी आग

**पलामू।** डालटनगंज शहर थाना क्षेत्र के सद्दीक चौक के समीप बंगाल टेंट हाउस के सामने शनिवार को मुख्य सड़क पर चलती बजाज पल्सर बाइक (जेएच 01सीपी 4300) में आग लग गयी। बाइक झारखंड पुलिस के जवान की बतायी गयी है। सूचना मिलने पर टीओपी टू के जवानों ने पानी डालकर आग बुझायी। इस हादसे से आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। बताया गया है कि नवकेतन सिनेमा रोड की ओर से पुलिस जवान संजू कुमार वर्मा गढवा जा रहे थे। संजू गढवा में ही पोस्टेड है। वे गढ़वा के निवासी हैं। उनके पीछे मिथिलेश कुमार बैठे हुए थे। इस बाच बाइक से चिंगारी निकलने पर दोनों बाइक से उतरकर अलग हो गए। इसके बाद बाइक में आग लग ई और देखते देखते धूं-धूं कर जलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने फायर फाइटर से आग बुझाने की कोशिश की। बाद में मौके पर पहुंचे टीओपी टू के जवानों ने पानी डालकर आग पर पूरी तरह काबू पाया। सूचना पर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एक महीने पहले ही बाइक की इंश्योरेंस फेल हुई थी। बाइक में आग लगने के पीछे तेल टंकी से लिकेज बताया गया है।

### केन्द्र में मोदी और झारखण्ड में सुदेश महतो के नेतृत्व में बिकास की अलख जलेगी : सतीश

**मेदिनीनगर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पलामू दौरा पलामू लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी बीडी राम की जीत का मुहर जनता ने लगा दी। झारखंड के सभी 14 लोक सभा में 13 फुल और 1 फल अप्रत्याशित बिजय का परचम फहराने के लिए तैयार हैं। आजसू पार्टी के लोकसभा प्रभारी सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि मिशन 24 मे केन्द्र में मोदी और राज्य में सुदेश को जनता ने स्वीकार कर लिया है। गढ़वा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने मोदी के सफल कार्यक्रम में शामिल होने वाले लाखों जनता को बधाई दी। शंकर विश्वकर्मा ने कहा कि मोदी न सभा में जो शमां बंधाया ये दुर तलख जाएगी। आजसू पार्टी के काफी संख्या में कार्यक्रम में कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्य रूप से त्रिपुरारि सिह डा. अफजल अंसारी केन्द्रीय सचिव चम्पा देवी महिला गढ़वा जिला अध्यक्ष रिता देवी, राजु प्रसाद दशरथ चौधरी आदि के नेतृत्व में मोदी के बिचार को सुनकर हर गांव टोला में प्रचार-प्रसार करने का संकल्प लिया।

# पलामू के तीन केंद्रों पर होगी नीट की प्रवेश परीक्षा

- आज 1552 परीक्षार्थी देंगे नीट की प्रवेश परीक्षा
- तीसरी आंख एवं जैमर की निगरानी में होगी परीक्षा

संवाददाता

**पलामू/मेदिनीनगर।** 5 मई 2024 को पलामू जिले के तीन केंद्रों पर देश की अति प्रतिष्ठित परीक्षा नीट (यूजी) 2024 की प्रवेश परीक्षा आयोजित है। यह परीक्षा एनटीए जोकि एक स्वायत्त शासी संस्था है, जो भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय के अधीन है आयोजित कर रही है। एनटीए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर 2019 से पूरे देश में नीट (यूजी) की परीक्षा आयोजित करती आ रही है। यह परीक्षा पलामू में तीसरी बार आयोजित हो रही है। इस बार यहां तीन केंद्र बने हैं। एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, रोटरी पब्लिक स्कूल चैनपुर, ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल



बाईपास रोड रेड़मा को केंद्र बनाया गया है। इन तीनों केंद्रों के सिटी कोऑर्डिनेटर, एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन खान को बनाया गया है। इसके अतिरिक्त हर केंद्र पर केंद्राधीक्षक ,पर्यवेक्षक, वीक्षकों के रूप में 140 लोगों को तैनात किया गया है। इनके साथ-साथ सहयोगी कर्मचारियों को ऑनलाइन/ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया जा चुका है एवं परीक्षा संचालन का पूर्वाभ्यास भी किया जा चुका है। हर परीक्षा केंद्र पर एनटीए द्वारा सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर भी लगाए जा चुके हैं। हर केंद्र पर परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय एनटीए द्वारा गठित फ्रिस्किंग टीम उनकी शारीरिक जांच करेगी। इस दल में पुरुष और स्त्री दोनों सदस्य सम्मिलित हैं। परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर से भी गुजरना होगा। उनकी बायोमेट्रिक उपस्थिति होगी तथा अभिलेख सत्यापन भी किया जाएगा।

**आवश्यक अभिलेख**

पोस्टकार्ड साइज फोटो लगा एनटीए द्वारा जारी प्रवेश पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, भारत सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र जैसे - आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट इत्यादि। तत्पश्चात परीक्षार्थी अपने निर्धारित कक्षा - कक्ष में जा सकेंगे।

**वर्जित**

किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गजट, स्मार्ट/ सामान्य घड़ी , पेन ड्राइव, स्कैनर, कैलकुलेटर ,माइक्रो फोन, पेजर किसी प्रकार का चिट पूर्जा, टेक्सुअल मटेरियल, ज्यामिति या पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, स्केल, राइटिंग पैड, इरेजर लौग- टेबल, ,हेल्थ बैंड, वॉलेट, प्लास्टिक आई कार्ड इत्यादि। किसी प्रकार का आभूषण जैसे ईयररिंग, नोज पिन, ब्रेसलेट, चैन, नेकलेस,बैज, ब्रोच इत्यादि लाना वर्जित है।
लाना आवश्यक है।
प्रवेश पत्र,पानी का पारदर्शी बोतल, अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि।
दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए सिविल सर्जन/मुख्य चिकित्सा अधिकारी/चिकित्सा अधीक्षक द्वारा निर्गत पीडब्लयूडी सर्टिफिकेट लाना है। इन्हें परीक्षा अवधि में एक घंटा 5 मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा।

**तीनों केंद्रों पर परीक्षार्थी संख्या**

एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज केंद्र पर कुल 928, रोटरी स्कूल चैनपुर पर 312 और ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल बायपास रोड रेड़मा पर 312 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

**आज की प्रशासनिक व्यवस्था**

पलामू जिले के सिटी कोऑर्डिनेटर सह एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जीएन खान ने बताया कि एनटीए द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में उपायुक्त महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदया पलामू से परीक्षा केंद्रों पर कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था में सहयोग करने का आग्रह किया गया है। इन केंद्रों पर एसडीएम महोदय से दंडाधिकारी नियुक्त करने का आग्रह किया गया है। केंद्र के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू रहेगी, जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे।

**परीक्षार्थियों को केंद्र पर उपलब्ध सुविधाएं**

हर केंद्र पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, ब्लैक बॉल प्वाइंट पेन उपलब्ध होगी । जूते वर्जित होंगे। परीक्षार्थी चप्पलों का उपयोग कर सकते हैं, जिससे यह परीक्षा कदाचार मुक्त, तनाव रहित वातावरण में संपन्न हो सके। पलामू जिले के एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर सह एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन. खान ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# होम वोटिंग के तहत तीन दिनों में घर बैठे कुल 333 मतदाताओं ने डाला वोट

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा सीट के लिए 2 मई से ही वोट फ्रॉम होम की सुविधा शुरू कर दी गयी है। इसके तहत 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले और दिव्यांग मतदाता घर से ही मतदान कर रहे हैं। पलामू जिले के चार विधानसभा क्षेत्र के कुल 478 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान करवाया जाना है। इसी क्रम में कुल 99 मतदाताओं से उनके घर पर ही मतदान कराया गया। पोलिंग टीम पूरे दल बल के साथ उनके घर पर पहुंची और मतदान करवाया। आज कुल 13 मार्गों पर टीम ने मतदान करवाया जिसमें 72 मतदाता 85 वर्ष के उपर थे, जबकि 27 दिव्यांग मतदाता शामिल थे।
इसके पूर्व दिनांक 3 मई को 110 मतदाताओं से उनके घर पर ही वोट कराया गया इसमें 68 मतदाता 85 वर्ष के उपर के ऐज के थे। वहीं 42 दिव्यांग मतदाता





थे। इसके पूर्व होम वोटिंग के पहले दिन कुल 124 वोटरों से उनके घर पर ही मतदान करवाया गया था। बता दें कि जो वोटर चलने-फिरने में असमर्थ हैं और वो वोट डालने के लिये पोलिंग बूथ तक नहीं जा सकते, उनके लिये घर पर ही वोट करने की सुविधा प्रदान की गई है। यह अभियान 2 मई से 7 मई तक चलाया जायेगा। वहीं जो मतदाता इस दौरान छूट जायेंगे उनसे दोबारा 9 व 10 मई को मतदान करवाया जायेगा।

### आज बाधित रहेगी लातेहार शहर की बिजली सेवा

**लातेहार।** कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार ने बताया कि 5 अप्रैल को 33 के भी एवम रेलवे स्टेशन फीडर में डाली काटे जाने के कारण लातेहार शहरी क्षेत्र के रेलवे स्टेशन, करकट, मेन रोड, धरमपुर, शिवपुरी , राजहार एवं विभिन्न जगहों में बिजली की तारों से सटे पेड़ों की टहनियों को काटने एवम मरम्मती के लिए सुबह आठ बजे से शाम छः बजे तक विद्युत आपूर्ति सेवा बाधित रहेगी। पिछले चार पांच दिन से तार में डाली के सटने के कारण बार बार लाइन बंद हो जा रही थी, इसलिए तार से सटे सभी डालियों को काटना अतिआवश्यक है, साथ ही सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से बिजली से जुड़ी सभी आवश्यक कार्य सुबह में कर लेने का आग्रह किया है और असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।

### शत-प्रतिशत मतदान करवाने की कवायद प्रारंभ

## होम वोटिंग के जरिये लोगों से घर में ही करवाया जा रहा मतदान



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान करवाने की कवायद शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में 2 मई से ही जिले में होम वोटिंग की प्रक्रिया प्रारंभ है, जिसमें बीते गुरुवार को होम वोटिंग के तहत पलामू जिले में कुल 124 वोटर्स ने अपना मतदान अपने घर में ही किया। ज्ञातव्य है कि जिले के वैसे मतदाता जिनकी उम्र 85+ है व दिव्यांग मतदाता जो चलने-फिरने में असमर्थ है उन्हें भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से 12 डी फॉर्म के माध्यम से घर में ही मतदान कराने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। होम वोटिंग के माध्यम से जिले में कुल 478 मतदाताओं से मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन शुक्रवार को हेरिटेज स्कूल में जारी मतदान का जायजा लिया।
यहां मतदान कार्य में लगे कर्मियों से मतदातान करवाया जा रहा है जो 6 मई तक चलेगा।इसके अतिरिक्त गिरिवर स्कूल में भी मतदान कराया जा रहा है वहीं पुलिस लाइन में 7 से 9 मई को भी मतदान कराया जायेगा।

### मोदी की बेचैनी बता रही है कि पलामू सांसद हार रहे हैं : गणेश

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी गणेश रवि ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी के चेहरे की हताश और निराशा यह बता रही है कि पलामू लोकसभा से भाजपा की जबरदस्त हार हो रही है। नरेंद्र मोदी जी पलामू में पलामू की बात नहीं की। पलामू का प बेरोजगारी का ब और महंगाई का म नहीं बोल पाए। वह पलामू झारखंड से बाहर और कांग्रेस की बात करते रहे। मोदी जी को पलामू सांसद के 10 साल के कार्यकाल उपलब्धि बताना चाहिए था। मोदी जी को मंडल डैम चिरमिरी रेलवे लाइन, कनहर परियोजना, कोयल परियोजना पर बोलना चाहिए। मोदी जी की बातों से लगा कि उन्हें झारखंड में नींद नहीं आई। वह बुरे सपने देखते रहें। सपने कभी-कभी सच भी होते हैं। यही कारण है कि मोदी जी को सच्चाई सामने दिखने लगी है।

### भाकपा माले ने शहीद कॉमरेड जगदेव प्रसाद शर्मा का मनाया 24वां शहादत दिवस

**पाटन (पलामू)।** भाकपा माले पाटन प्रखंड कमिटी सचिव सह इंकलाबी नौजवान सभा पलामू जिला सचिव पवन विश्वकर्मा के नेतृत्व में एक मिनट मौन के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि के साथ शाहिद कॉमरेड जगदेव प्रसाद शर्मा जी का 24 वां शहादात दिवस ग्राम बरसैता में मनाया गया। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शहीद कॉमरेड जगदेव प्रसाद शर्मा पलामू के धरती पर सामंती ताकतों शोषण दमन अत्याचार के खिलाफ लम्बी लड़ाई लड़ते हुए शहीद हो गए शहीद दिवस मे शामिल सदस्यों ने शपथ लेते हुए कहा कि शर्मा जी की शहादत बेकार नहीं जाएगी देश में पहली बार जुमलेबाज प्रधानमन्त्री बना है, जो देश के सरकारी संपत्ति को पूंजीपतियों के हवाले कर देश को गुलाम बनाने की साजिश कर रही है जिसके खिलाफ बोलने आवाज उठाने वाले तमाम विपक्षी पार्टी के नेताओं को जेल में डाल कर लोकतंत्र संविधान पर हमले किए जा रहे हैं! बदलाव का पलामू लोकसभा के जनता से हम अपील करते है कि देश के सभी शहीद क्रांतिकारी साथियों के सपनों को मंजिल तक पहुंचाने के लिए इस बार देश से भाजपा के जुमलेबाज धोखेबाज नाकारा तानाशाह प्रधानमन्त्री को उखाड़ फेंकने के लिए एक एक वोट इंडिया गठबंधन राजद प्रत्याशी ममता भुइयां को भारी मतों से विजई बनाएं।

# लातेहार : अबुवा आवास निर्माण की गति बढ़ाने को लेकर बीडीओ का डोर टू डोर अभियान

संवाददाता

**गारू(लातेहार)।** गारू प्रखंड क्षेत्र में झारखण्ड सरकार की महत्वपूर्ण योजना अबुवा आवास निर्माण की धीमी गति को देखकर बीडीओ संतोष कुमार बैठा नें डोर टू डोर जाकर लाभुकों को त्वरितकार्य करने का निर्देशित किया। प्रथम किस्त की राशि मिलने के बावजूद कई लाभार्थी अब तक कार्य प्रारम्भ भी नहीं किये हैं। शनिवार को बीडीओ नें बारेसांढ़ और



मायापुर पंचायत के लाभुकों से मिलकर अंतिम चेतावनी देते हुए आवास निर्माण अविलम्ब शुरू करने की बात कही। इस सम्बन्ध में पंचायत सचिव राजेंद्र उरांव नें कहा की लाभुकों को लगातार काम शुरू कराने को लेकर निर्देशित कर रहे हैं यदि फिर भी कोई कार्य प्रारम्भ नहीं करता है विधि सम्मत करवाई किया जायेगा। इधर लाभुकों का कहना है की मनरेगा अंतर्गत बिरसा संवर्धन कूप निर्माण वन विभाग में ज्यादातर मजदूर कार्य कर रहे हैं जिसके कारण कार्य में देर हो रहा है।

# राजद की बैठक में त्रिपाठी को विजयी बनाने का संकल्प लिया

संवाददाता

**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल, लातेहार जिला की एक बैठक स्थानीय होटल द ब्लिस में आयोजित की गयी। बैठक में चतरा संसदीय के इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव व मंच संचालन जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव ने किया। बैठक में राजद नेता व कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में केएन त्रिपाठी को विजयी बनाने का संकल्प लिया। मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि आने वाला समय देश में बहुत ही विकट होने वाला है। भाजपा संविधान बदलने की तैयारी कर ही है। आज समाज में असंतोष बढ़ता जा रहा है. उन्होंने आसन्न लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना है। वहीं जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि लातेहार जिला में राजद बहुत मजबूत है। चतरा संसदीय क्षेत्र से इंडी गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को विजयी बनाना है।

## एक नजर

### जनता दरबार में दो मामले निष्पादित



**किशनगंज।** सदर थाना सहित जिले के सभी थानों में शनिवार को जमीनी विवाद के निपटारे को लेकर जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार मे फरियादी जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने थाना पहुंच रहे थे।अलग अलग थाना में लगाये गए जनता दरबार मे फरियादियों की भीड़ जुटी। जनता दरबार में दूर दराज के गांवों से भी लोग फरियाद लेकर पहुंचे। कुल दो मामले निष्पादित हुए। वहीं दो नए मामले सामने आए व नए-पुराने सात मामले लंबित हैं। कुछ मामले में सुनवायी की अगली तिथि दी गई। सीओ राहुल कुमार, सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार व अंचल निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय की मौजूदगी मे लगाए गए जनता दरबार में थाना क्षेत्र के कई लोग अपनी अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे। जनता दरबार में पूर्व में दोनों पक्षों को नोटिस भेजकर ससमय उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। एसपी सागर कुमार ने कहा कि जमीनी विवाद से जुड़े मामलों में थानों में जनता दरबार लगाया जाता है।

### लगी भीषण आग, कई घर जलकर खाक

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया के टोला प्लाजा के समीप शनिवार को भीषण आग लग गयी। इस अगलगी में कई घर जलकर राख हो गए। आग लगने की घटना से लाखों रुपये का नुकसान हो गया और कई परिवार घर से बेघर हो गए। बताया जाता है कि अचानक आग लगने के बाद देखते ही देखते कई घरों में आग लग गई वही, लोगों का समान भी जलकर खाक हो गया। पीड़तों के घर से लेकर खाने पीने का समान तक जल चुका है।

### 72 लीटर नेपाली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अररिया ।** अररिया में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना निर्धारित है। निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की ओर से लगातार फ्लैग मार्च से लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन के निर्देश पर भारत नेपाल सीमा पर भी सख्ती की जा रही है।बावजूद इसके शराब तस्कर और कारोबारी तस्करी और कारोबार करने से बाज नहीं आ रहे हैं।इसी कड़ी में शुक्रवार की रात सिकटी थाना पुलिस और सीएपीएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर एक शराब तस्कर को 72 लीटर नेपाल निर्मित शराब के साथ धर दबोचा।पुलिस ने अमिलो नामक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया।नेपाल से शराब तस्करी कर वह उसे लेकर जा रहा था,जिसे चुनाव में खपाने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। सिकटी थानाध्यक्ष ने पुष्टि करते हुए गिरफ्तार शराब तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी करने की बात कही।

### दहेज की बलि चढ़ी विवाहिता,पति ने की हत्या

**नवादा।** नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के धरनीविघा गांव में शनिवार को नवविवाहिता की हत्या दहेज के लिए कर दी गयी.बताया जा रहा है कि एक नवविवाहिता को उसके ससुराल के लोगों ने दहेज के लिए हत्या कर शव को गायब कर दिया है. यह आरोप विवाहिता के मायके वालों ने पति और ससुरालवालों पर लगाया है. मामले को लेकर मृतिका सुगा देवी के पिता जमुई जिला के चंद्रदीप थाना के हुड़कहिया गांव निवासी गुमनदेव यादव ने पकरीबरावां थाना में लिखित शिकायत की हैं. थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.मृतिका के परिवार वालों ने बताया कि हिंदू रीति रिवाज के साथ अपनी बेटी की शादी धरनीबीघा के सुनील यादव के पुत्र विक्की यादव के साथ 2021 में किया था , जिसमे अपनी यथाशक्ति के अनुसार उसने दहेज देकर अपनी पुत्री का विवाह किया था. सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था, अचानक उनका दामाद विक्की यादव और ससुर सुनील यादव, भैसुर नीतीश यादव एवं देवर केवी यादव सहित सांस दो लाख रुपए और एक मोटरसाइकिल की मांग करने लगे.मृतक के परिवार वालों ने आगे बताया कि दहेज की राशि नहीं देने पर अक्सर मारपीट और प्रताड़ित करते थे. जिसकी जानकारी मोबाइल पर उनकी पुत्री ने उन्हें दी थी।

### हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** हत्या के एक मामले में प्रधान नगर थाने की पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम रमेश मुखिया, पवन मुखिया और बबलू मुखिया है। प्रधान नगर थाना की पुलिस ने तीनों आरोपितों को कूचबिहार से शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। दरअसल, 24 अप्रैल को दार्जिलिंग मोड़ इलाके में एक विवाद में घनश्याम प्रसाद की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पीड़ित परिवार की तरफ से हमलावरों के खिलाफ प्रधान नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई। जिसके बाद मामले की जांच करते हुए पुलिस ने एक हमलवार पूना मुखिया को अगले दिन गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, घटना में शामिल आरोपितों की तलाश कर रही थी। जिसके बाद प्रधान नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सुचना पर कूचबिहार जिले के पुंडिबाड़ी से हत्या में शामिल और तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रधानमंत्री ने दरभंगा स्थित राज मैदान में जनसभा को किया संबोधित

# लालू ने मुस्लिमों को आरक्षण से निकालकर कोटा देने की मांग की थी : प्रधानमंत्री मोदी

### आज भारत ऊंचाइयों पर पहुंच गया है: प्रधानमंत्री

एजेंसी

**दरभंगा (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार के शहजादे (तेजस्वी यादव) के पिता (लालू यादव) ने रेल मंत्री रहते हुए मुस्लिमों को आरक्षण से निकालकर रेलवे में उन्हें कोटा देने की मांग की थी। ये एससी, एसटी और ओबीसी का हक छिनकर मुस्लिमों को देना चाहते हैं। धर्म के आधार पर आरक्षण कटेगा तो यादव और कुर्मी जैसे समाज का



हक भी बंटेगा। पासवान, मुसहर और रविदास समाज के हक पर ये डाका डालने की फिराक में हैं। प्रधानमंत्री मोदी बिहार के दरभंगा स्थित राज मैदान में भाजपा उम्मीदवार गोपाल ठाकुर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जिस तरह एक शहजादे (राहुल गांधी) हैं, उसी तरह पटना में भी एक शहजादे (तेजस्वी यादव) हैं। एक शहजादा पूरे देश को तो दूसरा पूरे बिहार को अपनी जागीर समझता है। कोरोना काल में बिहार के लोगों के साथ इंडी गठबंधन वालों ने गलत किया था। महाराष्ट्र समेत जिन राज्यों में इंडी गठबंधन की सरकार थी, वहां से बिहार के लोगों को भगा दिया गया। बिहार के लोगों को बसों में बैठाकर बीच रास्ते में छोड़ दिया गया। पीएम मोदी ने अपने शासनकाल की उपलब्धियों पर कहा कि आज भारत ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। दस साल पहले भारत दुनिया की 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था थी। बीते 10 साल में हम पांचवें नंबर पर पहुंच गए। कोरोना काल में 100 साल के बाद बड़ा संकट आया था। दुनिया सोचती थी भारत बर्बाद हो जाएगा लेकिन उस समय हमने अपना सामर्थ्य दिखाया और देश उस संकट से बाहर निकला। प्रधानमंत्री ने कहा कि लंबी चर्चा के बाद हमारा संविधान बना। बाबा साहेब आंबेडकर और राजेंद्र प्रसाद जैसे बड़े-बड़े विद्वानों ने धर्म के आधार पर आरक्षण पर लंबी चर्चा की। 77 साल पहले उन्होंने तय किया कि हमारे देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकते हैं। देश को फिर से नहीं बांट सकते हैं। बाबा साहेब ने इसके खिलाफ खुलेआम वकालत की। पंडित नेहरू ने भी धर्म के आधार पर आरक्षण का विरोध किया था। अब हमारे गरीब एससी, एसटी और ओबीसी का कांग्रेस से मोह भंग हो गया है। कांग्रेस नेहरू की भावना के खिलाफ जा रही है और बाबा साहेब आंबेडकर की पीठ पर छुरा घोंप रही है। इस साजिश में आरजेडी भी कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। प्रधानमंत्री ने भाषण में कहा कि दरभंगा में विकास की धारा बह रही है। यहां एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, अमृत भारत ट्रेन और आधुनिक सड़कें यानी हर तरफ काम हो रहा है।

## मतदान से दो दिन पहले डोमकल में बड़ी संख्या में बम बरामद

संवाददाता

**कोलकाता।** तीसरे चरण के चुनाव में सिर्फ दो दिन बचे हैं। इससे पहले मुर्शिदाबाद के डोमकल में तीन जगहों से बड़ी संख्या में बम बरामद किए गए है। बम बनाने के मसाले भी मिले। घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई है।



शनिवार की सुबह गोपनीय सूत्र से सूचना मिलने पर पुलिस ने रायपुर के खिदिरपारा, शमशान घाट और डोमकल के निश्चिंतपुर फराजीपारा इलाके में तलाशी ली। तलाशी के दौरान 16 बम बरामद किये गये। पुलिस ने कहा कि प्लास्टिक की बाल्टियों, नायलॉन की थैलियों में बम सॉकेट और बम बनाने के मसाले थे। इलाकों में पुलिस बल तैनात है। बम निरोधक दस्ते को सूचना दे दी गयी । एक स्थानीय महिला रशीदा बीबी ने कहा, "मैं सुबह उठी और पुलिस को इलाके में आते देखा। बाद में मुझे पता चला कि बम मिला है। मतदान दो दिन दूर है। हम निष्पक्षता से मतदान करना चाहते हैं। पुलिस को सही माहौल बनाना चाहिए। बम बरामद होने के बाद राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे पर कीचड़ उछालना शुरू कर दिया। सीपीएम डोमकल एरिया कमेटी के सचिव मुस्ताफिजुर रहमान राणा ने कहा, "तृणमूल साजिश रच रही है। खुद ही बम रखकर पुलिस को सूचना देते हैं। और विपक्ष के नाम पर झूठे मामले बना रहे हैं।ह्व तृणमूल के डोमकल ब्लॉक के अध्यक्ष हाजीकुल इस्लाम ने कहा, "हमारी राय है कि चुनाव बिना रक्तपात के होना चाहिए। लोग तृणमूल का विकास देखेंगे और वोट देंगे। किसी को डराने की जरूरत नहीं है। बम संस्कृति वास्तव में विपक्ष है। वे पुलिस रिपोर्टों के साथ यहां-वहां बम रखकर भ्रम फैला रहे हैं। 7 मई को राज्य की चार सीटों पर तीसरे चरण का मतदान है। उनमें से एक मुर्शिदाबाद है। मुर्शिदाबाद लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से कई इलाकों में अशांति देखी गई है। इसीलिए मुर्शिदाबाद पर आयोग की अतिरिक्त निगरानी है। तीसरे चरण के मतदान में मुर्शिदाबाद में सबसे अधिक संख्या में केंद्रीय बल भी होंगे।

## जिनको 15 साल मौका दिया वे परिवार को आगे बढ़ाने में ही लगे रहे : सीएम

एजेंसी

**पटना/मुंगेर।** बिहार में मुंगेर लोकसभा सीट से जदयू उम्मीदवार ललन सिंह के पक्ष में शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जिनको 15 साल (लालू यादव) मौका मिला, उन्होंने कुछ काम नहीं किया और सिर्फ परिवार को ही आगे बढ़ाते रहे। मुंगेर लोकसभा सीट के राजग उम्मीदवार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे नीतीश ने हवेली खड़गपुर के खंड बिहारी में राजद सुप्रीमो लालू यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को 15 साल मौका मिला वह बिहार में क्या काम किए, सबको मालूम है। शाम होने के बाद लोग घर बाहर नहीं निकल पाते थे। इनके शासनकाल में लोग डरे रहते थे। वर्ष 2005 के पहले क्या हाल था। सिर्फ प्रचार करते रहते थे। हम ही बनवाए थे। गड़बड़ करने लगे तो



हम ही छोड़ दिए। लालू ने पत्नी को सीएम बनाया। बाल-बच्चा को बनाया, परिवारवाद को बढ़ावा दिया। कांग्रेस भी परिवारवाद पर चल रही है। सीएम ने कहा कि पहले बिहार में सबसे ज्यादा हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव होता रहता था और हमें जब मौका मिला तो बिहार के हित में सिर्फ काम किया जो सबके सामने है। हमने 2005 में सबसे पहले कानून का राज्य कायम किया। सभी जगहों पर हिंदू-मुस्लिम मामले को समाप्त कर मुस्लिम समुदाय के लिए सभी जगहों पर कब्रिस्तान का घेराबंदी किया, मदरसे के लिए भी काम किया। उनके हित में कई काम किए लेकिन ये लोग तो सिर्फ नाम पर वोट का इस्तेमाल किया। अशोक महतो की पत्नी को मुंगेर लोकसभा सीट से राजद उम्मीदवार बनाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के लिए कोई ब्याह कर लिया और कोई जेल में रहे। ये सब कोई चुनाव लड़ेगा, इसका कोई मतलब है। आज बिहार में चारों तरफ विकास की रोशनी जगमगा रही है। चाहे वह पुल-पुलिया और सड़क मार्ग का मामला हो। सभी जगहों पर लगातार कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि मुंगेर में हर प्रकार का कार्य किया जा रहा है।

## एनडीए प्रत्याशी विजयलक्ष्मी ने सीवान से नामांकन दाखिल किया

# सुशासन की सरकार के कारण बिहार प्रगति के पथ पर : सम्राट

संवाददाता

**सीवान :** सीवान संसदीय क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू उम्मीदवार विजयलक्ष्मी ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर बोलते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि यह सिर्फ अपने परिवार की बात करते हैं। इनको आम लोगों से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने बिहार के जंगल राज को याद करते हुए कहा कि आज सुशासन की सरकार के कारण बिहार प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।



वहीं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लोगों से इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी विजयलक्ष्मी कुशवाहा को मत देने की अपील की। लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चिराग पासवान ने देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती देने के लिए एनडीए प्रत्याशी को अपना मत देने का युवा मतदाताओं से अनुरोध किया। स्थानीय गांधी मैदान में एक नामांकन सह आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें बिहार के स्वास्थ्य एवम कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय, मंत्री लेसी सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह, कुशवाहा विधायक अमरेन्द्र पाण्डेय, करनजीत सिंह,विधान पार्षद वीरेन्द्र नारायण यादव, पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव, पूर्व विधान पार्षद मनोज सिंह, पूर्व विधायक श्यामबहादुर सिंह, रमेश सिंह कुशवाहा, जदयू नेता अजय सिंह, विकाश सिंह जिसु, भाजपा जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय, जदयू जिला अध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष संगीता यादव आदि उपस्थित थे।

### जांच टीम ने राजभवन के ओसी से सीसीटीवी फुटेज मांगा

**कोलकाता।** राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगा है। कोलकाता पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) आरोपों की जांच कर रही है। कथित तौर पर डीसी (सेंट्रल) इंदिरा मुखर्जी की अध्यक्षता वाली आठ सदस्यीय जांच टीम ने राजभवन के सीसीटीवी फुटेज मांगे हैं। इस संबंध में शुक्रवार को राजभवन के ओसी को पत्र भेजा गया है। जांच टीम ने राजभवन के विभिन्न कर्मचारियों से भी बात करने की योजना बनायी है। संयोग से राजभवन की एक अस्थायी कर्मचारी ने राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। हालांकि, राज्यपाल ने आरोपों से इनकार किया है। राज्यपाल फिलहाल कोलकाता से बाहर हैं। ऐसे में मामले पर बात करने के लिए जांच टीम शुक्रवार को राजभवन गई और वहां काम करने वाले कुछ लोगों से बात की।

### विविधता और समावेशिता को मनाने के लिए एक फिल्म महोत्सव का आयोजन

संवाददाता

**कोलकाता।** भारतीय गैर-लाभकारी संगठन चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) का 50 वर्षों का विकासात्मक अनुभव विभिन्न हितधारकों द्वारा समर्थित शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में बच्चों और किशोरों को उनकी स्वयं की विकासात्मक प्रक्रिया में शामिल करने पर केंद्रित है। सिनी ने टेरे डेस होम्स जर्मनी के साथ मिलकर एक परियोजना को क्रियान्वित किया है, जिसका उद्देश्य कोलकाता में बाल-सुरक्षित, समावेशी और लिंग-उत्तरदायी शहर समूह बनाना है। सिनी ने बच्चों, किशोरों और एलजीबीटीआईक्यू व्यक्तियों के खिलाफ विशिष्ट चुनौतियों और कारकों की व्यापक समझ हासिल करने हेतु लिंग आधारित भेदभावपूर्ण प्रथाओं को पहचानने और संबोधित करने के लिए व्यक्तियों और समुदायों को सशक्त बनाना शुरू किया है।
इस संबंध में, सिनी ने छात्रों के लिए कई फिल्मों की स्क्रीनिंग के लिए पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग, रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय और सैफो फॉर इक्वेलिटी के साथ सहयोग किया है, जो सामाजिक मानदंडों को चुनौती देते हैं और प्यार, रिश्तों और कामुकता पर वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं जिन्हें अक्सर गलत समझा जाता है या नियमित सामुदायिक जीवन में नजरअंदाज कर दिया जाता है। डब्ल्यूबीसीपीसीआर, रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय और सैफो फॉर इक्वेलिटी के सहयोग से समावेशिता और विविधता का जश्न मनाते हुए सिनी द्वारा कोलकाता, सॉल्टलेक के रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय में एक डाक्यूमेंट्री फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया।
फि ल्मों ने समुदाय के लोगों के वास्तविक जीवन के अनुभवों और चुनौतियों को सीधे संबोधित किया, जिससे गहरा संबंध और समझ पैदा हुई।

## अवैध खनन | अवैध खनन का सीधा असर सरकारी राजस्व पर पड़ रहा है

# खनन माफिया सक्रिय, सरकार को रोज लगा रहे हैं चुना

एजेंसी

**किशनगंज।** जिले में अवैध खनन माफिया काफी सक्रिय है। यहां बालू घाटों की नीलामी जहां नहीं हो पाई है वहां से पूरी रात बिहार बंगाल बालू गिट्टी लदे डंपर लोगों की रात की नींद हराम कर रहे है। वही जिला प्रशासन के निर्देश के बाबजूद स्थानीय प्रशासन चैन की नींद सो रही है। बालू और अवैध खनन माफिया डंके के चोट पर कहते है की सैया भए कोतवाल अब डर काहे का..। इतना ही नहीं नेताओं का सर पर हाथ और स्थानीय प्रशासन का साथ जब मिले तो यह बात भले ही सुनने में अच्छा ना लगे पर यही सच है। बताया जाता है कि अवैध वाहन बालू गिट्टी के लिए प्रति वाहन मासिक वसूली होती है। इसके बदले इन माफिया की वाहन को अभयदान दिया जाता है। अवैध खनन का

● बालू और अवैध खनन माफिया डंके के चोट पर कहते है की सैया भए कोतवाल अब डर काहे का..



सीधा असर सरकारी राजस्व पर पड़ रहा है। कई जिले तो ऐसे हैं जहां 50 फीसद से काम वसूली हुई है। विभाग के अपर सचिव रवि परमार ने बांका, भागलपुर, जमुई, मुंगेर, किशनगंज और लखीसराय के खनन अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी थी। इतना ही नहीं अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए विभाग द्वारा सख्त रवैया अपनाया जा रहा है, जिससे कि सरकारी राजस्व को क्षति होने से बचाया जा सके। इसके बावजूद भी कुछ ऐसे ही इलाके हैं, जहां पर चोरी छुपे अवैध खनन किया जा रहा है, जिसमें सुखानी थाना क्षेत्र सुरीभिट्टा, चेंगा, सखुआडाली, जमना, साबोडांगी, बारहपोठिया भी शामिल है। यहां से अवैध खनन कर बालू माफिया सरकारी राजस्व में लाखों करोड़ों का चूना लगा रहे हैं। खनन कार्यालय में जिला खनन पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि जो भी लोग अवैध खनन कर रहे है उन सभी पर कार्रवाई होगी और अभी लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा। इस प्रकार के बयान चुनावी नेताओ जैसा लगता है। शराब बंदी के बावजूद शराब घर तक पहुंच रही है। उसी प्रकार बालू गिट्टी का खेल जारी है। मुख्यमंत्री सख्त कदम उठाने का दिया निर्देश हैं। बिहार की सबसे बड़ी समस्या पर सरकार सख्त हो गई है। बिहार सरकार ने सभी जिलों के अधिकारियों को आदेश जारी किया है कि रोज जांच की जाए और हर शाम मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जाए।

# पांचवें चरण के चुनाव में राज्य में केंद्रीय बलों की संख्या बढ़ने वाली है

संवाददाता

**कोलकाता।** पांचवें चरण के चुनाव में राज्य में केंद्रीय बलों की संख्या बढ़ने वाली है। देश में पांचवें चरण का चुनाव 20 मई को है। राज्य की सात सीटों पर चुनाव होंगे। सात लोकसभाओं में केंद्रीय बलों की 750 कंपनियां होंगी। ऐसा चुनाव आयोग ने कहा है।
20 मई को श्रीरामपुर, हुगली, हावड़ा, आरामबाग, उलुबेरिया, बराकपुर, बनगाव निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव होंगे। चुनाव आयोग (राष्ट्रीय चुनाव आयोग) के सूत्रों के मुताबिक इन सातों लोकसभाओं में केंद्रीय बलों की 574 कंपनियां इंट्रा स्टेट मूवमेंट में तैनात की जाएंगी।



इनमें सीआरपीएफ जवानों की 143 कंपनियां शामिल हैं। बीएसएफ की 288 कंपनियां होंगी। सूची में सीआईएसएफ जवानों की 31 कंपनियां शामिल हैं। इसमें आईटीबीपी जवानों की 56 कंपनियां होंगी। एसएसबी जवानों की 51 कंपनियां तैनात की जाएंगी। 14 कंपनी आरपीएफ का उपयोग किया जाएगा। बाकी 166 कंपनियां राज्य के बाहर से लायी जायेंगी। इनमें सीआरपीएफ जवानों की 31 कंपनियां शामिल हैं। बीएसएफ जवानों की 41 कंपनियां होंगी। सीआईएसएफ की 57 कंपनियां होंगी। इसमें आईटीबीपी जवानों की 9 कंपनियां होंगी। दूसरे राज्यों से 16 कंपनियों के एसएसबी जवान आएंगे। पांचवें चरण में आरपीएफ जवानों की 12 कंपनियां बाहर से आएंगी। आयोग के सूत्रों के मुताबिक, तेलंगाना चुनाव खत्म होने के बाद 16 तारीख को 100 कंपनी फोर्स राज्य में आएगी। इस बीच 7 तारीख को तीसरे दौर का मतदान है।

## एक नजर

### डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया



**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निदेर्शानुसार डाक मतपत्र द्वारा मतदान करने का प्रशिक्षण कोषांग के पदाधिकारी और कर्मियों को दिया गया। वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अगुवाई में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने का प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने को लेकर जारी दिशा-निदेर्शों के संबंध में बताया गया। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सभी प्रक्रियाओं को विस्तार से बताया गया। इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सामान्य शाखा प्रभारी बना उस्मानी व अन्य मौजूद रहे।

### बीएलओ ने मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**कोडरमा।** कोडरमा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग कोडरमा के द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर 20 मई 2024 को मताधिकार का प्रयोग कर मतदान कर लोकतंत्र के महा पर्व में सहभागी बनाने की अपील किया गया। साथ ही स्वयं सहायता समूह के दीदियों के द्वारा रंगोली बनाकर 20 मई 2024 को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया गया।

### लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की कामकाजी बैठक सम्पन्न

**कोडरमा ।** कोडरमा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिती की कामकाजी बैठक तुलसी विवाह भवन बड़ा तालाब गिरिडीह में सम्पन्न हुई। इस दौरान आगामी चुनाव हेतु तय तैयारियों, कार्ययोजना व विभिन्न रणनीतियों सहित अन्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी,लोकसभा प्रभारी विकाश प्रीतम, विधायक केदार हाजरा,विधायक अमित यादव, विधायक नीरा यादव,लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह,पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो,पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार,सह संयोजक प्रणव वर्मा,गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे,कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी,कोडरमा प्रभारी भैया अभिमन्यु, गिरिडीह जिला प्रभारी रोहित सिंह,जीप अध्यक्ष मुनिया देवी, लक्ष्मण सिंह,अरुण हाजरा, सहित विधानसभा संयोजकगण,लोकसभा कोर कमिटी एवं चुनाव प्रबंधन समिती के पदाधिकारीगण मौजूद रहें।

### सांसद ने शोकाकुल परिवार से मिलकर जाना कुशलक्षेम

**जमशेदपुर ।** उलीडीह मंडल से भाजपा के दो बार मंडल अध्यक्ष सह पूर्व जिला महामंत्री गंगा साहू की धर्मपत्नी का विगत दिनों स्वर्गवास हो गया था। वहीं अपने संसदीय कार्य में व्यस्त होने के कारण लोकसभा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो उनसे मुलाकात नहीं कर पाए थे। जिसके तहत शनिवार उन्होंने घर पर मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। मौके पर भाजपा नेता नीरज सिंह, उलीडीह मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान, महामंत्री राकेश सिंह लोधी, जीतू गुप्ता, मोतीलाल बिरुआ, संध्या नंदी, रेनू सिन्हा समेत अन्य भी मौजूद थे।

### मानगो में लोकसभा प्रत्याशी को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित



**जमशेदपुर ।** लोकसभा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने शनिवार भाजपा मानगो मंडल के उपाध्यक्ष पारस नगर निवासी सुनील कुमार सिंह से घर पर मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा। बताते चलें कि बीते दिनों उनके पिता स्व. देव कुमार सिंह निधन पर हो गया था। इस अवसर पर कार्यकताओं ने उन्हें भगवा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। मौके पर भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, भाजपा मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, किशन महाराज, अशोक सिंह चौहान, डॉ अनिल सिंह, संतोष चौहान, कल्लू सिंह, विनय कुमार, मनोज ओझा, ननकू ओझा, रविंद्र सिंह, संध्या नंदी, रेनू सिंह समेत अन्य भी मौजूद थे।

# समाज सेवा के क्षेत्र में सुरेश झांझरी को सम्मानित किया गया



संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** शहर के मुख्य व्यवसाई समाजसेवी राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता सुरेश झाझरी को रांची मे आयोजित एक कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए झारखंड रत्न के सम्मान से सुशोभित किया गया जैन समाज झुमरीतिलैया ने सुरेश झाझरी के इस उपलब्धि पर अपार हर्ष व्यक्त किया और कहा कि आप अपने विशिष्ट कार्यों के कारण इस सम्मान के हकदार है समाज के मंत्री एवं पदाधिकारी ने उन्हें साफा एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया सह मंत्री राज छाबड़ा ने कहा कि सुरेश झाझरी झुमरीतिलैया ही नहीं पूरे भारतवर्ष में जैन समाज की आन-बान और शान है भारतवर्ष के कई प्रदेश में उनको धर्म क्षेत्र समाज सेवा क्षेत्र के कार्यों के लिए कई सामाजिक संस्था और धर्म गुरुओं के द्वारा सम्मानित किया गया है आप हमेशा समाज सेवा जरूरतमंदों की सेवा एवं धर्मनिष्ठ कार्य में समर्पित रहते हैं जैसा कि मालूम हो रांची में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिने जगत की अभिनेत्री काम्या पंजाबी एवं विशिष्ट अतिथि क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया कई सामाजिक संस्था मे मुख्य पद से जुड़े सुरेश झाझंरी वर्तमान में इटखोरी भद्रकाली मंदिर के ट्रस्टी है इटखोरी में निर्माणरत भगवान शीतलनाथ कमल मंदिर के महामंत्री हैं उनकी देखरेख में विशाल मंदिर का निर्माण चल रहा है झारखंड सम्मेद शिखर पारसनाथ मंदिर कोठी के ट्रस्टी है झुमरीतिलैया में निर्माण रत भव्य जैन मंदिर के संयोजक है कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को रोकने के लिए होली फैमिली हॉस्पिटल झुमरीतिलैया में उन्होंने विशेष आर्थिक मदद देकर ₹झाझंरी कीमोथेरेपी ब्लॉक₹ का निर्माण कराया और हमेशा भारतीय संस्कृति और धर्म कार्य को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं एक सफल व्यवसाई के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में स्नातक में गोल्ड मेडलिस्ट रांची यूनिवर्सिटी में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले समाजसेवी सुरेश झाझंरी कई जरूरतमंद मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति देकर राष्ट्र निर्माण में भी अपना योगदान दे रहे हैं समाज सेवी जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुशील छाबड़ा ने कहा कि सुरेश झाझंरी समाज के बीच एक आदर्श है प्रेरणा स्रोत है मानवता की सच्ची सेवा कर रहे हैं उनको झारखंड रत्न मिलना जैन समाज के लिए गर्व की बात है।

## स्क्रूटनी में 23 प्रत्याशियों का नामांकन वैध, आठ के नामांकन पत्र रद्द




संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल से 3 मई 2024 तक नाम निर्देशन की तिथि निर्धारित थी। जिसमें कुल 31 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया था। शनिवार को नाम निर्देशन पत्र की स्क्रूटनी हुई। जिसमें 23 प्रत्याशियों का नाम निर्देशन पत्र वैद्य पाया गया। वहीं 08 प्रत्याशियों का त्रुटिपूर्ण रहने के कारण नाम निर्देशन पत्र रद्द किया गया। नाम निर्देशन पत्र सीताराम सिंह, रूपेश उरांव, नब्बू भुइयां, अनुज कुमार, उमेश गंझु, राजेश कुमार सिंह, सुचित्रा सिन्हा, अशेष सिंह का रद्द हुआ है। ऐसे में अब अर्जुन दांगी (सीपीआई), काली चरण सिंह (भारतीय जनता पार्टी), दीपक कुमार गुप्ता (स्वतंत्र), डॉ. अभिषेक कुमार सिंह (निर्दलीय), केएन त्रिपाठी कांग्रेस, जय प्रकाश सिंह भोगता (निर्दलीय) व नागमणी (बहुजन समाज पार्टी) सहीत कुल 23 प्रत्याशी बचे हैं।

## जमशेदपुर संसदीय सीट से 9 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जमशेदपुर संसदीय सीट से नामांकन अंतिम चरण में है। साथ ही लोग लगातार नामांकन भी दाखिल कर रहे हैं। जिसके तहत शनिवार 9 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। जिसमें निर्दलीय प्रत्याशी सह पुराने कांग्रेसी नेता जीतेंद्र सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसी तरह भारत आदिवासी पार्टी की ओर से सुकुमार सोरेन, निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर साधुचरण पाल, पार्वती किस्कू, इंद्रदेव प्रसाद, ज्ञानसागर प्रसाद और जयराम दास के अलावा एसयूसीआइ कम्यूनिस्ट की ओर से सनका महतो और बहुजन महा पार्टी की ओर से शेख अखिरुद्दीन ने अपना नामांकन दाखिल किया है। जबकि इससे पूर्व भाजपा लोकसभा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो और झामुमो से लोकसभा प्रत्याशी समीर महंती ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

## पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में तीन आरोपी को किया गिरफ्तार



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों के विरुद्ध पुलिस लगातार अभियान चल रही है। इसी क्रम में बीते शुक्रवार गोविंदपुर थाना अंतर्गत सुंदरहातु पहाड़ी के पास ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने की गुप्त सूचना पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर छोटा गोविंदपुर पटेल नगर निवासी राहुल सिंह को गिरफ्तार किया। साथ ही उसके पास से पुलिस ने 25 पुड़िया ब्राउन शुगर भी बरामद किया। जिसका कुल वजन 1.33 ग्राम था। इसी तरह पुलिस ने चोरी के एक अन्य मामले में गोविंदपुर सुदरहातु थीम पार्क के पास रहने वाले आरोपी विवेक कुमार और संजय पात्रों को भी गिरफ्तार किया। साथ ही इनकी निशानदेही पर चोरी का तीन मोबाइल भी बरामद किया। फिलहाल पुलिस ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## घर के बाहर खड़े टेंपो को असामाजिक तत्वों ने किया आग के हवाले



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** परसुडीह थाना अंतर्गत कीताडीह निवासी जहांगीर खान के घर के बाहर खड़े टेंपो को देर रात्रि असमाजिक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया। वहीं जब तक उन्हें इसकी खबर मिलती तब तक टेंपो जलकर खाक हो चुका था। जिसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी संबंधित थाने को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर थाने में लिखित आवेदन देने को कहा। वहीं भुक्तभोगी जहांगीर ने बताया कि वे पड़ोसी की टेंपो भाड़े पर चलाते है। रोजाना की तरह शुक्रवार की रात्रि घर के बाहर टेंपो खड़ी कर अंदर सोने चले गए। वहीं देर रात्रि लगभग 2 बजे पड़ोसियों ने टेंपो में आग लगने की सूचना दी। उन्होंने कहा कि पेट्रोल छिड़ककर सिर्फ उनके टेंपो में ही आग लगाई गई है। जबकि आस-पास खड़े टेंपो में एक खरोंच तक नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले में बस्ती के कुछ लोगों पर उन्हें शक है और जो यह काम कर सकते है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



संवाददाता

**झुमरी तलैया ।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम योग क्रांति जोड़ी योगी सुषमा सुमन, योगी प्रदीप कुमार सुमन की अगुवाई में कार्यक्रम चलाया गया और इस कार्यक्रम का अध्यक्षता योगाचार्य सुषमा सुमन कर रही है। सुषमा सुमन ने बताया की कोडरमा लोकसभा में लगभग 500 गांव में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसमें सारे योग शिक्षक भी इस कार्यक्रम में लगेंगे और सुषमा सुमन ने बताया की योग क्रांति जोड़ी 300 गांव में और वह गांव को चयन करेगी जहां मतदान कम प्रतिशत में होती है वहां मतदान पूरा करना है । लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से अपील है कि मतदान अवश्य करें समाज और राष्ट्र को मजबूत आपके मतदान देने से ही होगी सभी बहनों को बताई की 20 मई को सबसे पहले मतदान केंद्र पर जाएं और मतदान करें उसके बाद जलपान करें भोजन बनाएं प्रदीप कुमार सुमन ने बताया की आदिवासी बनवासी और शहर वासी को विशेष जागृत करना पड़ेगा, उसके लिए विशेष मतदान अभियान चलाया जाएगा । आपका मतदान 5 साल के लिए एक मजबूत सरकार बनती है। मतदान नहीं करेंगे मजबूर सरकार बनेगा इसीलिए नारा दिया गया है ₹पहले मतदान उसके बाद जलपान₹ । इस कार्य को मजबूती देने के लिए पतंजलि परिवार के लगभग सैकड़ो योग शिक्षक निशुल्क सेवा करेंगे इस कार्य में सहयोग देने वाले योग शिक्षक उपेंद्र दुबे राजेंद्र सिंह, अनिल सिंह , संगीता देवी, रीना देवी, गोपाल शर्मा, पूनम बरनवाल ,ज्योति देवी, राजेंद्र बर्नवाल ,सुरेश सिंह, सीमा देवी, सुधारानी, विनय राणा, प्रदीप साव , सुभाष गुप्ता, विजय बर्नवाल, कैलाश लाल बर्नवाल ,दयानंद गुप्ता, सुनील राणा , मुकेश कुमार , अजीत बर्नवाल ,शंभू बर्नवाल, पुष्पा देवी, नमिता बर्नवाल ,सुरेश यादव , राजेंद्र यादव , कैलाश राणा, सविता बर्नवाल, कविता देवी, रामदेव राणा , सुदामा देवी , बिंदेश्वरी देवी, लक्ष्मी देवी , नूतन कुमारी, कृतिका आयरन ,सुधा देवी, सुमित्रा देवी, चिंता देवी, रेखा देवी, खुशबू कुमारी, विमला देवी ,प्रेमलता देवी, सुनीता देवी ,सुशीला देवी ,ललिता देवी , अनीता देवी, रेणु देवी, मंजू देवी, सभी लोग का सहयोग भरपूर मिल रही है।

## युवक ने नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म, हुई गर्भवती

**जमशेदपुर ।** ओलीडीह थाना अंतर्गत संकोसाई में 15 वर्षीय नबालिग के साथ दुष्कर्म कर गर्भवती करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पीड़ित नाबालिग का पड़ोसी हैं। वहीं मामले का खुलासा नाबालिग के गर्भवती होने पर हुआ। जिसके बाद परिजन उसका गर्भपात करवाने की फिराक में थे। मामले में परिजनों के बयान पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल और कोर्ट में बयान भी दर्ज कराया है। मामले में बताया जा रहा है कि पीड़ित नाबालिग का पड़ोसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच आरोपी ने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध भी बनाया। जिससे वह गर्भवती हो गई और फिर परिजनों को उसके गर्भवती होने की बात पता चली। अभी परिजन उसका गर्भपात कराने की सोच ही रहे थे ।

## पीठासीन पदाधिकारी व मतदान कर्मी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया



संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों को अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन पदाधिकारी व मतदान कर्मी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज निरीक्षण करने पहुंचीं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण जितना बेहतर होगा, मतदान प्रक्रिया का संचालन भी उसी अनुरूप और बेहतर तरीके से कर पायेंगे। मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को ईवीएम, वीवी पैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन पदाधिकारियों के कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। इस मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्री गिरिजा शंकर , सहायक प्रशिक्षण पदाधिकारी सन्नी दयाल शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

# महा हैशटैग अभियान को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग(रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार के निर्देशानुसार पूरे राज्य में 7 मई 2024 को शाम 6:00 बजे से 8:00 बजे तक के तहत महा हैशटैग अभियान चलाया जाना है। इसी क्रम में महा हैशटैग अभियान के रामगढ़ जिले में सफल आयोजन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा महा हैशटैग अभियान के तहत रामगढ़ जिले में आयोजित विभिन्न जिला स्तरीय कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से सभी को जानकारी दी गई वहीं उनके द्वारा अभियान के सफल आयोजन में जिला स्तरीय विभागों, बूथ अवेयरनेस समूहों, प्रज्ञा केन्द्रों, शिक्षकों, जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों, कृषि मित्रों, वोटर अवेयरनेस फोरम, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स सहित अन्य के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई वहीं उन्होंने अभियान के सफल आयोजन हेतु किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों की भी सभी को जानकारी दी। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को महा हैशटैग अभियान के आयोजन के महत्व के प्रति जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी को यह समझने की जरूरत है कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य क्या है। उन्होंने कहा कि हम सभी देखते हैं कि शहरी क्षेत्र के मतदाता विकास से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों की पूरी जानकारी होने के बावजूद मतदान के दिन मतदान करने नहीं जाते हैं वहीं उन्होंने इस बार के मतदान को सफल बनाने के लिए शहरी क्षेत्र के सभी मतदाताओं से स्वयं सामने आकर मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सफल बनाने के लिए यह बहुत जरूरी है कि प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। मौके पर उन्होंने जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा 20 मई 2024 को 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए होने वाले मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने हेतु उठाए गए कदमों की भी सभी को जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने प्रवासी मजदूरों के लिए जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा चिट्ठी आई है अभियान सहित मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी सभी को दी। उन्होंने कहा की अक्सर हम देखते हैं कि किसी भी बड़े अभियान को सफल बनाने के लिए हम एंबेसडर नामित करते हैं लेकिन इस बार के निर्वाचन में आप सभी स्वयं एंबेसडर हैं और एंबेसडर होने के नाते आप सभी का यह दायित्व है कि आप स्वयं भी मतदान करें एवं अन्य लोगों को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करें।

## एनटीटीएफ डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के दो छात्रों को 5.5 लाख के पैकेज पर किया लॉक



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडी टाटा टेक्निकल सेंटर में विभिन्न कंपनियों द्वारा कैंपस सलेक्शन किया गया। जिसमें फाइनल इयर के छह छात्रों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देते हुए विभिन्न कंपनियों में जगह बनाई। इस दौरान लिखित परीक्षा के साथ साथ तकनीकी क्षमता को भी परखा गया। जिसके बाद फाइनल सलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद हुआ। चयनित छात्रों में डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग से रिया कुमारी गुप्ता और दिशा महाकुड को बैंगलोर स्थित टेट्रा पैक कंपनी द्वारा 5.5 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया। साथ ही डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग से मिहिर कर को बैंगलोर स्थित आईटीसी कंपनी ने 3.47 लाख के पैकेज पर लॉक किया। जबकि प्रभाकर पांडा, कुशानंद और दीपक कुमार को तमिलनाडु कोयंबटूर स्थित क्राफ्ट्समैन ऑटोमेशन कंपनी द्वारा 3.75 लाख के पैकेज पर चुना गया। सभी चयनित छात्र फाइनल इयर के है। छात्रों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान की प्राचार्य एवं शिक्षकों को दिया है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रीता जॉन और उप प्राचार्य रमेश राय ने छात्रों की उपलब्धि पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कर जीवन के इस नए पथ पर अग्रसर होने पर सुनहरे भविष्य की कामना भी की। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरा संस्थान गौरवान्वित है। इसमें प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला ने सहयोग भी किया। इसी तरह दीपक सरकार, हिरेश, पंकज कुमार गुप्ता, हरीश कुमार और उप प्रबंधक प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

## एक नजर

### टक्कर मारने के बाद वैन पर पलटा ट्रक

**छिंदवाड़ा।** जिले के चौरई मार्ग पर सिहोरा के पास शुक्रवार देर रात सड़क हादसा हो गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि वैन में सवार सात लोग बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, वैन में सवार लोग छिंदवाड़ा राज टॉकीज क्षेत्र के बताए जा रहे हैं जो बलिमा कार्यक्रम में शामिल होने छिंदवाड़ा से खेरी जा रहे थे, तभी बालाघाट की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने वैन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक वैन पर पलट गया। इससे वैन में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य सात लोग बुरी तरह से घायल हो गए। वैन में कुल नौ लोग सवार थे।

### चौकी में टक्कर मारकर बस पलटी

**हरिद्वार।** आज तड़के दिल्ली की ओर से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस नारसन बॉर्डर पर बनी पुलिस चौकी को टक्कर मारकर पलट गई। इस घटना में चौकी में तैनात होमगार्ड समेत छह यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजकर उपचार करवाया। घटना सुबह करीब चार बजे की है। दिल्ली से हरिद्वार की ओर जा रही डबल स्टोरी प्राइवेट वाल्वो बस जैसे ही नारसन बॉर्डर के सभी पहुंची तो वह बॉर्डर पर बनी पुलिस चौकी चेक पोस्ट को टक्कर मारते हुए पलट गई, जिससे चौकी के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई।

### पहचान पत्र नहीं होने पर ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जानसन को वोट डालने से रोका गया

**लंदन।** पहचान पत्र नहीं लाने पर ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को देश के स्थानीय चुनावों में मतदान केंद्र से मतदान करने से रोक दिया गया जिसके कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। ब्रिटिश मीडिया की खबर के अनुसार बृहस्पतिवार को चुनाव के दौरान जॉनसन पहचान पत्र लाना भूल गये जिसके बाद दक्षिण ऑक्सफोर्डशायर में मतदान केंद्र के कर्मचारियों ने उनसे कहा कि वह पहचान पत्र के बिना मतदान नहीं कर सकते। जॉनसन 2019 से 2022 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे थे। जानकारी अनुसार जॉनसन ने हालांकि बाद में मतदान किया और उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी को वोट दिया।

### जंगल में पेड़ से लटके मिले लड़के-लड़की के शव

**सागर।** जिले के देवरी थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक लड़के और लड़की के शव पेड़ से लटके मिले हैं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर जिले के देवरी थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव के पास जंगल में एक लड़के और एक लड़की के शव पेड़ पर फंदे से लटके मिले हैं। शनिवार सुबह जब ग्रामीणों ने शवों को देखा, तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची देवरी पुलिस और एफएसएल टीम ने जांच शुरू कर दी है। युवक की उम्र 18 तो युवती की 16 से 18 के बीच है।

### लाखों की नकदी और स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार।** एएनटीएफ हरिद्वार और थाना श्यामपुर की संयुक्त पुलिस टीम ने ग्राम कांगडी से एक व्यक्ति को लाखों की नकदी और स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। एएनटीएफ हरिद्वार और थाना श्यामपुर की संयुक्त पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक तस्कर शिवा उर्फ लड्डू को स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से तलाशी लेने पर 29 ग्राम स्मैक और 5 लाख 96 हजार 50 रुपये नकदी बरामद हुई। तस्कर के कब्जे से बरामद रकम भी स्मैक की खरीद फरोख्त से कमाई गई थी। थाना श्यामपुर में आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

### महाराष्ट्र में दो सड़क हादसों में तीन की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में हिंगोली और बुलढ़ाणा जिले में शनिवार को हुए दो सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 28 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हिंगोली थाने की पुलिस के अनुसार हिंगोली जिले के नरसी मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में अनिरुद्ध तानाजी वानखेड़े और अर्चना सुभाष वानखेड़े की मौके पर मौत हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायलों में तीन की हालत गंभीर होने के कारण उनको नांदेड़ के जिला अस्पताल में रेफर किया गया है। मामले की छानबीन हिंगोली पुलिस कर रही है। वहीं बुलढ़ाणा जिले में चिखली-महेकर के बीच रोडवेज बस नांद्री फाटा के पास एक निजी बस से टकरा गई। इस घटना में एक महिला यात्री की मौके पर मौत हो गई और 25 यात्री घायल हुए हैं। घायलों को महेकर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 10 मई तक पूर्ण कर लिए जाएंगे अधूरे कार्य : नीलिमा गर्ग

**देहरादून।** जल संस्थान की मुख्य महाप्रबंधक नीलिमा गर्ग ने शनिवार को कहा कि उत्तराखंड जल संस्थान चारधाम यात्रा को लेकर विशेष तैयारी कर रहा है। हेमकुंड मार्ग पर अभी भी कुछ कार्य बचे हुए हैं, जिनको कि 10 मई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि चारधाम यात्रा नजदीक आते ही शासन और प्रशासन अपनी तैयारीयों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। ऐसे में जल संस्थान भी चारधाम यात्रा मार्गों में पानी की समुचित व्यवस्था को लेकर अलर्ट मोड में है।

# बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है वनाग्नि: धामी

- वनाग्नि, चारधाम यात्रा, पेयजल व विद्युत आपूर्ति को लेकर चर्चा सुविधाओं पर जोर
- नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर दिए निर्देश



**देहरादून। एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से प्रदेश में वनाग्नि, पेयजल समस्या, आगामी चारधाम यात्रा, विद्युत आपूर्ति आदि महत्वपूर्ण विषयों पर राज्य शासन के आलाधिकारियों और सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग से बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश में वनाग्नि को लेकर कहा कि हमारे सामने वनाग्नि बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। उन्होंने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को निर्देशित किया कि इस मामले में ऊपर से नीचे तक अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। मुख्यालय स्तर पर तैनात सभी अधिकारियों को प्रभागों की जिम्मेदारी बांटी जाए और इन सभी से नियमित रिपोर्ट ली जाए। वनाग्नि रोकने में जिलाधिकारी भी वन विभाग का पूर्ण सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो फायर वॉचर्स फील्ड में कार्यरत हैं, उनकी भी सुरक्षा के उपाय किए जाएं। इसके लिए उनके के लिए बीमा आदि विकल्पों पर विचार किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि डीएफओ और उनसे उच्च स्तर के अधिकारी मौके पर जरूर जाएं। कार्यालय में बैठकर आग पर काबू नहीं पाया जा सकता। इसके लिए जो भी कड़ी कार्रवाई की जानी है, वह की जाए। जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे परिस्थितियों के हिसाब से निर्णय लें।

उन्होंने कहा कि चारधाम की हर सूचना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि यात्रियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा कि यात्रा मार्गों पर सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की रोटेशन में तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा शिकायतें हेली सेवा को लेकर आती है, इस पर अधिक सख्ती करने की जरूरत है।

डीआईजी लॉ एंड आर्डर को ट्रैफिक प्रबंधन की जिम्मेदारी, एसपी देहात नोडल अधिकारी- डीजीपी अभिनव कुमार ने बताया कि डीआईजी लॉ एंड आर्डर को ट्रैफिक प्रबंधन के लिहाज से भी जिम्मेदारी दी गई है। लक्ष्मण झूला, मुनि की रेती, शिवपुरी वाले मार्ग पर लगने वाले जाम के मद्देनजर देहरादून के एसपी देहात को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एडिशनल एसपी कोटद्वार व सीओ नरेंद्र नगर उनका सहयोग करेंगे।

**प्रदेश के 317 गांव और 148 मोहल्ले चिन्हित, जहां पहुंचाए जाएगा पीने का पानी**

बैठक में पेयजल सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी ने बताया कि राज्य में कुल 317 गांव व शहरी क्षेत्रों में 148 मोहल्ले चिन्हित किए गए हैं, जहां पेयजल की समस्या है। इन क्षेत्रों में तमाम विकल्पों के जरिए पेयजल पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही एक अप्रैल से 30 जून तक समस्त जिलों में कमर्शियल कंस्ट्रक्शन के लिए कनेक्शन देने पर रोक लगाने के साथ समस्त डीएम को निर्देशित किया है कि वे वर्कशॉप्स में वाहनों का ड्राई वाश कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण भी चुनौती है। समस्त सरकारी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व सौर ऊर्जा के इंतजाम किए जाएं। पेयजल के लिहाज से चुनौती आना शेष है, इसलिए अभी से तैयारियों को पुख्ता बनाएं।

### चारधाम यात्रा चुनौती है और परीक्षा भी, सेवा-भाव रखें सुरक्षाकर्मी-

मुख्यमंत्री धामी ने चारधाम यात्रा तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा हमारे लिए चुनौती है और परीक्षा की घड़ी भी। उन्होंने डीजीपी को निर्देशित किया कि मंदिर परिसरों में तैनात सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार करें और उनकी मदद के लिए तत्काल आगे आएं। जो भी श्रद्धालु यहां से जाए वह अपने साथ एक अच्छा संदेश लेकर जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के शुरूआती 15 दिन चुनौतीपूर्ण हैं। इसके लिए आवश्यक निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इन 15 दिनों में वीआईपी का मूवमेंट कम से कम हो।

### वनाग्नि के मामले में एक सप्ताह में सकारात्मक परिणाम नजर आएंगे

मुख्य सचिव रतूड़ी ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वनाग्नि के मामले में एक सप्ताह में सकारात्मक परिणाम नजर आएंगे। नवनियुक्त हॉफ ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अब तक वनाग्नि के प्रकरणों में कुल 350 केस दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 60 नामजद मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जहां कहीं से भी घटना की सूचना मिल रही है वहां तत्काल टीम भेजकर एक से छह घंटों में आग पर काबू पा लिया जा रहा है। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया कि पिरूल को लेकर एनटीपीसी के साथ राज्य सरकार का करार हो चुका है।

# कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी: शाह

- केन्द्र में जब तक भाजपा सरकार है
- आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता



**छोटाउदेपुर। एजेंसी**

केन्द्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को छोटाउदेपुर जिले के बोडेली में आयोजित चुनावी सभा में आरक्षण और संविधान को लेकर कांग्रेस की ओर से किए जा रहे दावों को झूठा करार देते हुए कहा कि केन्द्र में जब तक भाजपा सरकार है, आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी है। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने आदिवासी विकास के लिए केन्द्र सरकार की ओर से किए गए कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों के अंदर करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में प्रकाश फैलाया है। बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि आदिवासियों की जितनी आबादी है, उन्हें बजट में उसी के अनुपात में हिस्सेदारी देना चाहिए। भारत का संविधान लागू होने के बाद सबसे पहले नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के बजट का 14 फीसदी आदिवासी जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नंबर की आदिवासी विरोधी पार्टी है। इनके जमाने में आदिवासी मंत्रालय भी नहीं था। अटल बिहारी की सरकार ने पहली बार 1999 में अलग आदिवासी विभाग का मंत्रालय बनाया।

कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति पर प्रहार करते हुए अमित शाह ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी तो उन्होंने 5 फीसदी आरक्षण मुसलमानों को दे दिया। इसका अर्थ हुआ कि ओबीसी समाज का 5 फीसदी आरक्षण छीन लिया गया। उन्होंने कहा कि यह उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात है कि आरक्षण तो कांग्रेस छीन रही है और नाम भाजपा का दे रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की बात का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि वे कहते हैं कि गुजरात और राजस्थान की जनता को कश्मीर से क्या लेना-देना है। शाह ने कहा कि गुजरात का एक-एक व्यक्ति कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। शाह ने कहा कि राहुल गांधी संसद में अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध करते थे और कहते थे कि इसे हटाने पर देश में खून की नदिया बह जाएंगी। शाह ने कहा कि यह कानून हट भी गया, इसके बावजून खून की नदियों की बात तो दूर किसी ने एक पत्थर भी फेंकने की हिम्मत नहीं की, यह भाजपा की ताकत है।

शाह ने कहा कि कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही है, अमेठी छोड़ कर वे रायबरेली गए हैं। दरअसल प्रॉब्लम सीट में नहीं है, बल्कि उनमें है। रायबरेली से राहुल प्रचंड बहुमत से हारेंगे, चाहे वे जहां भाग लें, जनता उन्हें खोज रही है। इससे पूर्व गृह मंत्री ने जयश्री राम के साथ सभा की शुरूआत की। भगवान स्वामीनारायण और हाफेश्वरबाबा को प्रणाम किया। उन्होंने छोटाउदेपुर से भाजपा उम्मीदवार जशुभाई राठवा को जिताने की अपील की।

# किसानों के लिए बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर होगा : खड़गे

- फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जाएगा



**दिल्ली। एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी को देश के किसानों की खुशहाली के लिए समर्पित बताया और कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर फसल बीमा की राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जाएगी। खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि किसानों के लिए बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर होगा। कांग्रेस गारंटी देती है कि फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जाएगा।

किसान से बीमा राशि के अनुसार प्रीमियम लिया जाएगा और सभी दावों का निपटान 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। केंद्र सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पीएम फसल बीमा योजना को प्राइवेट बीमा कंपनी मुनाफा योजना बना दिया और 2016 से अब तक 57,619.32 करोड़ रुपये मुनाफा चंद मुट्ठीभर बीमा कंपनियों को कमवाया। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार, उदाहरण के तौर पर, रबी 2022-23 के दौरान करीब 6 करोड़ पंजीकृत किसानों में से केवल 7.8 लाख किसानों के दावों का भुगतान किया गया। जो शर्मनाक है। कांग्रेस पार्टी अन्नदाता किसानों की खुशहाली के लिए समर्पित है। किसान न्याय से हम उनका जीवन सुधारेंगे।

# राहुल गांधी वायनाड और रायबरेली दोनों जगह से हारेंगे : गौरव भाटिया



**लखनऊ। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि शहजादे डरकर भाग रहे हैं। ₹कल राहुल गांधी नामांकन करते समय थर-थर कांप रहे थे। मम्मी-मम्मी कर रहे थे। राहुल गांधी वायनाड और रायबरेली से भी हारेंगे। वह शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी रायबरेली व वायनाड दोनों हारेंगे। भाजपा उत्तर प्रदेश की 80 में 80 लोकसभा सीटें जीतेगी। अमेठी जीतने की राहुल की हिम्मत नहीं थी। राहुल अपरिपक्व पार्ट टाइम बालक हैं। उन्होंने कहा इस लोकसभा चुनाव में विपक्ष उत्तर प्रदेश में शून्य सीटों पर सीमित हो जाएगा। पहले लोग कहते थे कि धारा 370 हटा कर दिखाओ, हटा दिया अब लोग कहते हैं कि धारा 370 क्यों हटा दिया। लोग कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे। हमने तारीख भी बताई और मंदिर भी वहीं बनाया लेकिन लोग आ नहीं पाए।

भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि स्मृति ईरानी के सामने पार्ट टाइम बालक क्या लड़ते। इसलिए वह अमेठी छोड़कर भाग गये और सेफ सीट की तलाश में रायबरेली पहुंच गये लेकिन जनता ने मन बना लिया है कि एक बार फिर से देश में मोदी सरकार बनेगी।

# पोर्न स्टार से जुड़े मामले में ट्रंप की पूर्व करीबी सलाहकार बनीं गवाह



**न्यूयॉर्क। एजेंसी**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पोर्न स्टार को मुंह बंद करने के लिए किए धन भुगतान में करारा झटका लग सकता है। ताजा घटनाक्रम में इस मुकदमे में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सलाहकार रहीं होप हिक्स ने गवाह के तौर पर पेश हुई जहां अभियोजकों द्वारा उनसे सवाल पूछा जा सकता है। ज्ञात रहे कि 2016 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने एक मामले में मुंह बंद रखने के लिए पोर्न स्टार गुप्त तरीके से धन भुगतान करने का आरोप है। व्हाइट हाउस संचार निदेशक के रूप में कार्य कर चुकीं हिक्स इस मामले में गवाही देने वाली ट्रंप की पहली करीबी सलाहकार हैं। ट्रंप द्वारा राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का मामला 2016 का है। उस समय ट्रंप के पोर्न स्टार के साथ संबंध होने की बातें सामने आई थीं और आरोप है कि उन्होंने इसे छिपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था।

हिक्स ने ट्रंप के 2016 के प्रचार अभियान प्रेस सचिव के रूप में कार्य किया और उनके प्रशासन में शामिल होने वाले शुरूआती अभियान कर्मचारियों में से एक थीं। अभियोजकों का कहना है कि 2016 के चुनाव से कुछ हफ्ते पहले 'एक्सेस हॉलीवुड' टेप लीक होने के बाद हिक्स ने उनके वैवाहिक बेवफाई के आरोपों को प्रेस से दूर रखने के एक प्रयास के दौरान ट्रंप से फोन पर बात की थी।

### स्वीमिंग पूल में डूबने से चार साल के बच्चे की मौत

भोपाल। राजधानी भोपाल के कोहेफिज़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वागत गार्डन परिसर के स्वीमिंग पूल में शुक्रवार की रात मौसेरे भाई-बहन डूब गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चार साल के बच्चे की मौत हो गई, जबकि पांच साल की बच्ची का इलाज चल रहा है। दोनों बरात में शामिल होने के लिए उज्जैन से भोपाल आए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, बच्ची को गंभीर हालत में वेंटीलेटर पर रखा गया है। पुलिस के मुताबिक उज्जैन निवासी चार वर्षीय कामिल और शाजापुर निवासी पांच वर्षीय बेबी लीजा आपस में मौसेरे भाई-बहन हैं। दोनों उज्जैन से भोपाल आई एक बरात में शामिल होने के लिए परिजनों के साथ आए थे। इस बारात का जनवासा लालघाटी स्थित स्वागत गार्डन में रखा था, जबकि रिसेप्शन का कार्यक्रम गुलशन गार्डन में था। करीब साढ़े आठ बजे पूरी बारात तैयार होकर जनवासे से गुलशन गार्डन के लिए रवाना हुई। कुछ देर बाद परिजनों की नजर पड़ी तो दोनों बच्चे दिखाई नहीं दिए।

# मोदी के नेतृत्व के साथ आगे बढ़ना आज की जरूरत: योगी

- यूपी 80 लोकसभा सीटों यानी 80 मनकों की माला मोदी के गले में डालने को तैयार है, एमपी में सभी 29 सीट पर कमल खिलने वाला है



**अशोकनगर। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मध्य प्रदेश के अशोकनगर में गुना लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व के साथ आगे बढ़ना आज की जरूरत है। यूपी 80 लोकसभा सीटों यानी 80 मनकों की माला मोदी के गले में डालने को तैयार है। एमपी में सभी 29 सीट पर कमल खिलने वाला है। खजुराहो देख लिया और इंदौर से इसकी शुरूआत हो चुकी है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में रामलला फिर से प्रतिष्ठित हुए और 500 वर्षों का इंतजार खत्म हुआ। जब लोगों से पूछा जाता है कि मोदी सरकार क्यों चाहिए तो उनका कहना होता है कि इससे विकास के साथ-साथ बाकी सब भी पूरा होगा। उन्होंने कहा कि कल फिर प्रधानमंत्री मोदी रामलला के दर्शन करने अयोध्या धाम पहुंच रहे हैं।

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के इतिहास को लेकर गुना का हर व्यक्ति भी गौरवान्वित होगा। राम जन्मभूमि आंदोलन को भाजपा और अन्य संगठन सभी मिलकर सहयोग करें, तब एक स्वर था जो मुखर रूप से कह रहा था कि इसका नेतृत्व हमें लेना चाहिए, क्योंकि यह हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है, यह स्वर था राजमाता विजयाराजे सिंधिया का, योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार को जब मौका मिला, रामलला का मंदिर भी बना और वहां के माफिया भी रामनाम सत्य की यात्रा पर चले गए। दोनों काम भाजपा की सरकार ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब क्रूर था। आज भी कोई अपने बच्चे का नाम औरंगजेब नहीं रखता। औरंगजेब ने जजिया कर लगाया था।

आज कांग्रेस भी इस जजिया कर की बात करती है। कांग्रेस ने जिस विरासत टैक्स की बात कही वो यही है। राहुल गांधी ने कहा है कि हम सर्वे करा देंगे। सर्वे कराकर आपकी आधी संपत्ति ले लेंगे और कहेंगे कि ये हमारी है। कांग्रेस जजिया कर लगाना चाहती है। कोई स्वीकार करेगा क्या? वे कह रहे हैं कि ओबीसी और अजा के आरक्षण में सेंध लगाने का काम होगा। उन्होंने कर्नाटक में इसमें सेंध लगाई है। सभा में पार्टी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि केंद्र में हमारे मोदी कर्मयोगी हैं और यूपी में योगी हैं। दोनों मिलकर विकास कर रहे हैं। आज तक ऐसा समय नहीं आया जब संकट आया हो और आपके साथ सिंधिया परिवार खड़ा न रहा हो।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो किसानों का होगा कर्ज माफ : अखिलेश



**बदायूं। एजेंसी**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को बदायूं लोकसभा से सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के लिए वोट की अपील करने बदायूं पहुंचे। सहसवान विधानसभा के नाधा बाजार में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। मंच से किसानों की आय दोगुनी करने, एमएसपी लागू करने और कर्ज माफ करने का एलान सपा अध्यक्ष ने किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसनों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। किसान लागत लगाने और मेहनत करने के बाद भी खुशहाल नहीं हो पा रहा है। भाजपा सरकार ने आय दोगुनी करने के बजाय किसानों पर तीन काले कानून ठोकने चाहे जो किसानों के आंदोलन के वजह से वापस लेने पड़े। किसनों की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। सरकार ने किसानों का कर्ज भी माफ नहीं किया है। इंडिया गठबंधन और सपा की सरकार बनी तो किसानों का सभी कर्ज माफ किया जाएगा और किसानों को एमएसपी का कानून अधिकार दिलावर किसान को कुशल बनाने का काम किया जाएगा। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने कोई वर्ग नहीं छोड़ा जिसे झूठी बातें ना की हों। पिछले 10 सालों की सभी बातें झूठी निकली। इसलिए जनता अब इनका तीसरे चरण में सफाया करने जा रही है। मंच से अखिलेश ने कहा कि मैं देखता हूं कुछ नौजवान अहीर रेजिमेंट की तख्ती ऊपर कर देते हैं।

# धंधेबाजों को सिर्फ भाजपा ही टिकट दे सकती है : जेपी पटेल



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल लगातार पंचायतों और प्रखंडों का दौरा कर जनसंपर्क करने में लगे हुए हैं। इस क्रम में शनिवार को उन्होंने टाटीझरिया प्रखंड का दौरा किया। दर्जन से अधिक पंचायतों का भ्रमण कर कांग्रेस के पक्ष में हाथ छाप पर वोट डालने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों ने भी उन्हें गले लगा और सर पर हाथ फेर समर्थन दिया और कांग्रेस को भारी मतों से जिताने का भरोसा दिलाया। सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का जगह-जगह कार्यकताओं एवं ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया जा रहा था। कांग्रेस, झामुमो, आप और लेफ्ट पार्टी के सैंकड़ो कार्यकर्ता उनके साथ चल रहे थे। जेपी भाई पटेल का जोश दोपहर की भारी गर्मी में भी कम नहीं हुआ। इसके इतर गाँव वालों उनसे अधिक जोश दिखाई दिया। वह जहाँ कहीं भी गए, बड़े गर्मजोशी के स्वागत कर स्नेहपूर्ण उन्हें सुना गया।

**धंधेबाजों पर है खतरे की घंटी, विकसित होगा देश यह है कांग्रेस की गारंटी : जेप्पी भाई पटेल**

जनसंपर्क के दौरान जेपी भाई पटेल ने कांग्रेस के न्यायपत्र से लोगों को रूबरू करवाते हुए कहा कि,

> **सभी व्यवसाय में वो खुद को ऊपर देखना चाहते हैं पैसे के बल पर उन्होंने टिकट भी खरीदने का काम किया है**

कांग्रेस देश के हर वर्ग को ध्यान में रख कर विकास कार्य करने में विशवास रखती है। शराब, बालू, कोयला का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी व्यवसाय में वो खुद को ऊपर देखना चाहते हैं। कहा पैसे के बल पर उन्होंने टिकट भी खरीदने का काम किया है। उनकी शराब की कंपनी के नाम से चार करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बांड के माध्यम से भाजपा को दिया गया है जिसके बाद भाजपा ने उन्हें टिकट दे दिया। जनसंपर्क के दौरान उपस्थित लोगों के नाम सुरेंद्र प्रसाद यादव ,शिबू प्रसाद सोनी, बोधी महतो, अरुण कुमार रजक, शंकर राय, योधि प्रसाद यादव, अर्जुन राणा, अनिल कुमार राय, जय कुमार महतो, जलेसर महतो, मुबारक अंसारी, जगदीश यादव, लक्ष्मण यादव, सरफुद्दीन अंसारी, गौतम कुशवाहा आदि।

# श्रीनिवास मंगलम व बाबर कुरैशी के सहयोग से मिशन अस्पताल ने लगाया फ्री मेडिकल चेकअप कैंप



संवाददाता

**हजारीबाग।** संत कोलंबा मिशन हास्पीटल ने शुक्रवार को हजारीबाग शहर के चिश्तिया मोहल्ला अवस्थित स्व. अनवर कुरैशी के आवासीय परिसर में हजारीबाग कालेज आफ डेन्टल साइंस एंड हास्पीटल के सहयोग से फ्री मेडिकल चेकअप कैंप आयोजित किया। मेडिकल चेकअप कैंप के आयोजन को लेकर बाबर कुरैशी और आरिफ कुरैशी ने महत्ती भूमिका निभाई। मेडिकल चेकअप कैंप में तकरीबन 300 लोगों ने हेल्थ चेकअप कराया जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, आंखों का जांच सहित कई प्रकार के मेडिकल ट्रीटमेंट शामिल हैं। समाजसेवी बाबर कुरैशी व आरिफ कुरैशी ने कहा कि इस प्रकार के मेडिकल चेकअप कैंप और रक्तदान शिविर बराबर आयोजित किया जाता है। इस प्रकार के आयोजन से उन्हें काफी सुखद अहसास होता है। इस मौके पर समाजसेवी बाबर कुरैशी, आरिफ कुरैशी, मो. मुदस्सर, ऐनुल हक, मो. सलीम आदि ने मेडिकल चेकअप कैंप के आयोजन को लेकर विशेष रूप से सहयोग किया। इस मेडिकल टीम में डॉ सौम्या राज, डॉ आकाश, राज कुंवर दास, नेहा द्वेदी, लक्ष्मी कुमारी, सौरभ, गुंजन प्रिया, रेणु कुमारी, रिशभ कुमार सिंह, ऋषिकेश सिंह शामिल थे।

## एक नजर

### कांटाघर के समीप स्थित जंगल में लगी आग



**गिद्दी।** सीसीएल अरगड्डा बंद मांईस कांटा घर के समीप टोंगरी जंगली क्षेत्र में दोपहर 12 के बाद आग लगने के बाद धुआं उठने लगा। अगलगी के चपेट में आने से जंगल के सूखे पत्ते, पेड़ जलकर राख हो गए। जीव जंतुओं में अफरा तफरी का माहौल है। नईसराय-अरगड्डा जीएम ऑफिस मुख्य मार्ग व काजू बगान चपरी, कंजगी, बुमरी, चुंबा जाने वाले लोगों को धुआ फैलने से खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वन्य प्राणियों का जनजीवन प्रभावित हुआ है। खबर मिलने के बाद वन विभाग के कर्मियों द्वारा मशीन से आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया है।लेकिन आग तेजी से अरगड्डा बंद कांटा घर के पास से चपरी काजू बागान आदि क्षेत्रों में फैल चुका है। जिससे जंगली क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है।

### टोंगी डोकाबेडा में स्वीप कोषांग ने लगाया चौपाल

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड के स्वीप कोषांग के द्वारा बलसगरा पंचायत के बिरहोर टोला( बूथ न०64, 67) में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें एवीएम, वीवीपेट का प्रदर्शन के साथ - साथ बिरहोर मतदाताओं के बीच एवं महिला समूह के बीच मतदाता पर्ची का वितरण भी किया गया। साथ ही डोर टू डोर भ्रमण भी किया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव हरिहर प्रसाद, प्रमोद कुमार कश्यप, मो. सरफराज आलम, निशा कुमारी, पुष्पा कुमारी, अरुण कुमार यादव एवं संबंधित क्षेत्र के बीएलओ मौजूद थे।

### हेसला में इंडियन ऑयल ने बनाया पाइप यार्ड

**गिद्दी।** हेसला बायोजेनिटिक फैक्ट्री पुल के समीप इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा पाइप स्टॉक यार्ड का निर्माण किया गया है। बताया जाता है कि यहां करीब 200 ट्रेलर में लादकर लाए गये पाइपो को रखा जाएगा। जिससे आगामी दिनों में क्षेत्र में गैस कनेक्शन के लिए पाइप बिछाने का काम किया जाएगा। यह पाइप गुजरात से सड़क के रास्ते हेसला रामगढ़ इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के पाइप यार्ड में पहुंच रहा है। जिसे क्रेन के माध्यम से टेलर वाहनों को अनलोड किया जा रहा है।

### बरही विधायक ने पतरातू क्षेत्र के कांग्रेसियों के साथ की बैठक

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के आवासीय कार्यालय में कांग्रेस पार्टी से बरही विधानसभा के विधायक उमाशंकर अकेला ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित है` हम अब जीत की मार्जिन को अधिक से अधिक करने के लिए जी तोड मेहनत कर रहे हैं और इसी क्रम में आज पतरातू प्रखंड का दौरा कर गठबंधन के साथी दल राजद , झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित क्षेत्र के बुद्धिजीवियों सामाज सेवियो तथा विभिन्न यूनियन के नेता एवं कार्यकताओं से मुलाकात किया । बड़कागांव सहित पांचो विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी की ही लहर है और हम अपने संगठन एवं गठबंधन दलो के त नेता कार्यकताओं को के उत्साह को सलाम करते हैं और उन्हें चुनाव में अपने-अपने बुथो को मजबूती से बढत करने का संदेश देने आए हैं। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल , राजद के प्रदेश महासचिव गिरधारी गोप ,प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव,प्रदेश सचिव संजय यादव ,समाजसेवी रामेश्वर गोप सहित कांग्रेस से जयप्रकाश सिंह ननकी , डॉं के के शर्मा , अमर यादव , मो. नयुम , सीमा राय , कुलदीप यादव ,कमलेश कुमार , अशोक प्रसाद , रामयज्ञ सिह , मिथिलेश सिह , बाल्मिकी यादव ,गौरव कुमार , युवा नेता लोकेश आनंद ,दिनेश दास , मो. हबीब , तारिक राजा , परवेज आलम , नवीश कुमार ,सहित दर्जनों उपस्थित थे ।

### सीसीएल के नये सीएमडी एनके सिंह ने किया बरका सयाल प्रक्षेत्र का दौरा



**गद्दी।** सेंट्रल कोलफिल्ड लिमिटेड के नये सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह शनिवार को सीसीएल बरका-सयाल प्रक्षेत्र का दौरा किया। सीएमडी के बरका-सयाल महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे पर महाप्रबंधक अजय सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके साथ ही सीएमडी और महाप्रबंधक ने प्रक्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का जायजा लिया। सीएमडी निलेंदू कुमार सिंह उरीमारी परियोजना, बिरसा परियोजना, न्यू बिरसा परियोजना, नवनिर्मित सीएचपी साइलो, सयाल डी कोलियरी पहुंचे। जहां सीएमडी ने कोयला उत्पादन, संप्रेषण और सेफ्टी को लेकर परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली।

### वोटर अवेयरनेस को लेकर हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का दिया निर्देश




संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के निदेर्शानुसार सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी के द्वारा शानिवार को महर्षि परमहंस बी ए ड कॉलेज में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर उपस्थित सभी बच्चों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया गया इसके उपरांत आगामी 20 मई 2024 को अपने अपने आसपास के लोगों को मतान करने हेतु प्रेरित करने का अपील किया गया। मतदाता जागरूकता हेतु बनाए गए पोस्ट के माध्यम से वोट करेगा रामगढ़, 20 मई चुनाव का पर्व देश का गवथीम के तहत मतदाता मतदान करने के प्रति मतदाताओं को जागरूक किया गया। मौके पर विक्रम सोनी ने सभी विद्यार्थियों व मतदाताओं से आगामी 7 मई को आयोजित होने वाले आभियान के संबंध में जानकारी दी साथ ही सभी से आगामी 7 मई को संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित महा अभियान में हिस्सा लेने की अपील की वही उन्हकने सभी को अभियान के तहत अपने-अपने सोशल साइट पर मतदाता जागरूकता सेल्फी के साथ हैश टैग के साथ कंटेंट अपलोड करने की जककनकारी दी। मौके पर मुख्य रूप से पीपीआई फेलो श्वेता वर्मा, प्राचार्य डॉ जी आर चोरिया, शिक्षक नीलकमल सिंह, जय झा, चंचल कुमारी, डॉ पूनम सिंह, संजू उरांव, दिनेश बरमुंडा दिनेश बरमुंडा,जनसंपर्क कार्यालय से नीतीश कुमार पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

### 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अबतक 19 अभ्यर्थियो ंने नाम निर्देशन दाखिल किया

**हजारीबाग।** इन अभ्यथीर्यों के नामांकन को मिली स्वीकृति। 1. संजय कुमार मेहता। दलः (निर्दलीय) 2. अभ्यर्थी का नाम -- जय प्रकाश भाई पटेल। दलः (इंडियन नेशनल कांग्रेस) 3. अभ्यर्थी का नाम -- राजकुमार दलः (झारखंड पार्टी) 4. अभ्यर्थी का नाम -- श्याम बिहारी प्रजापति दल : (भागीदारी पार्टी 5. अभ्यर्थी का नाम -- कुंज बिहारी कुमार। दलः (लोकहित अधिकार पार्टी) 6. अभ्यर्थी का नाम -- मनीष कुमार जायसवाल। दलः (भारतीय जनता पार्टी) 7. अभ्यर्थी का नाम -- निशांत कुमार सिन्हा। दलः (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक) 8. अभ्यर्थी का नाम -- अनिरुद्ध कुमार। दलः (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया)।

### मामला राधा गोविंद में पांचवी क्लास के बच्चे की मौत का

# राधा गोविंद के प्रबंधक ने नियम को तोड़कर बच्चों को निकाला धूप में

- **धूप में बच्चों को दौड़ाया जा रहा था, जांच कमेटी की भी करेगी जांच**
- **जांच कमेटी दो दिनों में जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपेगी रिपोर्ट**



संवाददाता

**रामगढ़।** शुक्रवार को राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पांचवी क्लास के बच्चे अर्जुन कुमार की मौत के बाद प्रशासन गंभीर हो गया। सख्त डीसी चंदन कुमार के आदेश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने त्रि स्तरीय जांच कमेटी का गठन कर दिए और जांच कमेटी अपना काम स्कूल में जाकर शुरू कर दिए। राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह के पात्र को खुली चुनौती दे दी। प्रभारी सचिव के पत्र के बिंदु 3 में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि कक्षा 1 से 8 तक के सरकार द्वारा बंद किए गए सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय में प्रार्थना सभा खेलकूद एवं आउटडोर कार्यक्रम नहीं किए जाएंगे, उसे पर सरकार प्रतिबंध लगा दी। लेकिन राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी के प्रबंधक ने सरकार के आदेश पत्र को खुली चुनौती देते हुए शुक्रवार को धूप में बच्चों को ग्राउंड में निकाल दिया जो आउटडोर प्रतिबंध की खुली चुनौती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच कमेटी के सदस्य धूप में बच्चों को दौड़ाया गया यह वीडियो क्लिप में देखा जा रहा है। फोन पर बातचीत करने पर उनके पिता नेहरू गंजू ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरा बच्चा स्वस्थ था, समझ नहीं पा रहा हूं कि उसकी मौत कैसे हुई, उन्होंने यह भी कहा कि मैं स्कूल प्रबंधन को किसी भी तरह का कोई लिखित नहीं दिया, रामगढ़ के डीसी एवं प्रशासन पर मुझे विश्वास है, मेरे बच्चों के साथ न्याय किया जाएगा।बच्चों को बीमारी थी, इस बात से मृतक आर्यन के पिता नेहरू गंजू ने इनकार किया।

# जेएसपी पतरातू में कार्यरत पदाधिकारी की पुत्री बनी लेफ्टिनेंट डॉक्टर

**पिता के तौर पर मेरी पुत्री ने मुझे गर्व महसूस करने का दिया एक सुनहरा मौका : प्रशांत उपाध्याय**



संवाददाता

**पतरातू।** जेएसपी पतरातू में डेप्युटी मैनेजर के पद पर कार्यरत प्रशांत उपाध्याय की सुपुत्री वंशिका उपाध्याय का आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कंप्लीट करने और पासिंग आउट परेड के बाद तत्काल उनका जॉइनिंग लेफ्टिनेंट डॉक्टर के पद पर हुआ है। वंशिका के इस उपलब्धि पर पतरातू के जेएसपी ग्रुप में हर्ष का माहौल है एवं उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जेएसपी पतरातू में कार्यरत प्रशांत उपाध्याय की सुपुत्री वंशिका उपाध्याय ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर पूरे पतरातू जेएसपी परिवार को गौरवान्वित महसूस करने का एक सुअवसर प्रदान किया है। यह जेएसपी परिवार के लिए बहुत ही गौरव की बात है। वही प्रशांत उपाध्याय का मानना है कि मेरी पुत्री की इस उपलब्धि के पीछे उसकी कड़ी मेहनत और मेरी धर्मपत्नी का पूर्ण सहयोग तथा अपने काम के प्रति वंशिका का डेडीकेशन है। निश्चित तौर पर एक पिता के तौर पर अपनी पुत्री के इस उपलब्धि पर मैं बहुत गर्व महसूस कर रहा हूँ, और ऐसा हो भी क्यों ना आखिर एक पिता का सपना होता है कि उसके बच्चे अपने जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को उनके जीते जी प्राप्त कर लें। अब मुझे यह गर्व के साथ कहने में कोई संकोच नहीं महसूस हो रहा है कि मेरी पुत्री वंशिका ने मुझे समाज एवं रिश्तेदारों के बीच शान से सर ऊंचा करने का एक बेहतरीन मौका दिया है। मेरा शुरू से मानना है कि बेटे और बेटियों में किसी को कोई फर्क नहीं करना चाहिए। यदि आपके बच्चे किसी क्षेत्र में जाना चाहते हैं तो आप हमें उनके पसंद के कार्य क्षेत्र में भेजें और अपना पूर्ण सहयोग दें ताकि वे अपने जीवन में सफल हो सकें।

# मनीष जायसवाल रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेंगे: दीपक प्रकाश



संवाददाता

**हजारीबाग ।** देश मे नरेन्द्र मोदी की आंधी चल रही है और इस बार भारतीय जनता पार्टी पूरे देश मे 400 सीट जीतने जा रही है। हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेंगे, पूरे क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी और मनीष जायसवाल के द्वारा किये गये कार्य की सराहना हो रही है जिसके बदौलत भाजपा हजारीबाग में जीत की पिछला रिकॉर्ड को तोड़ते हुए बड़ी जीत दर्ज करेगी। यह सब बातें भाजपा से राज्यसभा सांसद सह पूर्व झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के दारु बक्शीडीह में एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। दीपक प्रकाश ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कोंग्रेस की नीति देश को तोड़ने की रही है जबकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित भारत बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे है। राज्यसभा सांसद दारु बक्शीडीह में लोगों से चुनाव को लेकर संवाद कर रहें थे। उन्होंने मौजूद सभी लोगों से मनीष जायसवाल के पक्ष मे जमकर मतदान करने का आग्रह भी किया। उक्त बैठक में विशेषरूप से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, दारू भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, श्वेता सिन्हा, मनोज गिरी, भैया संतोष कुमार सिन्हा, रंजीत सिन्हा, राजन सिन्हा, प्रदीप शर्मा, श्रीनिवास शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, सुनील शर्मा, रौशन सिन्हा, सुमन सिन्हा, राजी० शर्मा, भैया अखिलेश कुमार, भैया अजीत कुमार, भैया नितेश, भैया सुमित, राकेश कुमार सिन्हा, डब्लू शर्मा, मनोज शर्मा, भैया संजीव सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### भीषण गर्मी में लू की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**गोला(रामगढ़)।** गोला थाना क्षेत्र के हुप्पू पंचायत स्थित बयांग गाँव निवासी मटुक लाल महतो, पिता -अरजलाल महतो, उम्र 53 वर्ष की शुक्रवार को ईलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। इस संबंध में उनके परिजनों ने बताया कि प्रत्येक दिन की भाँति शुक्रवार को भी मटुक लाल महतो अपने घर से मवेशियों को पानी पिलाने के लिए टाँड़ की ओर ले गए थे। इस दौरान चिलचिलाती धूप की वजह से वे लू की चपेट में आ गए तथा वे गिरकर बेहोश हो गए। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी घर वालों को दी। तत्पश्चात घर वाले वहाँ पहुँचकर उसे इलाज के लिए गोला के एक निजी अस्पताल में ले गए जहाँ उसकी बिगड़ती हुई स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में ईलाज के दरम्यान उसकी मौत हो गई। मृत्यु के पश्चात घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

# झारखंड को बचाने की लड़ाई में साथ दीजिए : संजय मेहता



संवाददाता

**रामगढ़ ।** जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने हजारीबाग लोकसभा से अपना नामांकन पर्चा भरा है। शनिवार को स्क्रूटनी में संजय द्वारा भरे गए 4 सेट में सभी पत्र निर्वाचन कार्यालय हजारीबाग द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। स्थानीयता, विस्थापन, पुनर्वास सहित झारखंडी मुद्दों पर मुखरता से आवाज बुलंद करने वाले संजय इस चुनावी मैदान में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वो लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से मिल रहे हैं। शुक्रवार और शनिवार को उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड में दर्जनों गांव पंचायत का दौरा कर लोगों से आशीर्वाद लिया। संबोधित कर जनसमर्थन की अपील किया। क्षेत्रवासियों के लिए संजय का संघर्ष हजारीबाग सहित पूरे झारखंड में अलग संदेश दिया है। युवा, महिलाएं और आम जनमानस में उत्साह चरम पर है। प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने कहा है कि झारखंड की राजनीति में जो राजनीतिक परिपाटी चल रही है उसमें बदलाव जरूरी है। किसान, मजदूर और गरीब का बेटा - बेटी में नेतृत्व की बागडोर देने का वक्त आ गया है। इस बार जेबीकेएसएस के जितने भी साथी चुनावी मैदान में है। सबका साथ दीजिए। आशीर्वाद देकर संसद भवन भेजिए। तभी आपके हक और अधिकारों की बाद संसद भवन में गूंजेगी। स्थानीयता और झारखंडी मुद्दों की आवाज बुलंद होगी। संजय ने कहा है कि झारखंड को बचाने की इस लड़ाई में सबका सहयोग जरूरी है। संघर्ष करते हुए हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। इस बार जनता को जागरूक होकर मतदान करना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न० 8340571405, 9262578999